आठ हजार युवाओं को मिला जॉब ऑफर... 05

जौनपुर में बड़ा हादसा: हाईवे पर कार और ट्रक की... 10




# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 149

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

सोमवार | 11 मार्च, 2024




# पत्रकारिता पेशे को बदनाम करने की रची जा रही साजिश

### चल रहा विचार, कोर्ट में मानहानि का कर सकते हैं दावा

सूत्रों ने बताया कि सूचना विभाग कानूनी पहलू पर विचार कर रहा है। जरूरत पड़ने पर विभाग, अधिकारी और कर्मचारियों की छवि धूमिल करने के लिए न्यायिक प्रक्रिया के तहत संबंधित समाचार पत्र के खिलाफ मानहानि का दावा कर सकते हैं। ऐसा होने पर न सिर्फ उक्त समाचार पत्र के लिए सबक होगा बल्कि पत्रकारिता को उगाही का धंधा बनाने वाले और लोगों को ब्लैकमेल करने वाले अन्य अखबारों के लिए भी सबक होगा।

### सूचना विभाग से किसी विवाद की गुंजाइश ही नहीं

सूत्रों ने बताया कि जब सूचना विभाग में संबंधित समाचार पत्र का ब्योरा निकाला गया तो पता चला कि यह अखबार सूचना विभाग में सूचीबद्ध ही नहीं है और इसके पास डीएवीपी प्रमाण पत्र भी नहीं है। इसलिए विज्ञापन या किसी अन्य सिलसिले में विभाग के किसी भी कर्मचारी, अधिकारी से पहले किसी विवाद या कहासुनी की गुंजाइश ही नहीं है।

### लगता है ब्लैकमेलिंग के लिए लिखी जाती हैं खबरें

सूत्रों की मानें तो सूचनाकर्मियों ने यह कहा कि यह समाचार पत्र नियमित प्रकाशित ही नहीं होता। इससे ऐसा लगता है कि पत्रकारिता की आड़ में केवल डिजिटल एडिशन तैयार कर तथाकथित समाचार पत्र तमाम विभाग, अधिकारी, कारोबारी आदि को ब्लैकमेल करने के लिए ऊल-जलूल खबरें प्रकाशित करता है।

- ऐसे लोग कब किसका मानमर्दन कर दें, सोचना है मुश्किल
- आज सूचना निदेशक, सूचनाकर्मी तो कल होगी पत्रकारों की बारी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



भारतीय प्रेस परिषद, नई दिल्ली द्वारा गठित विज्ञापन उप समिति की बैठक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के ऑडिटोरियम में 29 फरवरी व 1 मार्च 2024 को हुई थी जिसमें लघु मध्यम समाचार पत्रों को जारी किए जा रहे विज्ञापनों के संबंध में प्रकाशकों, समाचार पत्र संगठनों एवं विज्ञापन प्रतिनिधियों से पीसीआई की उपसमिति के मध्य वार्तालाप हुआ था उस समय वहां पर उपस्थित लगभग तीन सैकड़े से अधिक प्रकाशकों, लघु मध्यम समाचार पत्र संगठनों के पदाधिकारियों व विज्ञापन प्रतिनिधियों ने एक स्वर में यह कहा था कि **यदि इस समय वर्तमान सूचना निदेशक शिशिर जी ना होते तो छोटे- मझोले अखबारों को या तो बंद करना पड़ता या वह भूखों मरते, इनके रहते छोटे- मझोले अखबारों (जो वास्तव में प्रकाशित होते हैं), को विज्ञापन की कोई समस्या नही है।** उस समय पीसीआई की उपसमिति के समक्ष मौजूद प्रकाशकों, संगठनों के पदाधिकारियों व विज्ञापन प्रतिनिधियों की इन बातों से ऐसा प्रतीत हुआ कि सूचना विभाग के प्रमुख सचिव, निदेशक व इनके मातहत कर्मचारियों से किसी को कोई दिक्कत नही। लेकिन बीते बुधवार को एक समाचार पत्र की वायरल हो रही पीडीएफ को देखने, पढने के बाद यह लिखना पड़ रहा है कि जरूर कुछ लोग हैं, जिन्हें सूचना विभाग के इन अधिकारियों, कर्मचारियों से कोई व्यक्तिगत दिक्कत है, जिसको वे खुद नही कह पा रहे तो उन्हें किसी ऐसी कलम की स्याही बनना पड़ा, जिस कलम को केवल सोशल मीडिया तक ही सीमित देखा गया।

### अभिलेखों के अनुसार ऐसा कोई समाचार पत्र हमारे कार्यालय की नियमितता सूची में नहीं

सूत्रों ने जब सूचना विभाग में संपर्क किया तो ज्ञात हुआ कि इस समय पत्रकारिता धर्म/व्यवसाय से इतर कुछ ऐसे लोग पत्रकारों का चोला ओढ़कर पत्रकारों के बीच में घुस गये हैं जिनका मूल उद्देश्य ही है ब्लैकमलिंग। बीती बुधवार सोशल मीडिया पर जो समाचार पत्र की पीडीएफ देखने को मिली, उसके विषय में सूत्रों ने बताया कि आजके पहले हमने इस नाम का कोई समाचार पत्र देखा ही नहीं। इसकी जानकारी जिला सूचना कार्यालय, लखनऊ में करने पर ए.डी.आई.ओ. (हिन्दी) ने बताया कि हमारे अभिलेखों के अनुसार ऐसा कोई समाचार पत्र हमारे कार्यालय की नियमितता सूची में नहीं है, जन एक्सप्रेस की पड़ताल में आया कि जिस प्रिन्टिंग प्रेस का नाम उक्त पीडीएफ की प्रिन्टलाइन में लिखा था, उस स्थान पर उस नाम से कोई प्रिन्टिंग प्रेस है ही नहीं, बल्कि उक्त पते पर एक परचून की दुकान चला रही महिला ने बताया कि उसका बेटा लखनऊ शहर में रहता है, वो कोई अखबार का काम वहीं से करता है लेकिन यहां कोई मशीन नहीं लगी। (**महिला से हुई वार्ता का वीडियो जन एक्सप्रेस के पास मौजूद है**) सोशल मीडिया पर वायरल हो रही पीडीएफ के माध्यम से पढने/जानने को ऐसा मिला कि लग रहा सूचना विभाग का पूरा लेखा विभाग की किताब उक्त समाचार लिखने वाले के पास ही है।

### ठोस प्रक्रिया अपनानी चाहिए

शासन/सरकार को केवल सोशल मीडिया पर सीमित रहने/पीडीएफ वायरल करने वाले, जिला सूचना कार्यालय, सूचना निदेशालय के निरीक्षा कार्यालय पर नियमित प्रकाशित न होने वाले अर्थात किसी व्यक्ति/अधिकारी/पत्रकार/समाजसेवी का मानमर्दन करने के लिए केवल सॉफ्टकॉपी का प्रदर्शन करने वाले तथाकथित पत्रकारों पर रोक लगाने के लिए ठोस प्रक्रिया अपनानी ही चाहिए अन्यथा ये मानमर्दन करने वाली बिरादरी कब किसके मानमर्दन का ठेका ले- ले, कहा नहीं जा सकता।

# 'मोदी दूसरी मिट्टी का बना'

## आजमगढ़ में पीएम बोले, चुनाव में नेता पत्थर लगाकर गायब हो जाते थे, मैं तेज दौड़ रहा, देश को दौड़ा रहा

### जर्मनी एयरपोर्ट की तर्ज पर बना, पीएम मोदी ने 5 शहरों के लिए सस्ती उड़ानों का आगाज किया

जन एक्सप्रेस | वाराणसी/आजमगढ़

रविवार को आजमगढ़ से पीएम मोदी ने देशभर के 15 एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम ने कहा, मैं दूसरी मिट्टी का बना हूं, क्योंकि पहले चुनाव के मौसम में नेता पत्थर लगा देते थे। फिर पत्थर भी गायब और नेता भी गायब हो जाते थे। उन्होंने कहा कि मैं 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के लिए तेज गति से दौड़ रहा हूं और देश को तेज गति से दौड़ा रहा हूं। 2024 में किए जा रहे शिलान्यासों को कोई चुनावी चश्मे से न देखे। क्योंकि 2019 में हमने जो शिलान्यास किए थे, उनके उद्घाटन हो चुके हैं। आजमगढ़ में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री को स्मृति चिह्न दिया। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ पहले अपराध और माफियाओं का गढ़ था। मगर 10 साल में आजमगढ़ की पहचान बदल गई। इससे पहले सुबह वाराणसी में पीएम ने बीएलडब्लू गेस्ट हाउस में 100 से ज्यादा भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की थी। शनिवार देर शाम पीएम काशी पहुंचे थे। यहां उन्होंने बाबतपुर एयरपोर्ट से करीब 30 किमी का रोड शो किया। काशी विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह में बाबा का 30 मिनट तक पूजन किया। इसके बाद मंदिर से बाहर आकर पीएम ने त्रिशूल उठाया और हर-हर महादेव का जयघोष किया।

### परिवारवादी लोग मोदी को गाली दे रहे हैं

पीएम ने कहा कि यूपी जैसे-जैसे विकास की बुलंदियों को छू रहा है। तुष्टिकरण का जहर कमजोर हो रहा है। परिवारवादी लोग बौखलाए हुए हैं। आए दिन मोदी को गाली दे रहे हैं। ये लोग कह रहे हैं कि मोदी का परिवार नहीं है। ये लोग भूल जाते हैं कि देश की 140 करोड़ जनता मोदी का परिवार है। हमारी सरकार किसानों की उपज का सही मूल्य दे रही है। आजमगढ़ गन्ना बेल्ट कहा जाता है, आपको याद है कि पहले की सरकारें कैसे गन्ना किसानों को तरसाते थे, रुलाते थे। यह भाजपा की सरकार है, जिसने गन्ना किसानों का हजारों करोड़ का बकाया भुगतान किया। पीएम ने कहा कि इस बार भी यूपी की पूरी सफाई में आजमगढ़ को पीछे नहीं रहना है। आजमगढ़ जवन चाहला, उ कर ले ला। मैं आपसे आह्वान करता हूं, अबकी बार, 400 पार। पीएम मोदी ने कहा सब लोग अपने मोबाइल फोन की फ्लैश लाइट चालू कीजिए। यह विकसित भारत का संकल्प। यह है विकसित आजमगढ़ के विकास का संकल्प। मेरे साथ बोलिए भारत माता की जय।



### लखनऊ एयरपोर्ट को मिला टर्मिनल-3

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजमगढ़ से रिमोट का बटन दबाकर अमौसी एयरपोर्ट के नए टर्मिनल-3 का उद्घाटन किया। साथ ही, लखनऊ से 5 शहरों के लिए सस्ती उड़ान का भी आगाज किया। पीएम ने एक साथ देश के 14 हवाई अड्डों की शुरुआत की। इसमें लखनऊ एयरपोर्ट का टर्मिनल-3 भी शामिल है। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट पर मौजूद रहे। उन्होंने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भागीरथ के रूप में लखनऊ में विकास की गंगा बहाई थी। लखनऊ 2 शब्दों से बना हुआ है। लक और नउ। लखनऊ के साथ-साथ पूरा देश दिन-दूनी रात-चौगुनी तरक्की कर रहा है। टर्मिनल से 13 हजार लोगों को रोजगार मिल सकेगा। लोकसभा चुनाव में तीसरी बार टिकट मिलने पर राजनाथ सिंह ने कहा-लखनऊ को वर्ल्डक्लास सिटी के रूप में देखना चाहता हूं। ▶ संबंधित खबर पेज 05 पर

### आजमगढ़ को लोग अपना गढ़ समझते थे, उन्हें सबक सिखा दिया

पीएम ने कहा कि पिछले चुनाव में आजमगढ़ की जनता ने यह दिखा दिया कि जिसे लोग अपना गढ़ समझते थे, उसे दिनेश जैसे युवा ने ढहा दिया। इसीलिए परिवार वाले लोग मोदी को गाली दे रहे हैं। मोदी का अपना परिवार भले नहीं है। लेकिन देश की 140 करोड़ जनता मोदी का परिवार है। आज देश के हर कोने से आवाज आ रही है, मैं हूं मोदी का परिवार।

### पीएम मोदी का भोजपुरी अंदाज भी दिखा

पीएम ने भाषण के दौरान लोगों से पूछा कि आप लोग बताई कि इ यूनिवर्सिटी बन जाए से आजमगढ़ और मऊ के साथियन के लाभ होई की नाहीं। यूपी में जबसे डबल इंजन की सरकार आई है, तब से यूपी की तस्वीर और तकदीर बदल गई है। मैं इसलिए नहीं कह रहा कि यूपी का सांसद हूं बल्कि आंकड़े बोल रहे हैं। हमारी सरकार ने लाखों करोड़ के विकास कार्य कराए हैं। आज यूपी की पहचान रिकॉर्ड मात्रा में आ रहे निवेश से हो रही है।

### पिछली सरकारों ने आतंक, बाहुबल को संरक्षण दिया

अकेले आजमगढ़ को पीएम किसान सम्मान निधि का 2 लाख करोड़ रुपया मिला है। भ्रष्टाचार में डूबी परिवारवादी सरकारों में इतने बड़े पैमाने पर विकास संभव नहीं था। पिछली सरकारों में पूर्वांचल और आजमगढ़ की छवि खराब की गई। जिन सरकारों ने आतंक, बाहुबल को संरक्षण दिया, इस परिस्थिति को बदलने के लिए, यहां के युवाओं को सम्मान के लिए हमारी सरकार काम कर रही है। हमारी सरकार में महाराजा सुहेलदेव यूनिवर्सिटी का शुभारंभ किया गया।

### कल का आजमगढ़ अब वो गढ़ है, ये आजन्मगढ़ है

**पीएम मोदी ने कहा कि विकास परियोजनाओं के लिए उत्तर प्रदेश और देश के सभी राज्यों की जनता को धन्यवाद देता हूं। मैं आजमगढ़ की जनता को धन्यवाद देता हूं, जो यहां इतनी भारी संख्या में यहां आए हैं। एक और गारंटी सुनाऊं। देखिए ये कल का आजमगढ़ अब वो गढ़ है, ये आजन्मगढ़ है। यह विकास का गढ़ रहेगा। आजन्म रहेगा। अनंत काल तक विकास का गढ़ रहेगा। यह मोदी की गारंटी है दोस्तों।**

### आजमगढ़ पहले माफियाओं का गढ़ था: योगी

सीएम योगी ने कहा कि पहले आजमगढ़ की पहचान क्या थी? जिस आजमगढ़ को पिछली सरकारों के कारण अपराध और माफिया का गढ़ बना दिया गया था। उसी आजमगढ़ में पीएम हजारों करोड़ की सौगात देने के लिए यहां आए हैं। आजमगढ़ को 10 साल में सुरक्षा मिली है।

### 34 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स शुरू किए

पीएम मोदी ने 34 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स शुरू किए। इसमें 12 परियोजनाओं का लोकार्पण और 3 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इसके बाद इन प्रोजेक्ट्स पर एक शॉर्ट फिल्म दिखाई गई।

### पूर्वांचल ने जातिवाद और तुष्टिकरण की राजनीति देखी

पीएम ने कहा कि पूर्वांचल ने जातिवाद और तुष्टिकरण की राजनीति देखी है। पिछले 10 साल में ये क्षेत्र विकास की राजनीति देख रहा है। यहां के लोगों ने माफियाराज और कट्?टरपंथ के भी खतरों को देखा है। अब यहां की जनता कानून का राज देख रही है। जिस तरह हमारी जनकल्याण की योजनाओं को मेट्रो शहरों से आगे बढ़ाकर छोटे शहरों और गांव-देहात तक ले गई। वैसे ही आधुनिक इंफ्रास्ट्रचकर के काम को छोटे शहरों तक ले गए। भारत में तेजी से अर्बनाइजेशन हो रहा है। यह काम 30 साल पहले होना चाहिए था। अबर्नाइजेशन एक अवसर बन जाए। इसके लिए हम काम कर रहे हैं।



# अकबरनगर में भारी बवाल

## तोड़फोड़-पथराव, इंस्पेक्टर जख्मी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ के अकबरनगर में रविवार शाम ध्वस्तीकरण के दौरान भारी बवाल हो गया। एलडीए और पुलिस की टीम पर लोगों ने जमकर पथराव किया और गलियों से खदेड़ खदेड़ दिया। पथराव और भगदड़ में इंस्पेक्टर महानगर जख्मी हो गए। हालांकि गंभीर चोटें नहीं आईं। पीएसी के तीन जवान भी बवाल के दौरान गलियों में फंस गए। बमुश्किल तीनों किसी तरह खुद से ही बाहर निकल सके। गुस्साए लोगों ने पीएसी व पुलिस के वाहनों में तोड़फोड़ भी की। सूचना पर ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर कानून-व्यवस्था, डीसीपी सेंट्रल, एडीसीपी सेंट्रल समेत पुलिस-प्रशासन और एलडीए के अफसर मौके पर पहुंचे। करीब एक घंटे बाद बवाल पर काबू पा सके। इलाके में तनाव का माहौल है। पुलिस और पीएसी बल की तैनाती की गई है। एलडीए की तरफ से रविवार को अकबरनगर में ध्वस्तीकरण अभियान चलाया जा रहा था। अभियान के तहत कॉमर्शियल अवैध निर्माण ढहाए जा रहे थे। इसी के तहत सम्राट फर्नीचर वाले की कॉमर्शियल बिल्डिंग ढहाने के लिए टीम पहुंची। शाम करीब पांच बजे बिल्डिंग ढहाई गई। बिल्डिंग गिरने से आसपास के सात मकान भी जद में आकर क्षतिग्रस्त हो गए। इससे लोग उग्र हो गए। टीम पर पथराव शुरू कर दिया। जेसीबी के ड्राइवर समेत पुलिस व एलडीए के कर्मचारियों ने गलियों से भागकर जान बचाई। भीड़ ने जमकर पथराव किया। इसी दौरान इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्र के पैर में चोट लग गई। जानकारी पर पुलिस अफसर भारी पुलिस बल लेकर पहुंच गए। ज्वाइंट सीपी कानून-व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल ने एनाउंसमेंट करके लोगों को समझाया। करीब एक घंटे बाद मामला शांत हुआ।

### जमकर की तोड़फोड़

उग्र भीड़ ने पीएसी के एक वाहन पर पथराव कर तोड़फोड़ की। पुलिस की एक-दो बाइकें तोड़ दीं। समय रहते पुलिस बल के पहुंचने की वजह से बवाल कम समय में नियंत्रित कर लिया गया। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर कानून-व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल का कहना है कि अवैध कॉमर्शियल बिल्डिंग गिराई जा रही थी। तभी लोगों ने पथराव किया। तत्काल पुलिस बल पहुंच गया और स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया। किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है।

### छतों से भी पथराव, ईंट-पत्थरों से पट गई सड़क

शुरुआत में गली में पथराव हुआ। जब फोर्स सड़क पर आ गई तो वहां भी पथराव किया गया। छतों से भारी पथराव हुआ। पॉलिटेक्निक से बादशाहनगर की तरफ जाने वाली सड़क (दोनों तरफ की) ईंट-पत्थरों से पट गई। पहले पुलिस बल कम था, इसलिए भीड़ हावी हो रही थी लेकिन चंद मिनटों में पुलिस बल पहुंचा तब लोगों को खदेड़ दिया गया। जिसके बाद मामला शांत हो सका।

# आउटर रिंग रोड का उद्घाटन आज, पीएम मोदी करेंगे वर्चुअल उद्घाटन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

104 किमी लंबे आउटर रिंग रोड(किसान पथ) का सोमवार को उद्घाटन होगा। प्रधानमंत्री वर्चुअल तरीके से इसका शुभारंभ कर लखनऊ को सौगात देंगे। इससे दो लाख से ज्यादा लोगों को राहत मिलेगी। उधर, दस से ज्यादा जिलों के लोग बिना शहर में प्रवेश किए बाहर से ही गंतव्य को जा सकेंगे। आउटर रिंग रोड पर यातायात शुरू होते ही शहर में लगने वाले जाम से कमी आएगी। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के परियोजना निदेशक सौरभ चौरसिया के मुताबिक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार दोपहर उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके साथ आउटर रिंग रोड पर वाहनों का संचालन शुरू हो जाएगा। इसका लाभ बाराबंकी, गोरखपुर, अयोध्या, सीतापुर, गोंडा, हरदोई, कानपुर, वाराणसी, रायबरेली, सुल्तानपुर समेत अन्य जिलों के लोग उठा सकेंगे। ये बिना शहर में प्रवेश किए सीधे गंतव्य को जा सकेंगे। रक्षामंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने 20 फरवरी को आउटर रिंग रोड का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने जल्द से जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए थे। तब बताया था कि प्रधानमंत्री इसका उद्घाटन करेंगे। उन्होंने आउटर रिंग रोड को टोल टैक्स फ्री करने की घोषणा भी की थी।

### वर्ष 2016 में हुआ था शिलान्यास

आउटर रिंग रोड का शिलान्यास वर्ष 2016 में राजनाथ सिंह और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने किया था। इसका निर्माण पांच पैकेज में किया गया है। आउटर रिंग रोड राजनाथ सिंह के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक है।

# बदायूं के मैदान में उतरेंगे शिवपाल यादव के पुत्र आदित्य

जन एक्सप्रेस | बदायूं

बदायूं में सपा का चुनावी अभियान सोमवार से शुरू हो जाएगा। सपा प्रत्याशी शिवपाल सिंह यादव के बेटे आदित्य तिवारी यहां पहुंचेंगे। पार्टी के नेताओं को चुनाव अभियान में जुटाएंगे। बसपा व भाजपा के उम्मीदवार तय नहीं हुए हैं। स्थानीय पदाधिकारियों की निगाहें नेतृत्व के फैसले पर लगी हुई हैं। लोकसभा चुनाव की बिसात बिछने लगी है। सपा ने अपने वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव को बदायूं से प्रत्याशी बनाया है। भाजपा और बसपा ने प्रत्याशी को लेकर अभी पत्ते नहीं खोले हैं। बदायूं में मुस्लिम और यादवों बहुल है। इसी समीकरण से किसी समय यह सपा की मजबूत सीट मनानी जाती थी लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के चचेरे भाई सांसद रहे धर्मेंद्र यादव को शिकस्त देने के लिए भाजपा ने संघमिश्रा मौर्य को मैदान में उतारा था। धर्मेंद्र यादव हार गए थे। संघमित्रा मौर्य सांसद बनीं। बीते कुछ दिनों से सियासी घटनाक्रम बदलता रहा है।

### सपा के लिए चुनौती हैं सलीम शेरवानी और आबिद रजा

बदायूं सीट को सपा ने अपने पाले में करने के लिए शिवपाल यादव को मैदान में उतारा है। यह अलग बात है कि शिवपाल सिंह के आने के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम इकबाल शेरवानी, सपा राष्ट्रीय सचिव रहे आबिद रजा की चुनौती सामने आई है। दोनों ने सेक्युलर फ्रंट बनाकर सहसवान में बड़ी रैली की।

# प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया चित्रकूट देवांगना एयरपोर्ट का उद्घाटन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा चित्रकूट देवांगना एयरपोर्ट का आजमगढ़ से वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। इसी क्रम में जनपद में सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी, पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, जिलाध्यक्ष भाजपा लवकुश चतुर्वेदी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे उमेश चंद्र निगम, पूर्व सांसद रमेश चंद्र द्विवेदी, ब्लॉक प्रमुख पहाडी सुशील द्विवेदी, मानिकपुर अरविंद मिश्रा, रामनगर गंगाधर मिश्र, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय, रामसागर चतुर्वेदी, आनंद त्रिपाठी, शक्ति सिंह तोमर, राजकुमार त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कामतानाथ प्रमुख द्वारा के महंत मदन गोपाल दास, दिगंबर अखाड़ा के महंत दिव्य जीवन दास सहित अन्य मठ मंदिरों के संत महंत ने बटन दबाकर देवांगना एयरपोर्ट तथा 6 प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़कों का उद्घाटन किया एवं वर्चुअल लोकार्पण का सीधा प्रसारण भी देखा। प्रधानमंत्री द्वारा प्रदेश की कुल 744 प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का भी लोकार्पण किया गया। इसी क्रम में जनपद के छह प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनाओं का भी लोकार्पण किया गया। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि चित्रकूट पावन धरा पर यह कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से चित्रकूट में जहाज चलने जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जब से सत्ता में आए हैं चित्रकूट के विकास के लिए प्रयत्नशील रहते हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्री रामचंद्र के प्राण प्रतिष्ठा करने का कार्य किया गया है जो गौरवमई क्षण रहा है।

अयोध्या मंदिर बनाने में जो शहीद हुए उनके सपने साकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मंदिर का निर्माण किया जा रहा है जो ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा कि आज कई सौ करोड़ परियोजनाओं का लोकार्पण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड पिछड़ा क्षेत्र रहा है। प्रधानमंत्री की सरकार ने नंबर वन पर लाकर खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पाठा की धरती के लोग दिन में यहां आने से डरते थे आज ऐसा नहीं है उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वायुयान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि जनपद पर्यटन के रूप में विकसित होगा। यहां से लखनऊ के लिए वायुयान सेवा प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री द्वारा देवांगना एयरपोर्ट का उद्घाटन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के कोने-कोने तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

उन्होंने बताया कि वायुयान 12 मार्च से लखनऊ से 10:30 पर उड़ान भरेगी और चित्रकूट में 11:30 पर लैंड करेगी। चित्रकूट से लखनऊ के लिए 12 बजे उड़ान भरेगी और लखनऊ में 1 बजे लैंड करेगी। उन्होंने बताया कि इसका किराया लगभग 2000 होगा। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट बनाने में कुल 278 एकड़ भूमि का उपयोग किया गया है, टर्मिनल भवन का क्षेत्रफल 1542 वर्ग मीटर, व्यस्ततम समय में सेवा क्षमता 100 यात्री, वार्षिक क्षमता एक लाख यात्री, चेक एनकाउंटर 4, कन्वेयर बेल्ट एक, एक्स बी आई एस मशीन दो, परियोजना लागत 31.58 करोड़ पार्किंग दो सहित एयरपोर्ट पर सुविधाएं मौजूद रहेगी।

# तीन दिवसीय प्रदर्शनी में दी जायेगी लोगों को योजनाओं की जानकारियां

जन एक्सप्रेस। बांदा



रविवार को निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेशानुसार जनपद बांदा में सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास नामक तीन दिवसीय नामक प्रदर्शनी का रविवार को शुभारंभ संकट मोचन मंदिर के सामने विधायक सदर प्रकाश द्विवेदी द्वारा किया गया और जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी गई तथा यह भी जनपदवासियों से अपील किया कि सभी लोग आए और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग बांदा द्वारा लगी प्रदर्शनी का अवलोकन कर शासन की योजनाओं से लाभांवित हो जैसे कि एक जनपद एक उत्पाद वकवच, को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान, डबल इंजन की सरकार, विकास की दो गुनी रफ्तार निवेश फ्रेंडली नीतियां, सिंगल विंडो, पोर्टल निवेश मित्र के माध्यम से ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध, इज आफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में अग्रणी राज्य, सर्वाधिक उपभोक्ताओं वाला प्रदेश, एक्सप्रेसवे, इंटरनेशनल एयरपोर्ट, पांच शहरों में मेट्रो संचालित एवं 5 में निर्माणाधीन तथा कुछ में प्रस्तावित सर्वाधिक डैडम् वाला राज्य, इंडस्ट्रियल लैंड बैंक, ग्लोबल डेटा सेंट्रल हब एवं एजुकेशन व मेडिकल हब बनने की पूर्व अग्रसर ,निर्बाध विद्युत आपूर्ति,प्रचुर जल संसाधन, खाद्यान्न, दुग्ध,चीनी, आलू, एथेनॉल उत्पादन में देश में प्रथम स्थान आदि लाभान्वित करने वाली नीतियों की प्रदर्शनी लगी। विधायक सदर बांदा द्वारा एवं मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, जिला सूचना अधिकारी राम जी दुबे, सूचना विभाग समस्त स्टाफ व पत्रकार बंधुगण उपस्थित रहे।

# एसचेक टीम, डॉग स्क्वॉयड, एलआईयू की संयुक्त टीम द्वारा की गयी जांच

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में प्रभारी एलआईयू निरीक्षक सूर्यकान्त अरुण राय ने बताया कि एस चेक टीम बांदा, डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू चित्रकूट की संयुक्त टीम द्वारा आमावस्या एवं चित्रकुट एयर पोर्ट के उद्घाटन के अवसर पर सुरक्षा सतर्कता के दृष्टिगत रामघाट, रामायण मेला परिसर, परिक्रमा मार्ग, एयर पोर्ट परिसर आदि स्थानों पर सघन जांच की गई।

## फास्ट फॉरवर्ड

### संयुक्त किसान मोर्चा ने प्रदर्शन कर दी गिरफ्तारी

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** अशोक लाट में बुंदेलखंड किसान यूनियन के किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया। किसानो की समस्याओं को लेकर के देशभर में रविवार को विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। बुंदेलखंड किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल शर्मा की अगुवाई में किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात। एमएसपी विल व किसान ऋण माफी तथा ओलावृष्टि पर किसानों को मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। अशोक लाट चैराहे पर सैकड़ो की तादाद में उपस्थित किसानों ने विरोध प्रदर्शन करते हुये जनपद के किसानों की समस्याओं की मांग की है। ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों पर हुये नुकसान की सही जांच कराने की और मुआवजे की मांग कर रहे थे। देशभर में किसानों के हो रहे प्रदर्शन के तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शर्मा की अगुवाई में किसानों ने गिरफ्तारी भी दी।

### आज होगा बालिकाओं का सामूहिक विवाह

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देशों के क्रम में 11 मार्च को जनपद के खंड विकास कार्यालय नरैनी में तथा तिंदवारी विकासखंड के ग्राम जसईपुर, बड़ोखर खुर्द विकासखंड के पंडित दीनदयाल पुरम में एवं बबेरू विकासखंड के लव कुश इंटर कालेज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत निर्धन एवं गरीब बालिकाओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य ने बताया है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का कार्यक्रम जनपद के उक्त चार विकासखण्ड में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें लगभग 690 गरीब एवं निर्धन बालिकाओं को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत लाभ प्रदान करते हुए उनका वैवाहिक कार्यक्रम विधिवत विधि विधान से पूर्ण किया जाएगा।

### नशे में युवक ने फांसी लगाई, भर्ती

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** नशे में उत्पात मचा रहे युवक को घर वालो ने डांट दिया। इससे नाराज युवक ने कमरे अंदर रस्सी से फांसी लगा कर खुदकुशी करने का प्रयास किया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बिसंडा थाना क्षेत्र के शिव गांव निवासी मोहित (24) पुत्र रामलाल शनिवार की रात नशे की हालत में घर आया और उत्पात मचाने लगा। इस पर घरवालो ने डाट दिया। इसी से नाराज होकर मोहित ने कमरे के अंदर पंखा की हुक पर रस्सी से फांसी लगा लिया। काफी देर बाद जव वह कमरे से बाहर नही निकला तो मौके पर पहुंचे बड़े भाई रोहित ने देखा तो वह फंदे पर लटक रहा था। आनन फानन फंदा काट कर उसे नीचे उतार लिया। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बड़े भाई रोहित ने बताया कि उसकी शादी पांच दिन पहले हुई थी।

### करंट से मजदूर समेत दो झुलसे

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** अलग-अलग स्थानो पर करंट लगने से मजदूर समेत दो लोग झुलस गए। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मटौंध थाना क्षेत्र के बोधीपुरवा निवासी राममिलन (35) पुत्र हजारीलाल मजदूरी करता है। छतरपुर जिला के पड़वार गांव में रामलीला का समापन हुआ था। रविवार को राममिलन टेंट का सामान खोल रहा था। तभी पाइप ऊपर से गुजरी हाईटेशन लाइन में छू गया। जिससे करंट की चपेट में आकर झुलस गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दूसरी घटना में शहर कोतवाली क्षेत्र के कनवारा गांव निवासी काजल (16) पुत्री सूबेदार शनिवार की शाम घर की सफाई कर रही थी। तभी उसका हाथ कटे तार में छू गया। जिससे करंट की चपेट में आकर झुलस गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### दबंगों ने गिराया बाउण्ड्रीवॉल, दरवाजा सरिया ले गए

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** दबंगो ने युवक के मकान की बाउण्ड्रीबाल गिराकर सामान क्षतिग्रस्त कर दिया। विरोध करने पर पीड़ित के कनपटी में तमंचा लगा दिया। सरिया दरवाजा समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नही किया। पीड़ित ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेज कर न्याय की गुहार लगाई है।
शहर कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कालोनी निवासी उपेद्र गुप्ता पुत्र रामसजीवन गुप्ता ने कताई मिल के सामने कालेबाबा मोहल्ला में पत्नी के नाम प्लाट खरीदा था। वही पर मकान बनवा कर रहता है। मंगलवार की रात असलहो से लैस दबंगो ने बाउड्री बाल गिरा दिया। आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे उपेद्र ने इसका विरोध किया। तो दबंगो ने गाली गलौज करते हुए उसकी कनपटी में तमंचा लगा दिया। दबंग सरिया खिड़की दरवाजा समेत अन्य सामान ट्रैक्टर में भरकर ले गए। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नही किया। पीड़ित ने मुख्यमंत्री, डीजीपी, डीआईजी, डीएम, एसपी को शिकायती पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग की है। इस सबंध बलखंडीनाका चैकी प्रभारी विवेक त्रिपाठी का कहना है कि मामले की जानकारी उन्हे नही है। कोतवाली प्रभारी के आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कार को रोककर व्यवसायी के साथ किया मारपीट

जन एक्सप्रेस। बांदा

**शहर के पीजी कॉलेज के पास रात्रि में व्यवसायी की कार तोड़ी**

जमालपुर से कार सवार लगे थे सर्राफा व्यापारी के पीछे, ओवर टेक कर रोकी कार और व्यापारी की कार को तहस नहस कर दिया है। सर्राफा व्यापारी को नई कार लेना भारी पड़ गया जब उसकी नई कार को तोड़ने और लुटने के प्रयास किया तब व्यापारी ने चलती गाड़ी में पहले 112 को कॉल किया और इसके बाद अपने चाचा को फोन कर बताया कि हमारे पीछे चार पहिया में कुछ लोग सवार हमारी गाड़ी को रोककर हमे लूटना चाहते है और हमे हताहत करना चाहते हैं लेकिन जब तक पुलिस मौके पर आ पाती तब तक चार पहिया सवार लोगों ने नई कार में तोड़फोड़ करके चले गए।

मामला शहर कोतवाली के पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के पास का है।

जहां पर कानपुर निवासी सूर्य प्रताप सिंह पुत्र राजनरेश सिंह निवासी संत नामदेव नगर सनिगवा रोड कानपुर द्वारा दो दिन पहले ही नई कार ग्रांड विटारा खरीदी थी जिस पर शुक्रवार की शाम वो अपने परिवार के साथ में अपने पैतृक गांव गिरवा थाने के बड़ोखर बुजुर्ग आ रहे थे जिस पर शाम को कानपुर से निकलने के बाद रात्रि लगभग साढ़े 11 बजे देहात कोतवाली के जमालपुर के पास से एक स्विफ्ट कार में चार लोग सवार लोगों ने पहले सर्राफा व्यापारी को कार को रोकने का प्रयास किया लेकिन सर्राफा व्यापारी ने कार नहीं रोकी लेकिन कार सवार लोगों ने महाराणा प्रताप चैराहे के आगे चल कर पीजी कॉलेज के पास सर्राफा व्यापारी के कर के आगे कार खड़ी कर दी और कार से चार लोग हांकी और डंडे लेकर उतरे और नई कार में ताबड़तोड़ तोड़ फोड़ करते हुए गाली-गलौज की वही अपने परिवार को जान बचाते हुए सर्राफा व्यापारी ने डायल 112 को काल किया और जैसे ही पुलिस को आता देख लूट के प्रयास से आए लोगों ने कार स्टार्ट कर फरार हो गए।

वहीं मौके पर चैकी प्रभारी सिविल लाइन मऊ पर आए और घटना स्थल का जायजा लिया। वहीं पीड़ित व्यापारी ने कहा अगर पुलिस सीसी टीवी से फुटेज देखे तो उसमे पहचान हो सकती है।

# स्पोर्ट स्टेडियम में हुआ छात्रावास मंडली ट्रायल्स का आयोजन



जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश में स्थापित स्पोर्ट्स छात्रावासों में वर्ष 2024-25 में प्रवेश देने के लिए चित्रकूट स्पोर्ट स्टेडियम में मंडली ट्रायल्स का आयोजन 10 मार्च तक आयोजित किए गए। छात्रावास के ट्रायल्स में बांदा, हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट, के बालक बालिकाओं ने ऑनलाइन आवेदन करने के बाद जनपद में चयनित होने के बाद मंडल ट्रायल में भाग लिया। 54 बालक-बालिकाओं ने मंडल ट्रायल्स में फिजिकल फिटनेस स्किल टेस्ट में भाग लिया। हिस्सा लेने से पूर्व मेडिकल बोर्ड द्वारा इनके आयु का परीक्षण भी किया गया, सही पाए जाने पर इन्हें फिजिकल फिटनेस टेस्ट के लिए अनुमति प्रदान की गई। 13 से 16 मार्च तक प्रदेश के मेरठ, प्रयागराज, झांसी, आगरा, लखनऊ, वाराणसी व अन्य शहरों में होने वाले प्रदेश ट्रायल में चित्रकूट धाम मंडल के चयनित खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। समस्त चयनित खिलाड़ियों को उनके फॉर्म उपलब्ध करा के उन्हें सम्बन्धित केन्टो में समय से पहुंचने के लिए सूचित कर दिया गया है। तीन दिवसी चले इस ट्रायल में डॉक्टर की टीम एवं चयन समिति के मेंबर उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का ट्रायल लिया। इस मौके पर श्याम सुंदर, कृष्णा, कीर्ति, रानी, अंगद सिंह, फिरोज अंसारी, सुधीर कुमार, ऋषि, सपना देवी, मोहम्मद अख्तर हुसैन आदि मौजूद रहे।

# दोहरी शिक्षा नीति के चलते सरकारी स्कूलों की नहीं सुधर रही दशा

जन एक्सप्रेस। सरोज पाण्डेय




**फतेहपुर।** उच्च न्यायालय ने चिन्ता व्यक्त करते हुये सरकारी स्कूलों के सुधार के लिए आदेश निर्गत किया कि जनप्रतिनिधियों, सरकारी हुक्मरानो सहित अन्य सरकारी जिम्मेदार अफसरानों के बच्चे सरकारी स्कूलों मे शिक्षा लेंगे। न्यायालय के आदेश निर्गत होते ही हुक्मरानो सहित जनप्रतिनिधियो को मौलिक अधिकार की याद आ गयी जबकि शिक्षा का व्यवसायीकरण एवं अपराधीकरण होने का जिम्मेदार कौन है यह विचारणीय विषय है।

क्या अफसरानों एवं सत्ता का सुख पान कर रहे राजनेताओं की जिम्मेदारी नहीं है कि शिक्षा और चिकित्सा समान रूप से हर नागरिक का मौलिक अधिकार बने। यह दोहरी शिक्षा नीति जहॉ सरकारी स्कूलों की शिक्षा नीति को खोखला कर रही वही सामाजिक बॅटवारा का सूत्र धार का काम कर रही है। देश प्रदेश मे सत्ता सभॉल रही राजनैतिक पार्टी सहित सत्ता सुखपान से दूर विपक्ष मे बैठे रानजैतिक तथा समाज के अग्रणी लोगो की जिम्मेदारी बनती है कि शिक्षा नीति के प्रति चिन्तन करे और बदलाव लाये। वही सत्ता सॅभाल रही सरकारो को प्रत्येक नागरिक को मौलिक अधिकार देने मे भेद भाव न होने दे।

देश अजादी के लगभग 7 दशक का आन्नद ले रहा है लेकिन शिक्षा और चिकित्सा जैसे मूल अधिकार से आम नागरिक वंचित जैसा ही है जब कि वंचित कहना उचित नही है लेकिन पूर्ण अधिकार नही मिल पा रहे है। सरकारो द्वारा परतन्त्रता की दोहरी नीति को जड से नही उखाड फेक पा रहे है। चिकित्सा, शिक्षा ही नही अन्य मौलिक अधिकारो मे भेद-भाव प्रदर्शित हो रहा है। सरकार की दोहरी शिक्षा नीति से शिक्षा माफियॉओ की पौ बारह हो रही है। एक तरफ प्रतिबन्धित विद्यालय मे सरकारी अफसरानो एवं राजनेताओ सहित धन सम्पन्न लोगो के बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे है तो वही आम नागरिक का बच्चा विसंगतियो भरे सरकारी स्कूलो मे शिक्षा ग्रहण करने के नाम पर सरकारी अनुदान पर जीवन यापन परम्परा सीख रहे है। अपनी अतीत को पलट कर देखे तो गुरुकुल षिक्षा परम्परा मे जहॉ शिक्षा के समय समानता का व्यवहार और गुरु शिष्य के सम्बन्ध सहित प्रकृति की गोद मे पूरे जीवन का यर्थाथ शिक्षा ही सार्वोपरि रही है।

सर्व शिक्षा अभियान के तहत बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार 6 से 14 वर्श के बच्चे को निशुल्क शिक्षा देने की नीति तैयार तो किया गया है लेकिन समान शिक्षा सम्बन्धित कोई भी नीति नही तैयार किया गया। जिससे सरकारी स्कूलो मे मुफ्त शिक्षा के साथ ही मुफ्त किताब, स्कूली पोसाक एवं दोपाहर का भोजन तो दिया जा रहा है। वही शिक्षा का स्तर दिनो-दिन गिरता जा रहा है।

वही निजी विद्यालय के संचालक शिक्षा का व्यवसायिकी करण करके विद्यालय खेलते जा रहे है। जिनमे सामान्य परिवार का बच्चा नही पढ पा रहा है और सरकार की नीतियॉ निजी स्कूलो की मानक के अनुसार ही कम्पटीसन तैयारी कर रही है। सरकारी स्कूलो का आलम यह है कि सर्वशिक्षा अधिनियम के तहत शिक्षा समितियॉ बच्चे तो एकत्रित कर दिया लेकिन शिक्षक के नाम पर मानक से बहुत कम है।

जर्जर स्कूलो के भवन तो बना दिये गये है। लेकिन उनकी सफाई की व्यवस्था नही है और शौचालय तो शो पीस ही मात्र बनकर ही रह गये है और उन पर ताला लटक रहा है। वही मध्यान्ह भोजन का हाल किसी से नही क्षुपा कि आये दिन मिड्डेमिल खाकर दर्जनो बच्चे बिमार ही नही मौत हो रही है। देखना यह है कि उच्च न्यायालय का आदेश कितना कारगर होता है और चल रही दोहरी षिक्षा नीति मे कितना बदलाव होता है कि न्यायालय का आदेश राजनैतिक भॅवर मे घूमता रह जाता है कि कोई अभूतपूर्ण परिवर्तन लाता है।

# वकालत पेशे में महिलाओं का बढ़ा रुझान

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर



महिलायें जहॉ प्रशासन के बडे पदो, देश सुरक्षा, पुलिस प्रशासन एवं अन्य स्थानो मे अपनी पहॅुच बनाकर देश के विकास मे अपना योगदान दे रही है। वही न्यायपालिका के उच्चपदो मे पदासीन हो रही है। वही न्याय दिलाने के लिए वकालत पेशे मे भी बढत बना रही है। जब कि पहले दीवानी कचहरी व कलेक्ट्रेट में जहॉं गिनी चुनी महिला अधिवक्ता देखने को मिलती थी वही जनपद में कई ला कालेजो की स्थापना होने के साथ ही महिलाओं में अधिवक्ता बनने के प्रति लालसा भी दिखाई देने लग रही है। जानकार महिलाओं के इस पेशे से जुड़ने की अलग-अलग वजह बताती है। जबकि नये पेशे से जुड़ी हुई महिला अधिवक्ताओं की अपने अलग ही विचार है। अधिवक्ताओं के रूप के महिलाओं की संख्या बढ़ने से महिलाओं से जुड़े मामलों की पैरवी व उनकी समस्याओ के निस्तारण में निःसन्देह आसानी होगी। महिलाएं इस पेशे से जुड़कर न सिर्फ अपने आपको आत्मनिर्भर पाती है बल्कि उनके खुद के सम्मान में भी चार चांद लगाती है। पैसे व शोहरत से भरपूर इस पेशे में रसूख के साथ-साथ लाईमलाइट भी है और गरीबो कमजोरों की आवाज बनकर उन्हें न्याय दिलाकर उनकी मदद करके समाजसेवा की अनुभूति भी देता है। जनपद में लगभग आधा दर्जन से अधिक महाविद्यालय है। जहां छात्र-छात्राएं बीए एलएलबी व एलएलबी की डिग्री हासिल करने के लिये पढ़ाई कर रहे है। यहां तक कि सेनाओं में उस जगह भी महिलाओं को नई तैनाती मिली है जहॉं इससे पहले कभी नही मिली। महिलाओं के साथ होने वाली घटनाओ व अपराधों की वजह से बड़ी संख्या में महिलाएं अधिवक्ता पेशे से जुड़ी है महिला होने की वजह से उनकी समस्याओ को समझना आसान होता है।

# बिना मार्का के बिक रहा जल, संबंधित विभाग मौन

जन एक्सप्रेस। फ़तेहपुर

बाजारो में इस समय शीतल पानी बेचने वालों की होड़ लगी हुई है। नित नए-नए नाम से कई ब्राण्ड बाजार में उतरने लगे हैं। मिनरल वाटर के नाम से बिकने वाले इस सीलबंद पानी को लेने में अब उपभोक्ता अधिकतर धोखा खा रहा है। नियम के अनुसार सीलबंद पानी आईएसआई मार्का होने पर ही बेचा जा सकता है। जब कि जानकारो की माने तो आईएसआई मार्का के अतिरिक्त किसी भी पैक में पानी नहीं बेचा जा सकता है, जबकि बाजार में बिना मार्का पानी भी खूब बिक रहा है। आईएसआई मार्का तो छोड़िए कुछ अजीब नामों से बिक रहे पानी के पाउचों में कंपनी का एड्रेस व रजिस्ट्रेशन नम्बर भी नही लिखा है। जिले में बिकने वाली कुछ ब्राण्ड की पाउचों में तो आईएसआई मार्का लगा है और अन्य मानक तथा एड्रेस व कांटेक्ट नम्बर लिखा है लेकिन अधिकतर लोगों ने अपने लोकल ब्राण्ड उतार दिए हैं। नियमों से बचाव के लिए वे कई अवैध तरीके भी आजमाते हैं। इन अवैध पानी बेचने वाले आरओ प्रक्रिया व पानी को किस स्तर तक शुद्ध करते है। पानी को शुद्ध रखने के लिए निर्धारित तत्वों की मात्रा है भी कि नहीं है। इसकी जानकारी आम उपभोक्ता को नहीं होती है। कुछ ब्राण्ड नियमों से बचने व लोगों को आकर्षित करने के लिए अंग्रेजी के बड़े-बड़े अच्छे शब्दों का उपयोग करके लोगों को भ्रमित कर रहे हैं और जिम्मेदार मौन साधे हुए हैं। जिम्मेदारों की निष्क्रियता से ऐसे आरओ पानी के सप्लायर आम लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

# डरा धमका कर रंगदारी की मांग वाले वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। बांदा

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मटौंध पुलिस द्वारा डरा धमका कर रंगदारी की मांग करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि अभियुक्त अंकुर सिंह उर्फ लखना निवासी चांदनथोक कस्बा मटौंध ने मटौंध के रहने वाले दुष्यन्त पुत्र गणेश विश्वकर्मा को डरा धमका कर 50 हजार रुपये रंगदारी की मांग की थी। इस संबंध में दुष्यंत की तहरीर पर थाना मटौंध पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में रविवार को अभियुक्त को खैराडा स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

# महिला सशक्तिकरण के प्रति सामाजिक जागरूकता आवश्यक

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

महिला दिवस के अवसर पर गोष्ठियॉ, बैठक करके मंचीय महिला सशक्तीकरण किया जा रहा है। मात्र कानून बना देने व महिला दिवस मनाने से महिला सशक्तीकरण असम्भव लग रहा है। कानून से ज्यादा समाज मे जागरूकता लाना आवश्यक है। समाज मे फैले लिंग भेद को मिटाना होगा। जहॉ लिंग भेद की चेतना पैदाकर उसके स्त्री होने का एहसास कराया जाना अनुचित है। स्त्री पुरूष के शरीर बाधक नही है। महिलाये शिक्षा, चिकित्सा, राजनीति, सैन्य, सहित सभी दिशाओ मे दस्तक देकर अपनी उपस्थित का एहसास बखूबी करा रही है। वही पुरूष प्रधान समाज अनदेखा करके महिला को आज भी अबला, कनक-कामिनी समझ रहा है। महिलाओ को अपनी पहचान व समाज मे स्थान देने के लिए 1900 के दशक मे अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस मनाये जाने की शुरूवात किया गया और 1911 मे पहली बार 19 मार्च को अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओ मे जागरूकता तथा अधिकारो के प्रति प्रेरित करना रहा है। जहॉ स्त्रियॉ पुरूष प्रधान समाज मे बच्चो के लालन-पालन गृहस्थी चलाना ही महिलाओ को पारिवारिक परम्पराओ मे बॉध रखा है। जबकि महिलाओ मे जागरूकता देखी जा रही है। देश की विदेश नीति सहित देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी महिलाये बाखूबी निभा रही है। इसी प्रकार देश की सुरक्षा मे भी पूरी हिस्सेदारी निभाकर महिलाओ ने बन्दूक उठा लिया है। यही नही इक्कीसवी सदी मे महिलाये परिवार, देश, समाज, राजनीति आदि अनेक क्षेत्रो मे पुरूष के कन्धे से कन्धा मिलाकर अपने बराबरी का एहसास दिला रही है। महिलाये आज जीवन के हर क्षेत्र मे कदम बढा रही है। वह अपने कर्तव्यो को गृहकार्यो की इतिश्री ही नही समझती है। बल्कि अपने सामाजिक दायित्यो के प्रति भी सजग देखी जा रही है।

आज महिलाओं को घर-गृहस्थी तक सीमित रहने वाली सोच पूरी तरह दकियानूसी लग रही है। महिलाओं को यहॉ तक पहॅुचने के लिए लम्बा संघर्ष करना पडा और सरकारे अपनी कानूनी कार्यवाही के चलते महिला सशक्तीकरण का नया अयाम दिया है। जिसे महिलाये ही नही पुरूष समाज को भी प्रोत्साहित करने की आवश्यकता हैं कही महिलाओ के कपडो तो कही चरित्र पर उगली उठाकर मनोबल गिराने का काम तो दकियानूसी ही कही जा सकती है। महिलाओ की गिरती जनसंख्या भी चिन्ता का विषय है दहेज जैसी कुरूतियो को दूर करना होगा। तभी महिलाये देश, समाज परिवार के लिए नया आयाम दे पायेगी। जिससे महिलाओ सहित समाज का उत्थान सम्भव है। समाज पर पुरुषों की तरह महिलाओ का भी पूरा हक बनता है। महिला सुरक्षा का पहला सोपान यह है कि समाज का हर वर्ग महिला, सुरक्षा को अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझे और यह सहर्ष स्वीकार करके कि महिलाओ के बिना पुरूष का कोई अस्तित्व ही नही है। महिलाओ की हिस्सेदारी के चलते देश, समाज मे नयी-नयी उपलब्धियॉ मिल रही है। अपनी सोच बदलनी होगी नारी को मात्र अबला मान कर अत्याचार करने की भूल न करे स्त्री ही पुरूषो की जन्मदाता है और प्रथम गुरू भी है। जो समाज सहित अनेक क्षेत्रो को पहचान कराने वाली हैं दोहरी नीति को बन्द करके अपनी कथनी और करनी को एक ही नयी दिशा देना होगा।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पाँच दिनों मे आसमान साफ रहने के कारण बर्षा होने की कोई संभावना नही है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 27.4 (-1.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 9.8 (-3.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 77 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 40 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 4.8 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

*- कृषि मौसम वैज्ञानिक*

# अयोध्या की सरयू नदी में बहकर बुझ गए तीन परिवारों के चिराग





जन एक्सप्रेस। कमलेश फाइटर/ हिमांशु मिश्र



मृतक हर्षित अवस्थी



मृतक प्रांशु



मृतक शुभम मिश्रा

**अयोध्या/कानपुर नगर।** शहर के थाना बर्रा क्षेत्र स्थित वर्ल्ड बैंक कॉलोनी निवासी आधा दर्जन युवक बीते शनिवार को प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में उनके बाल रूप के दर्शन करने गए हुए थे। रविवार को सभी युवक रामलला के दर्शन करने से पहले सरयू नदी के श्मशान घाट पर स्नान रहे थे इसी दौरान एक युवक गहरे पानी में जाकर डूबने लगा उसे बचाने के लिए बाकी के पांच साथी भी पानी में आगे बढ़े और डूबने लगे, सरयू नदी में बहकर तीन परिवारों को रोशन करने वाले चिराग डूब कर बुझ गए, तीन युवकों की जान अयोध्या जल पुलिस ने किसी तरह से बचाई है, जैसे ही डूबे युवकों के परिजनों को कानपुर में सूचना हुई उनके घरों में कोहराम मच गया, जिसे देखो उसी की आंख से अश्रु धारा बहकर निकलती हुई नजर आई, सिर्फ परिजन ही नहीं आसपास कॉलोनी में निवास करने वाले पड़ोसियों की आंखों से भी आंसू बहते हुए दिखाई दिए। मिली जानकारी के अनुसार बीते दिन शनिवार को वर्ल्ड बैंक कॉलोनी बर्रा में निवास करने वाले छह दोस्त कृष्णा उम्र 18 वर्ष पुत्र अतुल सहगल , तनिष्क उम्र 18 वर्ष पुत्र विनोद पाल, हर्षित अवस्थी उम्र 18 वर्ष पुत्र ललित नारायण अवस्थी, प्रियांशु उम्र 18 वर्ष पुत्र ओमप्रकाश सिंह चौहान, रवि मिश्रा उम्र 20 वर्ष, पुत्र मोहन मिश्रा,अमन उम्र 18 वर्ष, पुत्र सुरेंद्र शर्मा प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में रामलला के दर्शन करने के लिए घर से निकले थे, रविवार की सुबह सभी साथी युवक रामलला के दर्शन करने से पहले सरयू नदी के श्मशान घाट की ओर स्नान रहे थे इसी दौरान एक युवक गहरे पानी में जाकर डूबने लगा उसे बचाने के लिए सारे कूद पड़े सभी को डूबता देख शोर मचाने लगा जिसके बाद अयोध्या जल पुलिस ने कृष्णा, तनिष्क, अमन को बचा लिया लेकीन प्रियांश, रवि और हर्षित अवस्थी को नहीं बचा सके।

**सीएम योगी ने जताया दुख**

सरयू नदी पर हुई दुखद घटना पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है और साथ ही दुख भी जताया है।

### अपनी बहनों का इकलौता भाई था हर्षित

मृतकों की सूची में शामिल हर्षित अवस्थी बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था, क्षेत्रीय जनता ने जानकारी देते हुए बताया कि हर्षित अपनी तीन बहनों में इकलौता और सबसे छोटा भाई था, जिस समय हर्षित की बहनों ने अपने भाई का शव देखा तो वह अपनी मां के साथ दहाड़े मार-मार कर रोने लगी और यह कहने लगी कि अब वह किसकी कलाई पर राखी बांधेंगी।

### घटना की जानकारी मिलते ही परिजन अयोध्या हुए थे रवाना

जैसे ही कानपुर नगर में मृतक युवकों के परिजनों को घटना की जानकारी हुई सभी परिजन तत्काल अयोध्या के लिए रवाना हो गए, मिली जानकारी के अनुसार सारे दोस्त अयोध्या से 15 किलोमीटर दूर एक धर्मशाला में रुके हुए थे, रविवार की सुबह है जब वह सरयू नदी पर स्नान करने पहुंचे तो वह शमशान घाट की ओर स्नान कर रहे थे, इसी दौरान डूबने की घटना हुई ।

### जब पहुंचे युवकों के शव तो मच गया कोहराम

परिजनों को जैसे ही जानकारी घटना की हुई थी उसके बाद ही परिजन मृतक युवकों के शव के साथ तीन अन्य युवकों को भी लेने निकल पड़े थे, रात्रि लगभग 11 बजे के करीब जैसे ही वर्ल्ड बैंक कॉलोनी में तीनों युवकों के मृत शव पहुंचे वैसे ही वहां कोहराम मच गया एक ही जगह तीनों के शव रखे गए थे, सभी के परिजन और आसपास के पड़ोसी शवो के पास दहाड़े मार मार कर रोने लगे, कोई ऐसी आंख नहीं बची होगी जिन आंखों से आंसू ना निकल रहे हो यह हृदय बिदारक नजरा देखकर।

### राजनीतिक लोग भी पहुंचे परिजनों का गम बांटने

वर्ल्ड बैंक कॉलोनी के आधा दर्जन बच्चों में से तीन बच्चों की मौत की खबर जैसे ही शहर में फैली परिजनों को सांत्वना देने के लिए राजनीतिक लोगों का भी आना-जाना लगा रहा, मौके पर समाजवादी पार्टी के आर्य नगर विधायक अमिताभ बाजपेई और राजारमपाल समेत दर्जनों नेताओं ने मृतकों के परिजनों के घर पर पहुंचकर उन्हें सांत्वना दी।



# पौना दर्जन चोरियों से हिल गया कानपुर का कमिश्नरेट

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



नौबस्ता थाना क्षेत्र के मछरिया मार्केट मे चोरों ने शनिवार रात सात दुकानों के ताले तोड़ करीब एक लाख रुपये का कैश व माल पार कर दिया। वहीं जूही थाना क्षेत्र मे दो दुकानों का ताला तोड़ा गया। रविवार सुबह जानकारी होने पर घटना से आक्रोशित व्यापारियों ने पुलिस पर गस्त न करने का आरोप लगा कर हंगामा कर दिया। जैसे तैसे मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षेत्र की चौकी इंचार्ज पर कार्रवाई करने व जल्द घटना का खुलासा करने का आश्वासन देकर मामला शांत कराया है। मछरिया तिराहे मार्केट मे आलोक चतुर्वेदी, सूरज, मनोज पांडेय, की कपड़े की दुकान है, जबकि गोरेलाल की बॉम्बे फुटवियर, बहनें रुबीना व चांदनी की बैंगल व कॉस्मेटिक शॉप, राधे की सौरभ बैग इंपोरियम नाम से दुकान है। पीड़ित दुकानदारों ने बताया कि शनिवार रात सभी अपनी दुकान बंद कर घर गए थे, रविवार सुबह सूचना मिली कि कई दुकानों के ताले टूटे हैं। मौके पर पहुंचने पर दुकानों के शटर के ताले टूटे मिले, अलग-अलग दुकानों मे रखी करीब एक लाख की नगदी गायब थी, कपड़े व अन्य सामान भी गायब था। चोरी की सूचना पर नौबस्ता उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष कमल त्रिपाठी, महामंत्री आशीष तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता उपेंद्र तिवारी आदि मौके पर पहुंचे और बसंत विहार चौकी इंचार्ज पर गस्त न करने का आरोप लगाते हुए धरना देकर मछरिया रोड जाम कर दी। व्यापारियों के हंगामे पर नौबस्ता इंस्पेक्टर जगदीश पांडेय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और व्यापारियों को घटना का जल्द खुलासा करने व अधिकारियों से चौकी इंचार्ज की शिकायत करने का आश्वासन देकर धरना खत्म कराया। वहीं जूही के परमपुरवा स्थित बसंती मार्केट मे राम कुमार गुप्ता व पुष्पा गुप्ता की परचून की दुकानों से चोर सामान व कुछ हजार रुपये ले गए। डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने बताया कि नौबस्ता मे सीसीटीवी चेक करने पर 3 चोर कैद हुए हैं। जूही मे आसपास के सीसीटीवी तलाशे जा रहे हैं। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

# ज्यूडिशल ऑफीसर्स जजों वा उनके परिवार को दी हैंड ऑन ट्रेंनिंग

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




मेडिकल कॉलेज के व्याख्यान संख्या एक में रविवार को ज्यूडिशल ऑफीसर्स जजों एवं उनके परिवार को आकस्मिक स्थिति में आवश्यकता पड़ने वाली चिकित्सीय जरूरतो के विषय में जानकारी दी गई। निश्चेतना विभाग के विभागाध्यक्ष एवं उनकी टीम आचार्य डॉ. अपूर्व अग्रवाल, आचार्य डॉ.मीना अरोड़ा एवं अन्य चिकित्सकों द्वारा व्याख्यान के साथ हैंड आन ट्रेंनिंग देकर उन्हें प्रशिक्षित किया गया। जिसमें सभी जजों को 6 ग्रुपों में बांटकर सभी को प्रेक्टिस कर सिखाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रशासनिक न्यायाधीश सिद्धार्थ, प्रधानाचार्य डॉ.संजय काला, जिला जज प्रदीप कुमार सिंह, उप प्रधानाचार्य डॉ. रिचा गिरी, प्रमुख अधीक्षक डॉ. आर. के. सिंह, कैंपस प्रभारी डॉ.एस.के.बर्मन ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस प्रशिक्षण का सजीव प्रसारण प्रयागराज व लखनऊ उच्च न्यायालय के सभी न्यायिक अधिकारियों द्वारा देखा गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ.संजय काला ने मेडिकल कॉलेज की चिकित्सा क्षेत्र में उपलब्धियां बताने के साथ ही सामाजिक क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज की मलिन बस्तियों में सेवा के बारे में बताया उन्होंने कहा कि सीपीआर करना सबको आना चाहिए जिससे महत्वपूर्ण जाने बचाई जा सके।

## आलू दिवस पर किया विभिन्न प्रजातियों का प्रदर्शन



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सब्जी अनुभाग द्वारा केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला के क्षेत्रीय आलू स्टेशन मोदीपुरम, मेरठ में 9 और 10 मार्च को आयोजित दो दिवसीय आलू दिवस के अवसर पर आलू की विभिन्न प्रजातियों का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संगोष्ठी के माध्यम से आलू की खेती में उन्नत प्रौद्योगिकी द्वारा आलू उत्पादक किसानों को इसके उत्पादन में उन्नत तकनीक के बारे में प्रशिक्षित करना रहा। विभागाध्यक्ष डॉ.राम बटुक सिंह ने बताया कि इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के उप महानिदेशक (उद्यान) डॉ. एस. के.सिंह ने विश्वविद्यालय के स्टॉल पर भ्रमण कर जानकारियां प्राप्त करने के साथ आलू की खेती से संबंधित अनुभव साझा किये।उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा आलू की प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया। सहायक महानिदेशक (उद्यान) एवं निदेशक केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान शिमला डॉ.बृजेश सिंह ने स्टॉल का अवलोकन किया। इस कार्यक्रम में आलू उत्पादकों, उद्यमियों तथा उद्योग प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

# विश्वविद्यालय करेगा भारतीय भाषा सम्मेलन का आयोजन




जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय का भाषा संस्थान सीनेट हाल में 12 मार्च को भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, भारतीय भाषा मंच और शिक्षा संस्कृति एवं उत्थान न्यास, नई दिल्ली के सौजन्य से एक दिवसीय भारतीय भाषा सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य भारतीय भाषाओं के संवर्धन के लिए कई स्तरों पर किए जा रहे विभिन्न प्रयासों पर चर्चा करना है। इस अवसर पर देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए हुए विद्वान विभिन्न विषयों पर अपने अपने विचार व्यक्त करेंगे । भारतीय भाषा माध्यम से शिक्षा हर विद्यार्थी तक सुगमतापूर्वक पहुंच सके, इसके लिए विद्यालयी शिक्षा, उच्च शिक्षा, कौशल शिक्षा आदि क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। भारतीय भाषाओं को युवाओं और जन-जन में आकांक्षी बनाने के लिए इन्हें आधुनिक प्रौद्योगिकी तथा रोजगार से जोड़ने का व्यापक कार्य हो रहा है। भारतीय भाषाओं में पाठ्यसामग्री के लेखन को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि हर विद्यार्थी को उसकी अपनी भाषा में शिक्षा लेने का अवसर मिल सके।

## ऑपरेशन त्रिनेत्र-थर्मिट ग्रुप कंपनी त्रिनेत्र एम्बैसडर बनकर 15 क्रॉसिंग को लिया गोद



जन एक्सप्रेस। विनीत सिन्हा

**कानपुर नगर।** कानपुर शहर के नागरिकों की सुरक्षा और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कानपुर के पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा शहर के संभ्रांत नागरिकों से ऑपरेशन त्रिनेत्र के अभियान में जुड़कर महत्वपूर्ण चौराहों/तिराहों को गोद लेकर सीसीटीवी कैमरों के स्थापन में सहयोग करने की अपील की गई थी। थर्मिट ग्रुप की कम्पनी ने सामाजिक जिम्मेदारी के तहत अपने स्मार्ट शहर को अधिक सुरक्षित बनाने के लिये हांथ आगे बढाया। थर्मिट ग्रुप कम्पनी के सीएमडी आलोक नागोरी ने पुलिस आयुक्त अखिल कुमार से शिष्टाचार भेंट की एवं कंपनी की तरफ से 15 क्रॉसिंगों को गोद लेकर ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत कैमरा के स्थापना हेतु गोद लिए हुये क्रॉसिंग की नामावली सूची के साथ सहमति पत्र प्रदान किया। पुलिस आयुक्त महोदय ने इस अवसर पर त्रिनेत्र एंबैसडर आलोक नागोरी की प्रशंसा करते हुए पुलिस एवं नगर निगम की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि आपके सहयोग से निश्चित तौर पर कानपुर शहर की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि शहर के अन्य संभ्रांत और अच्छे नागरिक आगे बढ़कर इसी प्रकार त्रिनेत्र एम्बैसडर को सफल बनाने में अपना योगदान देकर पुलिस प्रशासन के हाथ मजबूत करेंगे।

# राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने महिला दिवस पर किया दिव्यांग बहनों का सम्मान

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने कल शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क बगिया में महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित कर दिव्यांग बहनों का प्रशस्ति पत्र देकर व माला पहनाकर उनका सम्मान किया। आज प्रमुख रूप से अल्पना कुमार, गुड्डी दीक्षित, मीरा कुशवाहा, कुसुम अग्निहोत्री, अनुराधा गुप्ता, आशा पाण्डेय, याशमीन, सीमा कुशवाहा, सरला, तृप्ति खरे, राम जानकी सहित 25 दिव्यांग बहनों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि समाज मे दिव्यांग बहनों को बराबरी का हक मिले तभी महिला दिवस सार्थकता होगा। उन्होंने कहा कि महिला दिवस पर दिव्यांग बहनों को सशक्त बनाने के लिए हम सबको पहल करना चाहिए। जब दिव्यांग बहनें सशक्त हो जायेगी तभी महिला दिवस सार्थक होगा। वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि दिव्यांग महिलाओं का उत्पीड़न घर से लेकर बाहर तक होता है। सरकार को इसे रोकने के लिए कठोर कदम उठाना चाहिये। पार्टी की महिला मोर्चा की प्रवक्ता अल्पना कुमारी ने कहा कि हमें अवसर मिले तो हम किसी के कमजोर नहीं है। हम अपना हक लड़कर व छीनकर लेने का जज्बा रखते हैं।कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, गुड्डी दीक्षित, मीरा कुशवाहा, गोमती वर्मा, अनुराधा गुप्ता, ममता, कुसुम अग्निहोत्री, गौरव कुमार, वैभव दीक्षित आदि शामिल थे।

## कानपुर पुलिस ने दो लुटेरों को किया गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** बीती रात गुजैनी पुलिस को ऑपरेशन त्रिनेत्र से बड़ी सफलता हाथ लगी है। हाल ही मे महिलाओं से हुई चेन लूट के प्रकरण मे पुलिस ने दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। दक्षिण मे इन युवकों ने लूट की कई बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया है। गिरफ्तार हुए युवकों के पास से लूट मे इस्तेमाल की गई बाइक और देशी तमंचा भी बरामद हुआ है। दोनो लुटेरे आरोपीयों का नाम रामबाबू और करन है। दोनो आरोपीयों के ऊपर कई थानों मे गंभीर धाराओं मे मामले मे भी दर्ज हैं और दोनो आरोपी इससे पहले भी जेल जा चुके हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम मे थाना प्रभारी विनय तिवारी संदीप सिंह, दीपक और अन्य शामिल रहे।

## 1975 की इमरजेंसी में मीडिया द्वारा एक लाइन लिख देने पर जेल भेजना क्या यह डिक्टेटर नहीं था: डॉ. दिनेश शर्मा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



शहर में रविवार को गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कॉलेज सभागार में भाजपा कानपुर लोकसभा क्षेत्र का प्रबुद्ध समागम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि विपक्षी पार्टियां कहती है कि भाजपा डिक्टेटरशिप वाली पार्टी है वे लोग शायद भूल गए कि सपा सरकार में वे कहते थे कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। क्या अयोध्या में राम भक्त कार्यसेवकों पर गोली चलाना, भगवान श्री राम का नाम लेने वाले राम भक्तों को जेल में डाल देना, सन 1975 में इमरजेंसी के समय मीडिया द्वारा एक लाइन लिख देने पर जेल भेजना क्या यह डिक्टेटर नहीं था। जबरदस्ती रास्ते चलते लोगों को पकड़ पकड़ कर नसबंदी कराना डिक्टेटर नहीं था। आज देश को एकता और अखंडता को मजबूत करने का प्रयत्न हो रहा है। विपक्षी पार्टियों को भली भांति पता है कि इस बार का लोकसभा चुनाव कोई भी राजनीतिक पार्टी नहीं लड़ रही है बल्कि देश की जनता स्वयं लोकसभा चुनाव लड़ रही है। एनडीए देश में 400 से अधिक सीटें जीत कर तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जाति और धर्म के आधार पर नहीं बल्कि क्रिया और कर्म के आधार पर देश में चौमुखी विकास हुआ है। सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभ से गरीबों के जीवन स्तर में लगातार सुधार हो रहा है। विपक्षी पार्टियां पहले उत्तर प्रदेश को उल्टा प्रदेश कहते थे लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद आज लोग उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश कह रहे हैं। प्रदेश में साढ़े पांच लाख सरकारी नौकरी दी गई। साढ़े तीन करोड लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार दिया गया। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि हिटलर की मानसिकता सपाई मानसिकता थी। अब सपाई मानसिकता समाप्त हो चुकी है। आज देश राम का देश है। आज का भारत विवेकनंद, दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मानसिकता वाला देश है। उन्होंने कहा कि हिटलर मानसिकता वाले लोगों का युग समाप्त हो चुका है। भाजपा का प्रत्याशी कमल का फूल है। पार्टी कार्यकर्ता को ही टिकट मिलेगा। पार्टी में पद से ज्यादा काम महत्वपूर्ण है। इस दौरान शहर के उद्योगपति, व्यापारी, चिकित्सक, प्रोफेसर, शिक्षक, अधिवक्ता, प्रमुख खिलाड़ी, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रमुख, सामाजिक संस्थाओं के प्रमुख रुप से मौजूद रहे।

# इधर गंदगी से तड़प रही माइनर उधर नालियों का भी घुट रहा दम

*** अन्नदाता कहे जाने वाले किसान जिम्मेदारों के सुस्त सिस्टम से परेशान सांसद व विधायक होने के बावजूद चिंतित किसान माइनर नाली दुरुस्तीकरण के लिए लगाई गुहार**

**जन एक्सप्रेस। बाजार शुक्ल, अमेठी**

नहरों की नालियां कभी किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने का आधार होती थीं। कहीं चकरोड बन गए तो कहीं खेत। नहर में पानी आने के बावजूद नालियों के अभाव में खेतों में पानी नहीं पहुंच पाता है। कहीं-कहीं नालियों भी पर्याप्त है नहरों की तरह ही नालियों की भी सफाई हुआ करती थी। अब ऐसा नहीं है। जिम्मेदारों के उदासीनता के चलते नहर से माइनर तक गंदगी का ढेर देखा जा सकता है। क्षेत्र में न नहरों की कमी और न ही उससे निकली नालियों की। मगर विभागीय उदासीनता से नहर से जुड़ी नालियों का अस्तित्व खतरे में है। किसानों के खेतों के सिंचाई का जरिया नहरों की नालियां ही हैं। नहर से पानी निकलकर इसके जरिए दो से तीन किलोमीटर दूर तक खेतों में पहुंचता है। नहर से सटे किसान जैसे-तैसे खेतों की सिंचाई कर लेते हैं। लेकिन दूर वाले किसानों के समक्ष मुसीबत देखा जा रहा है। वे नहर के पानी का लाभ उठाने से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में निजी साधन या समरसेबल के सहारे महंगा खेतों की सिंचाई करनी पड़ती है। पैसे के इंतजाम में कमजोर किसान खेतों की सिंचाई समय से नहीं कर पाते हैं।



### क्षेत्रीय किसानों से साझा की गई बात

मवइया रहमतगढ़ इंदरिया बूबूपुर पाली आदि ग्राम सभाओं के किसानों से उक्त संबंध में जमीनी हकीकत परखी गई बताया पहले नहरों से जुड़ीं नालियां भी पानी से लबालब हुआ करते थे। किसान जरूरत के हिसाब से खेतों की सिंचाई कर लेते थे। अब ऐसा नहीं है।नालियों में पानी आने का यदि इंतजार किया जाए तो खेत सूख जाएंगे। नालियों के माध्यम से आखिरी छोर तक पानी पहुंच जाता था। इसका अस्तित्व खत्म होने से समस्या खड़ी हो गई है। नालियों की पटाई हो जाने से किसानों को आने-जाने के लिए चकरोड तो मिल गए लेकिन सिंचाई का माध्यम छीन गया। किसानों द्वारा अव्यवस्था के लिए विभाग के जिम्मेदारो के लावा कहीं ना कहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी माना जा रहा है।

### माइनर में गंदगी की वजह से अनजान नहीं जिम्मेदार विभाग

एक ओर जहां स्वच्छ भारत मिशन की कवायद तेज स्वच्छ स्वस्थ व समृद्ध बनाने को लेकर जगह-जगह जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। वहीं कस्बे से लेकर गांव की गलियों तक स्वच्छता की आवाज गुजती नजर आए इसके लिए प्रयास भी किया जा रहे हैं। कुछ खास स्थानो पर झाड़ू लगा कर लोग भले ही स्वच्छता के प्रति अपने फर्ज की जिम्मेदारी निभा रहे हो किंतु कस्बे के बीच निकली माइनर में फैंली गंदगी पूरी व्यवस्था की पोल खोलती नजर आती है। माइनर में भरी लबा लब फैंल रही गंदगी की वजहों से विभाग के जिम्मेदार अनजान नहीं है। स्थानीय लोगों द्वारा विभाग को अवगत भी कराया जाता है। मामला आश्वासन तक ही सीमित देखा जाता है।

## लोकसभा चुनाव में खर्चे के निगरानी हेतु व्यय प्रेक्षक हुए नामित



**अमेठी।** जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला मजिस्ट्रेट निशा अनंत ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत सहायक व्यय प्रेक्षकों को नामित किया है। 37अमेठी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में व्यय अनुवीक्षण के संबंध में सौरभ अग्रवाल अधिकारी बैंक ऑफ़ बड़ोदा बहादुरपुर, अभय शंकर वर्मा अधिकारी बैंक ऑफ़ बड़ोदा बहादुरपुर विशाल झा सहायक प्रबंधक बड़ौदा यूपी बैंक बाजार शुकूल, दिग्विजय शुक्ल सहायक प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक वहाबगंज जायस तथा रिजर्व टीम के रूप में भूपेंद्र शुक्ला सहायक प्रबंधक पंजाब एंड सिंध बैंक जायस, निरंजन सिंह बड़ौदा यूपी बैंक बाबूगंज को सहायक व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। डीएम ने बताया कि निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किए गए समस्त व्यय प्रेक्षकों द्वारा सौंप गए दायित्वों का निर्वहन एवं उनके निर्देशन में कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।साथ ही नामित अधिकारी वरिष्ठ कोषाधिकारी अमेठी से समन्वय स्थापित करते हुए उनके निर्देशन में निर्वाचन के दौरान व्यय अनुवीक्षण संबंधी समस्त कार्य समय से पूरा कराएंगे।

# शिक्षक खुद को जलाकर फैलाता है ज्ञान की रोशनी: बृजलाल



**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

अमावां ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय थुलवासा में 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने जा रहे शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शिक्षक सम्मान समारोह और शिक्षा उन्नयन गोष्ठी के मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी संघ के प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र कनौजिया, विशिष्ट अतिथि राही के खण्ड शिक्षा अधिकारी बृजलाल रहे। शिक्षक सम्मान समारोह के दौरान सेवानिवृत्त होने जा रहे संकुल बावन बुजुर्ग बल्ला के पूर्व माध्यमिक विद्यालय हिलगी के प्रधानाध्यापक शफीकुर्रहमान उर्फ गुड्डू व प्राथमिक विद्यालय पूरे जमादार के इंचार्ज प्रधानाध्यापक सैय्यद मो. शहाब हाशमी को अंगवस्त्र, भारत का संविधान देते हुए फूल माला पहनाकर अतिथियों और शिक्षकों ने सम्मान किया गया।

बीईओ वीरेंद्र कनौजिया और बृजलाल ने कहा कि शिक्षक वह मोमबत्ती होते हैं, जो खुद जलकर दूसरों को प्रकाश देने का कार्य करते हैं। शिक्षा और शिक्षक एक दुसरे के पूरक होते है। उन्होंने कहा कि वे शिक्षा की रोशनी के पूरे समाज को रोशन करते रहते हैं। काम से ही व्यक्ति की पहचान होती है। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव ने कहा कि जिस दिन से सेवा में आ जाते हैं, उस दिन से सेवानिवृत्त की तिथि तय हो जाती है लेकिन हमारे साथियों का काम समाज शिक्षा की अलख जगाना है जो कि सदैव जारी रहता है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने कहा कि पौराणिक काल से ही गुरु ज्ञान के प्रसार के साथ साथ समाज के विकास का बीड़ा उठा रहे हैं। गुरू अज्ञान रुपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाने वाला सशक्त माध्यम होता है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक संस्कार के ज्ञानदीप शिक्षक होते हैं।

डीपीए के प्रदेश महामंत्री अशोक प्रियदर्शी व प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र के प्राण तत्व है एवं समाज के सफल मार्गदर्शन होते हैं। विद्या नामक धन मनुष्य का अधिक सौंदर्य होता है, ये गुप्त से भी गुप्त धन है जिसका कभी कोई चोर चोरी नहीं कर सकता है। ये सेवानिवृत्त जरुर हुए है, पर सेवा के दायित्वों से नहीं। जिला स्काउट मास्टर शिव शरण सिंह, उर्दू शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मोईनुल हसन, शिक्षक राम प्रकाश अवस्थी, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिंह, शशिप्रकाश श्रीवास्तव ने शिक्षकों के संबोधन में कहा कि आपकी इस यात्रा के दौरान हजारों बच्चों का भविष्य बना है। आपकी आगे की यात्रा बेहतर रहे। इस मौके पर रामनरेश पाल, बेग साहब, धर्म कुमारी, शैल श्रीवास्तव, अनीता, फात्मा, शिवाकांत, रामेश्वरनाथ, अमर सिंह यादव, फरजाना, ऊषा सिंह, करुणा यादव, ब्रिजेश, उनसिया असगर, विनोद यादव, रामभरत राजभर, गरिमा सिंह, ऊषा, कमल अहिरवार, हेमलता, अर्चना बौद्ध, महफूज, डॉ0 मनोज, राजेन्द्र सिंह, सुधीर कुमार, कृष्णाशंकर यादव, धर्मेन्द्र सिंह चौहान, अवनीश कुमार, हरिबिन्दर, सत्यभामा, विश्रामा, राजकुमारी, शिवेंद्र सिंह, राम गोपाल, आएशा अफरोज, धर्मेन्द्र तिवारी, सुनीता, रामेश्वरी, मनोज, अंकिता, राजेश, रामनरेश, संदीप वर्मा, वरुणेंद्र सिंह, विजयकांत आदि लोग मौजूद रहे।

### यह विद्यालय न होता तो हम न होते मास्टर: गुड्डू मास्टर

तीन दशक से अधिक समय तक परिषदीय विद्यालयों में सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं प्रधानाध्यापक शफीकुर्रहमान उर्फ गुड्डू मास्टर अपना उद्बोधन देते समय बहुत ही भावुक हो गए उन्होंने कहा कि जिस विद्यालय में हमारा सम्मान हो रहा है इसी विद्यालय की वजह से ही हम मास्टर बने। अगर यह विद्यालय हमारे गांव में न होता तो हम आठवीं तक पढ़ाई न कर पाते। आज हमारे लिए बहुत ही भावुक वाला क्षण है कि जहां पर पढ़े उसी विद्यालय में आज हमारा सम्मान हो रहा है। यह थुलवासा हमारा गांव और हमारी शान भी है। हिलगी विद्यालय के बारे में उन्होंने कहा कि विद्यालय में शायद मीना मैम न होती तो उसकी चमक उतनी न हो पाती। मैनेजमेंट हमारा रहता था और मेहनत शिक्षिका मीना की रहती थी। उसका नतीजा है कि आज हिलगी का नाम बहुत आगे है।

# खाटू श्याम के भजनों पर झूमे हजारों भक्तगण

**जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर**



श्री श्याम प्रभु खाटू वाले के 23वें श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव में गौरी शरण और सावन नागदा के मधुर भजनों पर भक्त झूम उठे। श्री श्याम सत्संग मंडल सुल्तानपुर के तत्वाधान में आयोजित फाल्गुन महोत्सव शनिवार की रात श्री श्याम प्रभु खाटू वाले के नाम रही। इस वर्ष बाहर से आए हुए कलाकारों द्वारा सजाए गए भव्य दरबार में बैठे खाटू नरेश की नयनाभिराम छवि को एक टक निहारते हुए श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर दर्शन एवं पूजन किया।

कार्यक्रम का प्रारंभ मंडल के सदस्य अंकुर अग्रवाल द्वारा सपत्नीक विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन कर ज्योत प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात मंडल के ही सदस्य राजवीर श्रीवास्तव ने गणेश वंदना, हनुमत वंदना की प्रस्तुति दी तत्पश्चात इंदौर मध्य प्रदेश से पधारी स्वर कोकिला गौरी शरण की प्रस्तुति 'पलकें ही पलकें बिछाएंगे जिस दिन श्याम प्यारे घर आएंगे' तथा 'हे गिरधारी कृष्ण मुरारी मेरी नैया कर दो पर खिवैया बन जाओ' पर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। नीमच मध्य प्रदेश से पधारे सावन नागदाके सुरीले स्वरों से लोग मंत्र मुग्ध हो गए।

उनके आकर्षक भजनों 'मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे श्याम आएंगे', 'हम हारे हारे हारे तुम हारे के सहारे' आदि भजनों पर लोग भाव विभोर हो गए तथा 'आज बिरज में होली रे रसिया', 'मुकुट सिर मोर का मेरे चित चोर का', 'राधा की पायल छम छम बाजे' आदि भजनों पर भक्त थिरकने पर मजबूर हो गए तथा जमकर नृत्य किया।

चिराग ग्रुप दिल्ली के द्वारा सजीव चित्रण झांकियां के माध्यम से अयोध्या के श्री रामलला के श्यामल स्वरूप का बड़ा ही मनमोहन मंचन किया गया इसके अतिरिक्त शिव पार्वती की झांकी हनुमान जी के चार स्वरूपों की एक साथ प्रस्तुति दी गई तथा राधा कृष्ण की विभिन्न स्वरूपों पर आधारित महाराष्ट्र की झांकी पर भक्त थिरके और आनंदमय होकर नित्य किया। कार्यक्रम स्थल पर आयोजक मंडल द्वारा खाटू मेले के नजारे के चित्र तोरण द्वार पर राजस्थानी पगड़िया ध्वज संग परिवार सहित सेल्फी लेने से लोग नहीं चूके। लोगों ने राधे जी की रसोई भोजन प्रसाद का लुफ्त भी लिया। इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या विगत वर्षों से कहीं अधिक रही।

## सड़क हादसों में 2 की मौत

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** अयोध्या प्रयागराज राजमार्ग पर कूरेभार व लंभुआ कोतवाली क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है। मरने वालों में एक युवक प्रतापगढ़ जिले का निवासी है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम में भेजकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दिया है। अयोध्या-प्रयागराज मार्ग पर थाना क्षेत्र के किरौदी मोड़ के पास वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल युवक को लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शनिवार की शाम करीब पांच बजे किरौदी मोड़ के पास बाइक सवार युवक चित्रांश सिंह पुत्र राम बहादुर सिंह (22) निवासी बल्लीपुर थाना कुड़वार बाइक से सुलतानपुर जा रहा था। पीछे से सुलतानपुर की तरफ जा रहे वाहन ने टक्कर मार दी। इससे उसकी जान चली गई। वही प्रतापगढ़ जनपद के कन्हई थानाक्षेत्र के सागर सराय निवासी उदय राज यादव उम्र लगभग 45 वर्ष अपने रिश्तेदार भदौना थाना कन्हई जनपद प्रतापगढ़ निवासी कर्मराज यादव उम्र 55 वर्ष के साथ बाइक से घर जा रहे थे।

# कसाई पार्टी को नहीं, जो पार्टी गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करें, उसी को वोट

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**



गौमाता को राष्ट्र माता घोषित कराने व गौकशी बंद कराने हेतु रविवार को जिला मुख्यालय गौरीगंज में ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती '1008' महाराज के आह्वान पर गौ भक्तो ने अपनी अपनी दुकानें बंद कर पूर्ण समर्थन किया।सनातन धर्मियों ने गौ माता को राष्ट्र माता घोषित कराने के लिए घरों, प्रतिष्ठानों से बाहर सड़क, गली में निकल कर गौ माता का जयकारा लगाते हुए अपनी भावनाओं से भारत सरकार को अवगत कराया। और लोगों ने कहा की अब हम लोग किसी भी हालत में गोविंद की इस भारत भूमि पर गौ माता का रक्त नहीं गिरने देंगे।धर्मांसद राकेश तिवारी ने कहा कि यह भारत बंद स्वेक्षा से दस मिनट के लिए हम लोगों ने किया।

और बिना बल प्रयोग के इस भारत बंद से हमारा देश एक दिन पीछे भी न जाए,और गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने व गोकशी पूर्णतया बंद कराने हेतु सरकार को अपना स्पष्ट संदेश भी दे दिया गया। साथ ही कहा कि यह अभियान भारतीय नस्ल के देशी गौमाता की रक्षा हेतु चलाया गया है। विदेशी नस्ल के जर्सी पशुओं हेतु नहीं है।

उन्होंने कहा कि आज सभी सनातनधर्मियों ने गौ माता की जय का उद्घोष कर दस मिनट हेतु अपने अपने प्रतिष्ठान को बंद किया। गौ माता राष्ट्रमाता कार्यालय गौरीगंज अमेठी प्रभारी हरिप्रसाद दूबे ने कहा कि गाय में सभी देवताओं का वास होता है। अतःगौमाता को राष्ट्रमाता घोषित किया जाए। हम लोग भारत सरकार से अपील करते हैं कि जल्द से जल्द सरकार इस और कदम उठाए।

# बंद मकान को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों के गहने व नकद उड़ाये

**जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर**

चोरों ने नगर कोतवाली पुलिस को फिर चुनौती दी है। दिन में ही नगर के घरहां क्षेत्र में चोरों ने एक मकान पर धावा बोला और लाखों के जेवर व कैश उड़ा दिए हैं। पीड़ित परिवार जब घर पर पहुंचा तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। इस मामले में तहरीर मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मामला नगर कोतवाली के घरहां खुर्द मोहल्ले का है। मोहल्ला निवासी मेराज अहमद पुत्र रियाज अहमद ने यहां अपना मकान बनवाया हुआ है। वे मूल रूप से गोसाईगंज थानाक्षेत्र के सैफुल्लागंज के निवासी हैं। मेराज किसी काम से लखनऊ निकल गए, उनके जाने के बाद पत्नी सितारा बानो और पुत्र गुफरान अहमद अपने निजी आवास सैफुल्लागंज के लिए निकल गए। यहां घर पर ताला बंद था। जब मेराज अहमद अपने घर शाम को वापस आए तो देखा की घर के अंदर के घुसने वाला ताला टूटा है। उनके साथ उनकी बेटी भी थी, बेटी भागकर जल्दी से अंदर कमरे की ओर गई तो दंग रह गई। उसने पापा कहकर चिल्लाया जब मेराज अंदर घुसे तो उनके होश उड़ गए। बॉक्स का ताला तोड़कर सारा सामान बिखरा पड़ा था।

मेराज की माने तो उनके घर में नवंबर माह में शादी है। जिसको लेकर धीरे-धीरे घर में तैयारी चल रही थी। उन्होंने बताया लगभग 10 लाख के जेवर और कुछ कैश पर चोरों ने हाथ साफ किया है। उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ ने लोकसभा चुनाव का फूंका बिगुल

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**




भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ रायबरेली की बैठक भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी की अध्यक्षता में राजर्षि रामपाल सिंह वैदिक इंटर कॉलेज रायबरेली में आयोजित हुई। इस बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत शिक्षक प्रकोष्ठ की भूमिका का निर्धारण किया गया एवं बूथ स्तर के मतदाताओं तक पहुंच की रणनीति तय की गई। उक्त बैठक में सर्वसम्मति से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से लोकसभा चुनाव संयोजक, सहसंयोजक नियुक्त किए गए। सरेनी विधानसभा क्षेत्र से चंद्रप्रकाश पांडे को संयोजक एवं अमरेश सिंह को सहसंयोजक की जिम्मेदारी दी गई। सदर विधानसभा से ऋषि राज त्रिपाठी को संयोजक, सुनील कुमार द्विवेदी को सहसंयोजक, हरचंदपुर विधानसभा से कृष्णकांत तिवारी को संयोजक तथा श्रीश कुमार तिवारी को सहसंयोजक, विधानसभा बछरावां से प्रेम शंकर मिश्र को संयोजक, अजय अवस्थी को सहसंयोजक, ऊंचाहार विधानसभा से नागेन्द्र बहादुर सिंह को संयोजक, इश्वरी प्रसाद तिवारी को सहसंयोजक, इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र सलोन में श्रवण कुमार अवस्थी को संयोजक एवं रविशंकर द्विवेदी को सहसंयोजक की जिम्मेदारी दी गई। इस बैठक में जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ दिलीप द्विवेदी, प्रधानाचार्य महासभा के जिला संयोजक नरेंद्र बहादुर सिंह प्रधानाचार्य बैसवारा इंटर कॉलेज लालगंज, चंद्र प्रकाश पांडे, धीरेंद्र कुमार मिश्रा, डॉक्टर जितेंद्र प्रताप सिंह, मनोज कुमार अवस्थी, श्रवण कुमार अवस्थी, ने अपने विचार रखें। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश को एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी ने प्रदेश को दिशा दी है वह सराहनीय है। हमें सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना है इस कार्य को शिक्षक ही बेहतर तरीके से कर सकते हैं। इस अवसर पर शिक्षक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह प्रधानाचार्य बैसवारा इंटर कॉलेज लालगंज, वरिष्ठ भाजपा नेता पुष्पेंद्र सिंह, ऋषिराज त्रिपाठी, नागेन्द्र बहादुर सिंह, श्रवण कुमार अवस्थी, सुनील कुमार द्विवेदी, चंद्र प्रकाश पांडे, प्रेम शंकर मिश्रा, डॉक्टर जितेंद्र प्रताप सिंह, संतोष कुमार मिश्रा, अमरेश सिंह, रवि शंकर द्विवेदी,प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक चंद्रधर शर्मा जिला मंत्री शिक्षणेत्तर संघ रतन सिंहआदि मौजूद रहे द्यकार्यक्रम का संचालन डॉक्टर कमलाकांत एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ दिलीप द्विवेदी ने किया।

# ट्रक में पीछे से घुसी कार, 5 घायल दर्शन कर लौट रहे थे दर्शनार्थी

**जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर**

अयोध्या से दर्शन कर लौट रहे दर्शनार्थियों की एक कार पीछे से ट्रक में जा घुसी। कार पर सवार पांच दर्शनार्थी घायल हुए हैं। इनमें से दो को अयोध्या रेफर किया गया है। घटना हलियापुर थाना क्षेत्र के कूरेभार मोड़ की है।

जानकारी के अनुसार राजस्थान के जयपुर जिले के परागपुरा थाना के करोली निवासी कुसुम (55) पत्नी राम अवतार सिंह, राम अवतार सिंह (69) पुत्र घीसा सिंह, रूपवती (62) पत्नी जगदीश, नीलम सिंह (35) पत्नी कप्तान सिंह व कप्तान सिंह (38) पुत्र राम शरण सिंह अयोध्या से दर्शन कर वापस घर जा रहे थे। गाड़ी कप्तान सिंह चला रहे थे। कार हलियापुर थाना क्षेत्र के कूरेभार मोड़ पर पहुंची थी कि सामने जा रही ट्रक का टायर फट गया। पीछे से तेज रफ्तार से आ रही कार चालक डिसबैलेंस हो गया और वो कार को लेकर सीधे ट्रक में पीछे से घुसा। कार के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार सभी लोग घायल हो गए। इतने में पीछे से कार से आ रहे पिठला अस्पताल के डॉक्टर प्रवीण कुमार बरनवाल भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने गाड़ी रोककर एंबुलेंस बुलाया और सभी घायलों को पिठला अस्पताल भिजवाया। जहां से दोनो महिलाओं की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें अयोध्या रेफर किया गया है। जबकि ट्रक चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया है। थानाध्यक्ष अंजू मिश्रा ने बताया कि सभी की हालत ठीक है घायलों के परिजनों को सूचना दी गई है।

# माता-पिता की सेवा व समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल

**जन एक्सप्रेस। बाजार शुक्ल, अमेठी**



ग्राम सभा मवैया रहमतगढ़ के अंतर्गत पूरे शुक्लन गांव में यजमान देवेंद्र शुक्ला के आवास प्रांगण परिसर में जारी श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन भक्त प्रहलाद प्रसंग सुनाया गया। कथा व्यास पंडित माता फेर निर्मोही महाराज ने कहा कि भक्त प्रहलाद ने माता कयाधु के गर्भ में ही नारायण नाम का मंत्र सुना था। जिसके सुनने मात्र से भक्त प्रहलाद के कई कष्ट दूर हो गए थे। कथा का आगाज गुरु वंदना के साथ किया गया। इसके उपरांत उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की पावन लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को धर्म का ज्ञान बचपन में दिया जाता हैए वह जीवन भर उसका ही स्मरण करता है। ऐसे में बच्चों को धर्म व आध्यात्म का ज्ञान दिया जाना चाहिए। माता-पिता की सेवा व प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल है। अच्छे संस्कारों के कारण ही ध्रुव जी को पांच वर्ष की आयु में भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ। इसके साथ ही उन्हें 36 हजार वर्ष तक राज्य भोगने का वरदान प्राप्त हुआ था। ऐसी कई मिसालें हैं जिससे सीख लेने की जरूरत है।इस मौके पर संकीर्तन मंडली की सदस्यों ने प्रभु महिमा का गुणगान किया। उन्होंने कई मनमोहक भजन प्रस्तुत किए। जिन पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

## घर और दुकानों को चोरों ने बनाया निशाना, जांच में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** लंभुआ कोतवाली क्षेत्र में चोरी की घटनाओं की बाढ़ आ गई है। दो दिनों में दुकानों और मकान को निशाना बनाकर चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती दे डाला है। एक मकान में हुई चोरी की घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है। लंभुआ कोतवाली थानाक्षेत्र के जैतपुर भिटार गांव में आज उस समय हड़कंप मच गया जब यहां के संजीव यादव के घर बीती रात अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर घर में रखें कीमती सामान एवं 50 हजार की नगदी चुरा लिया। जिसकी शिकायत पीड़ित परिवार ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। कोतवाली पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

### घर-घर गायत्री मंत्र लेखन एवं धर्म घट स्थापना का अभियान

# यज्ञ त्यागमय जीवन के आदर्श का प्रतीक

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**



युगतीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार अमेठी द्वारा गृहे गृहे गायत्री महायज्ञ अभियान के अन्तर्गत थौरा एवं टिकरी के घरों में गायत्री महायज्ञ एवं देव स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। साथ ही राष्ट्र जागरण 251कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं युवा अभ्युदय कार्यक्रम की सफलता हेतु गायत्री मंत्र लेखन की पुस्तिका एवं धर्म घट की स्थापना भी कराई गई।यज्ञाचार्य राधेश्याम तिवारी ने यज्ञ कराते हुए कहा कि यज्ञ त्यागमय जीवन के आदर्श का प्रतीक है। यह मेरा नहीं सम्पूर्ण समाज का है।

इन भावनाओं के विकास से ही हमारा सनातन आध्यात्मिक समाजवाद जीवित रह सकता है।अपनी प्रिय वस्तुएं घृत, मिष्ठान्न,मेवा औषधियाँ आदि हवन करके उन्हें सारे समाज के लिये बाट देकर हम उसी प्राचीन आदर्श को मनोभूमि में प्रतिष्ठापित करते हैं। यज्ञाचार्य सुभाष चंद्र द्विवेदी ने यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य अपनी योग्यता, शक्ति, विद्या, सम्पत्ति, प्रतिष्ठा, प्रभाव पद आदि का उपयोग अपने सुख के लिये कम से कम करके समाज को उसका अधिकाधिक लाभ देवें, यही आदर्श यज्ञ में सन्निहित है।यज्ञ की प्रतीक पूजा से उन भावनाओं को सारेसमाज को हृदयंगम कराया जाता है।

यज्ञाचार्य सुशील शर्मा ने बताया कि यज्ञों की भौतिक और आध्यात्मिक महत्ता असाधारण है। भौतिक या आध्यात्मिक जिस क्षेत्र पर भी दृष्टि डालें उसी में यज्ञ की महत्वपूर्ण उपयोगिता होती है।डॉ विजय लक्ष्मी सिंह ने बताया कि यज्ञ के द्वारा जो शक्तिशाली तत्व वायु मण्डल में फैलाये जाते हैं।उनसे हवा में घूमते हुए असंख्यों रोग के कीटाणु सहज ही नष्ट होते हैं।साधारण रोगों एवं महामारियों से बचने का यज्ञ एक सामूहिक उपाय है।यज्ञ द्वारा रोगों की भी चिकित्सा हो सकती है।यज्ञ तत्व का ठीक प्रकार उपयोग करके अन्य चिकित्सा पद्धतियों के मुकाबले में अधिक मात्रा में और शीघ्रतापूर्वक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। रविवार को गृहे गृहे गायत्री महायज्ञ एवं देवस्थापना कार्यक्रम के 74वें चरण में यजमानों के घरों में यज्ञ कर्म सम्पन्न हुआ।जिला समन्वयक डॉ त्रिवेणी सिंह ने सभी यजमानों को शुभकामनाएँ देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान की सराहना की।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 28°C | 14°C |
| कानपुर | 28°C | 14°C |
| देहरादून | 26°C | 16°C |
| नई दिल्ली | 28°C | 15°C |

# आठ हजार युवाओं को मिला जॉब ऑफर, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चयनित युवाओं को दिए सर्टिफिकेट

* रोजगार से युवाओं के बेहतर भविष्य व उनके परिवार की जीवन शैली में सुधार होगा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में रविवार को कौशल महोत्सव रोजगार मेले का समापन हुआ। मुख्य अतिथि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रोजगार मेले में चयनित युवाओं को जॉब ऑफर सर्टिफिकेट दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि रोजगार से युवाओं के बेहतर भविष्य व उनके परिवार की जीवन शैली में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को खुद के साथ माता-पिता का भी ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्रम समापन में रक्षामंत्री के साथ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर, मुख्य संयोजक नीरज सिंह मंच पर मौजूद रहे। कार्यकम संयोजक नीरज सिंह ने कहा कि पिछले साल पांच हजार से अधिक युवाओं को नौकरी दी गई। इस बार आठ हजार से अधिक युवाओं को विभिन्न पदों पर जॉब ऑफर दिये गये। युवाओं को बेहतर रोजगार मिले इसके लिए केंद्र व प्रदेश सरकार सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। वह दिन दूर नहीं जब युवा नौकरी मांगने की बजाय नौकरी देने वाले बनेंगे। रोजगार मेले में लखनऊ सहित पूरे प्रदेश के युवा उमड़े।



### 8500 से अधिक युवाओं ने किया प्रतिभाग

अमेजॉन, एग्रो, जिओ, एसबीआई कार्ड बजाज, कैपिटल, फ्लिपकार्ट एक्सिस बैंक, हुंडई मोटर, इंडिगो, डोमिनोज, लुलु इंडिया शॉपिंग मॉल, मैक्स लाइफ श्रीराम फाइनेंस, वी-मार्ट जैसी कंपनियों ने प्रतिभाग किया। एनएसडीसी के अनुसार, पहले दिन 8500 से अधिक युवाओं ने प्रतिभाग किया। इनमें 5541 का पंजीकरण जबकि 2748 से अधिक उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया। आयोजन के लिए एमबीए, आईटीआई, डिप्लोमा होल्डर्स, ग्रेजुएट, इंटरमीडिएट और हाईस्कूल सहित विभिन्न शैक्षिक योग्यता वाले युवाओं ने पंजीकरण कराया। यह मेला पीएमकेके, पीएमकेवीवाई, अप्रेंटिसशिप और कई कौशल विकास योजनाओं से संबंधित उम्मीदवारों के लिए भी खुला रहेगा।

### विप्रो व भारती एयरटेल के लिए प्लेसमेंट ड्राइव 18 व 19 को

विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए विप्रो और भारती एयरटेल जैसी नामी कंपनियों में नौकरी पाने का मौका है। विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन होगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 मार्च है। प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि विप्रो एचआर सर्विसेज प्रा. लि. कंपनी में कस्टमर सर्विस रिप्रेजेंटेटिव पद पर 3.08 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज के लिए बीबीए, बीसीए, बीकॉम, बीए, बीएचएम, बीजेएमसी और बीएससी (गणित ऑनर्स, सांख्यिकी ऑनर्स, अर्थशास्त्र ऑनर्स, बीएससी-कंप्यूटर साइंस और बीएससी-आईटी पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। विप्रो में तीसरे चरण के लिए रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन 18 व 19 मार्च को लविवि के अभियांत्रिकी संकाय में किया जाएगा। वहीं भारती एयरटेल में एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के पद पर 4.5 लाख प्रतिवर्ष पैकेज के लिए एमबीए की छात्राएं दिए गए लिंक पर जाकर आवेदन कर सकती हैं।

# लखनऊ एयरपोर्ट : शुरू हुआ नया टर्मिनल टी-3, पीएम मोदी ने रिमोट से किया शुभारंभ



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का शुभारंभ हो गया है। इस टर्मिनल को टी-3 के नाम से जाना जाएगा। नए टर्मिनल टी-3 का पीएम नरेंद्र मोदी ने आजमगढ़ से रिमोट से शुभारंभ किया। इसी के साथ-साथ उन्होंने लखनऊ से यूपी के पांच जिलों की सस्ती उड़ानों का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर अमौसी एयरपोर्ट पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह उपस्थित रहे। अमौसी एयरपोर्ट पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रक्षामंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह, नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह व निदेशक करन अदाणी उपस्थित रहे। अमौसी एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि नए टर्मिनल का निर्माण कार्य कोविड के पहले शुरू हुआ था, पर कोरोनाकाल की वजह से सुस्त हो गया था। इसका निर्माण कार्य 1400 करोड़ से शुरू हुआ था, जिसकी लागत बढ़कर 3900 करोड़ रुपये पहुंच गई है। टर्मिनल का एक हिस्सा बनकर तैयार हो गया है। शेष कार्य पूरा होने में समय लगेगा। ऐसे में टर्मिनल के तैयार हो चुके हिस्से का शुभारंभ किया जाएगा।

### 10,400 करोड़ से बनेगा टी-4

भविष्य की जरूरतों को देखते हुए अमौसी एयरपोर्ट प्रशासन एक और टर्मिनल की रूपरेखा तैयार कर चुका है। टी-3 के बन जाने के बाद चौथे टर्मिनल को बनाया जाएगा, जो और भी भव्य व सुविधाओं से लैस होगा। इस टर्मिनल को बनाने पर कुल 10,400 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसकी पर्यावरणीय अनुमति पहले ही ली जा चुकी है।

### पांच उड़ानों को दिखाई गई हरी झंडी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लखनऊ से पांच शहरों की फ्लाइटों को भी हरी झंडी दिखाई। इसमें आजमगढ़ से लखनऊ की उड़ान सहित लखनऊ से मुरादाबाद, चित्रकूट, श्रावस्ती, अलीगढ़ की उड़ानें भी शामिल हैं। यह फ्लाइटें फ्लाईबिग एयरलाइन शुरू कर रही है, जिसका किराया 1048 रुपये रहेगा। विमान 19 सीटर होगा। उड़ानों का शेड्यूल पहले ही जारी किया जा चुका है।

### इसलिए खास है नया टर्मिनल

नए टर्मिनल टी-3 के पूरी तरह तैयार हो जाने के बाद अमौसी एयरपोर्ट की क्षमता बढ़ जाएगी। इस टर्मिनल को 1,15,000 वर्गमीटर जमीन पर बनाया जा रहा है। इसके तैयार होने पर सालाना 1.30 करोड़ यात्रियों की आवाजाही हो सकेगी। यह टर्मिनल एक साथ 4000 यात्रियों को होल्ड कर सकेगा। इतना ही नहीं टर्मिनल पर 14 एयरोब्रिज, 30 लिफ्ट होंगी। यहां से 3200 घरेलू व 800 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन हो सकेगा। टर्मिनल के बाहर 1500 वाहनों के लिए मल्टीलेवल पार्किंग भी बन रही है।

### जर्मनी के फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट जैसा होगा लुक

अमौसी एयरपोर्ट के नए टर्मिनल को जर्मनी के फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट की तर्ज पर बनाया जा रहा है। इसका लुक बेहद खास है। हाल ही टर्मिनल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जो यात्रियों को बहुत पसंद आई। इंटीरियर से लेकर यात्री सुविधाओं तक पर विशेष रूप से कार्य किया गया है।

# न खाता न बही, मलिहाबाद तहसील प्रशासन जो कहे वह सही





जन एक्सप्रेस । लखनऊ

एक तरफ़ प्रदेश सरकार सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त कराने तथा भ्र्ष्टाचार मुक्त शासन की बात करती है वही दूसरी तरफ़ लगातार सरकार के जिम्मेदार नुमाइंदे ही मोटी रकम लेकर सरकारी भूमि पर कब्जा कराने से बाज़ नहीं आते है। राजधानी लखनऊ की मलिहाबाद तहसील की ग्राम पंचायतो मे सरकार की तमाम कोशिशो के बावजूद सैकड़ों बीघा जमीने भू माफियाओ के कब्जे से मुक्त होती नहीं दिख रही वही दूसरी तरफ़ तमाम सरकारी जमीनों पर कही तो तहसील प्रशासन सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे खाली कराने मे नाकाम रहा तो कही मोटी रकम लेकर नेकपाल और क़ानूनगो ही सरकारी जमीनों पर कब्जे कराने मे संलिप्त नज़र आते है। ऐसा ही एक मामला मलिहाबाद तहसील की पंचायत सुरगौला मे मे प्रकाश मे आया है जानकारी के मुताबिक ग्राम प्रधान ने तहसील प्रशासन से मिलीभगत कर गाँव के कुछ दनाढ्य लोगों से मोटी रकम लेकर एक ही परिवार के कई लोगों उस जमीन फर्जी पट्टे क़र दिये जिसपर विगत तीस वर्ष से लोग घर बनाकर रह रहे है। जबकि पूर्व मे प्रशासन ने इन पट्टो को गैरकानूनी मानकर विचारधीन श्रेणी मे क़र दिया था और तीस वर्ष से काबिज ग़रीब ग्रामीणों ने मुकदमा दायर क़र न्याय की गुहार लगाई थी जिसका मामला मलिहाबाद तहसील मे विचाराधीन है। लेकिन स्थानीय लेखपाल कानूनगो और ग्राम सभा के प्रधान ने गाँव के धनाढ्य लोगों से मोटी रकम लेकर गरीब दलितों के घर गिराने की धमकी लगातार देने से बाज़ नहीं आ रहे है। वही दूसरा मामला ग्राम पंचायत सेंधरवा के काजीखेडा के गाटा संख्या 529 के रकबा 0.164हे मे से 0.0065 हे भवन निर्माण क़र अवैध करने वाले भू माफिया के खिलाफ फैसला सुनाते हुये मजिस्ट्रेट मलिहाबाद ने 2023 मे दबंग भू माफिया से कब्जा खाली कराने का आदेश दिया था लेकिन जिम्मेदार लेखपाल और कानूनगो ने अवैध कब्जेदार से सांथगांठ क़र आज तक जमीन को कब्जामुक्त नहीं कराया है। वही दूसरा मामला थाना माल की पंचायत पारा भदराही का जहाँ बंजर भूमि की गाटा संख्या 463 की 0.013 हेक्टेयर जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किये प्रतिवादी बाबू लाल पुत्र गुरुदयाल निवासी हसनगंज मजरा पारा भदराही तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ को 2625 रूपये का जुर्माना लगाकर बेदखल का आदेश 2019 मे किया था मगर पांच साल बीत जाने के बाद भी मलिहाबाद प्रशासन जमीन खाली कराने की जद्दोजहद नहीं करना चाहता मगर अवैध कब्जेदारो से से धन लेकर उसी बंजर जमीन पर कब्जा कराने मे मसगूल है।

अब देखने वाली बात यह होगी प्रशासन के भ्रष्ट अधिकारीयों पार सरकार कार्यवाही करती है या अधिकारी भू माफियाओ पर क़र्यवाही करते है।

## बीकेटी नगर पंचायत में पेयजल व शौचालय की किल्लत से नागरिक परेशान

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब कस्बे के मुख्य बाजार में सार्वजनिक शौचालय नहीं है। इससे ग्राहकों व दुकानदारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सबसे अधिक समस्या बाजार में खरीदारी करने के लिए आने वाली महिलाओं को होती है। दुकानदारों ने बाजार में सार्वजनिक शौचालय बनाने की मांग की है। दुकानदारों का कहना है कि कुछ दुकानदारों के घर पास में हैं, जिसके चलते वे लघु शंका के लिए घर चले जाते हैं। अधिकतर दुकानदारों को काफी दिक्कत झेलनी पड़ रही है। उन्हें अपनी दुकान बंद कर घर की दौड़ लगानी पड़ती है। घर दूर होने के कारण आने जाने में काफी समय बर्बाद होता है। वहीं ग्राहकों को भी मुश्किल का सामना करना पड़ता है।स्थानीय दुकानदारों के मुताबिक करीब 3 किलोमीटर के दायरे में बसे इस कस्बे में नगर पंचायत द्वारा एक सामुदायिक शौंचालय बनवाया गया है, जिसमें चौबीस घंटे ताला लगा रहता है।



# राजधानी के मोहल्ले अब भी विकास से कोसों दूर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजधानी लखनऊ को एक तरफ़ स्मार्ट सिटी के रूप मे विकसित करने की पुरुजोर कोशिश जारी है। लेकिन वही दूसरी तरफ़ राजधानी के कुछ मोहल्ले अब भी मूलभूत विकास से कोसों दूर है कहने को एस पी जी आई क्षेत्र तेली बाग लखनऊ का एक विकसित क्षेत्र है। लेकिन दशकों पहले बसा एकता नगर मोहल्ला स्थित कल्ली पाश्चिम, साहू कॉलोनी आज भी अदद सड़क को तरस रही , जहां पर बारिश की चार बूंदे भी गिर जाये तो सड़क पर चलना दूभर हो जाता है। कच्ची सड़क वह भी गड्ढा युक्त जिसपर उछलते हुये गुजरना पड़ता है। कभी कभी कच्ची सड़क के हालात इतने ख़राब होते है की लोगों को अपनी गाड़ियां रोड़ पर बाहर खड़ी क़र 700 मीटर कच्ची सड़क को पैदल नापाना पड़ता है। मोहल्ले के निवासी विमल कांत ने बताया लगभग 700 मीटर की रोड बननी है। जिसके लिये हम सभी मोहल्ला वासी क्षेत्रीय विधायक, सांसद एवं जिम्मेदार अधिकारियो से मिलकर कई बार सड़क बनाने की प्रार्थना क़र चुके मगर कोई सुनवाई नहीं होती है।

## आबकारी टीम ने मारा द कांसेप्ट रेस्टोरेंट में छापा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लोकसभा चुनाव एवं होली पर्व के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश शासन व आबकारी आयुक्त के आदेश के क्रम में अवैध शराब की बिक्री,परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाए जाने हेतु प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है।09 मार्च की रात में सूचना मिली कि गोमतीनगर क्षेत्र में बिना ऑकेजनल बार लाइसेंस एफ.एल.-11 के द कॉन्सेप्ट रेस्टोरेंट में मदिरा पिलाई जा रही है। आबकारी अधिकारी राकेश सिन्ह के नेतृत्व मे आबकारी निरीक्षक विवेक सिंह व रजनीश प्रताप सिंह की टीम का गठन किया गया जिसमें एचसी नन्द किशोर तथा एचसी योगेन्द्र नाथ सिंह आदि सम्मिलित रहे। पत्रकारपुरम स्थित द कांसेप्ट रेस्टोरेंट में रात्रि 11 बजे दबिश दी गई तो वहां पर बिना ऑकेजनल बार लाइसेन्स के ही मदिरा परोसी जा रही थी। पत्रकार पुरम में स्थित विजयश्री टावर के थर्ड फ्लोर पर स्थित द कांसेप्ट रेस्टोरेंट में बिना ऑकेजनल बार लाइसेन्स के अवैध रूप से मदिरा परोसी जा रही थी।

## शराब विक्रेता उड़ा रहे नियमों की धज्जियां शराब दुकानों पर वसूले जा रहे मनमाने रेट



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजधानी लखनऊ के बख्शी का तालाब में हाइवे के आसपास गोदाम खोल कर धड़ल्ले से शराब बेची जा रही है। सूत्रों के मुताबिक आबकारी विभाग के अधिकारियों की अनदेखी और उनकी लापरवाही के कारण शराब ठेकेदार हाइवे पर अपने ठेके के गोदाम की दुकान खोल कर धड़ल्ले से शराब बेच रहे हैं। वहीं इटौंजा के हरदा कालोनी, माधवपुर, शिवपुरी, बाहर गांव, करौंदी व हाईवे रोड से इटौंजा तक मनचाहे दामों पर बोतल खोलकर शराब बेची जा रही है। इन दुकानों, गोदामों और अवैध ब्रांच पर देशी और अंग्रेजी शराब के साथ ही बीयर की भी बेची जा रही हैं। इसके साथ ही मनमाने रेट वसूला जा रहा है।

### रात 10 बजे बाद भी शराब 'बैकडोर सेल'

बीकेटी व हाइवे पर खुली दुकानों पर रात 10 बजे बाद भी शराब बैकडोर सेल्स होती है। यानी की निर्धारित समय के बाद दरवाजे के पीछे शराब मनमाने रेट पर बेची जा रही है। लोगों ने कई बार जिला आबकारी अधिकारी को शिकायत भी की। लेकिन कुछ दिन यो बंद रहा मगर इसे फिर चालू कर दिया गया।

### दुकान पर रेट लिस्ट नहीं, मनमर्जी दाम

गौरतलब है कि आबकारी विभाग के नियमानुसार शराब की दुकान पर रेट लिस्ट लगी होनी चाहिए। लेकिन ज्यादातर दुकानों पर रेट लिस्ट नहीं लगी है। इससे ठेकेदार और सेल्समैन देशी, अंग्रेजी और बीयर के ज्यादा दाम वसूल रहे हैं। ज्यादा रेट वसूलने की शिकायत एक ग्राहक ने रविवार को फोन करके पत्रकार से की। रविवार 10 मार्च 2024 को एक ग्राहक ने पत्रकार को बताया कि कि मैंने देशी शराब ठेके पर आधी बोतल शराब मांगी तो दुकानदार ने 45 रुपए लेकर आधा क्वार्टर शराब दी साथ में पानी व गिलास भी दिया और कह रहा था अधिकारी से शिकायत करोंगे वह मेरा कुछ नहीं करेंगे। इसके बावजूद आबकारी विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा। शहर में हाइवे पर खोली गई दुकानों के पास शराब पीने की भी सुविधा खुलेआम दी जा रही है।

आबकारी पॉलिसी के अनुसार एक दुकान पर दो सेल्समैन लगा सकते हैं, लेकिन दुकान में दो सेल्समैन का नाम देकर दुकान और गोदाम से बिक्री के लिए चार सेल्समैन लगा रखे हैं।

# इटौंजा पुलिस ने चोरी करने वाले व्यक्ति को किया गिरफ्तार

* पुलिस ने एक देशी तमंचा 315 बोर व तीन जिंदा कारतूस 315 व 1800 रूपए किये बरामद

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी



**इटौंजा, लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र में पिछले दिनों मरपा व नौरंगपुर गांव में हुई चोरी में एक व्यक्ति को इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव ने अभियुक्त बल्लू पुत्र चेतई पासी निवासी ग्राम मधवापुर थाना रामकोट सीतापुर उम्र करीब 50 वर्ष को पूर्व मे दिनांक 07.03.2024 को जेल भेज दिया था। वहीं रविवार को थाना प्रभारी के नेतृत्व में उ0नि0 जयप्रकाश सिंह, उ0नि0 प्रवीण कुमार, मुख्य आरक्षी देवेन्द्र सिंह , चिराग़ त्यागी ने अभियुक्त लालता प्रसाद पुत्र पुतानी पासी निवासी ग्राम सरफापुर थाना खैराबाद जिला सीतापुर उम्र करीब 30 वर्ष को सी.एच.सी रेलवे क्रासिंग के पास से पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गये व्यक्ति के पास से 01 देशी तमंचा 315 बोर व 03 जिंदा कारतूस 315 बोर व 1800 रूपये बरामद किए। पुलिस की पूछ-ताछ में गिरफ़्तार व्यक्ति ने बताया गया कि घटना मे चोरी से प्राप्त आभूषण झुमकी, नथुनी मंगल सूत्र माला बिछुआ को घटना में संलिप्त अपने भाई रामलखन के साथ मिलकर बेच दिया था। जिससे प्राप्त धनराशि को आपस में बाँट लिया था। जिससे मेरे हिस्से मे आये सिर्फ 1800 रूपये बचे है शेष धनराशि खर्च हो गयी है। वहीं इटौंजा पुलिस ने बताया कि अभियुक्त लालता प्रसाद थाना खैराबाद जिला सीतापुर का हिस्ट्रीशीटर है जिसके ऊपर एक दर्जन अभियोग जनपद सीतापुर व अन्य जनपदों के विभिन्न थानो मे पंजीकृत हैं। वहीं इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव ने बताया कि चोरी की घटना में दो व्यक्तियों को जेल भेजा जा चुका हैं।

## इटौंजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेले का हुआ आयोजन

* 250 मरीज का हुआ पंजीकरण, 18 महिलाओं को वितरित किए आयुष्मान कार्ड

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ जिले के बीकेटी तहसील क्षेत्र इटौंजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्वस्थ मेले का आयोजन किया गया। बता दें कि इस स्वास्थ्य मेले में लगभग 250 मरीजों का पंजीकरण किया गया। जिसमें से 18 महिलाओं को गोल्डन कार्ड यानी आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। वहीं स्वास्थ्य मेले में स्वस्थ सुविधा व योजना से संबंधित विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए गए। जिसमें मरीज को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। इस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इटौंजा और क्षेत्र के आमजनमानस की समस्याओं को लेकर आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। इस मौके पर इटौंजा मंडल अध्यक्ष राजू कश्यप, आशीष त्रिवेदी, आकांक्ष मिश्रा, डॉ. शब्बन अली चिकित्साधिकारी, डॉ सचिन देव चिकित्साधिकारी, सुनीता श्रीवास्तव, स्वा. शिक्षा अधिकारी, पूनम शुक्ला बी.पी.एम. एवं अस्पताल का समस्त स्टॉफ स्वास्थ्य मेला में शामिल हुआ।

# संकल्प पत्र हेतु भाजपा को 15 मार्च तक अपने सुझाव भेजें शिक्षकगण : अशोक राठौर



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

माध्यमिक वित्तविहीन शिक्षक महासभा की प्रदेश कोर कमेटी की एक बैठक आज दारुलसफा लखनऊ के ए ब्लॉक कामन हाल में शिक्षक नेता अशोक कुमार राठौर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए अशोक राठौर ने प्रदेश भर के शिक्षक साथियों से अपील की कि इस समय लोकसभा चुनाव हेतु भारतीय जनता पार्टी अपने संकल्प पत्र के लिए सुझाव मांग रही है। यह सुझाव विधानसभा, लोकसभा स्तर पर स्थापित कार्यालयों एवं क्षेत्र में चलने वाली एलईडी वैन में रखी गई सुझाव पेटिकाओं में लिखित रूप से संगठन या विद्यालय के लैटर पैड पर 15 मार्च 2024 तक अवश्य डालें। मोदी की गारंटी के तहत आपके मासिक मानदेय या किसानों सहित अन्य को मिलने वाली सम्मान निधि की तर्ज पर शिक्षकों हेतु सम्मान निधि की गारंटी की मांग संकल्प पत्र में सम्मिलित कराने हेतु प्रयास अवश्य करें। यदि यह मांग संकल्प पत्र में सम्मिलित हो जाती है तो मोदी की गारंटी के तहत देश/प्रदेश में सैल्फ फाइनेंस व्यवस्था के अन्तर्गत कार्य करने वाले लाखों योग्य परन्तु अत्यल्प पारिश्रमिक भोगी शिक्षक परिवारों का कल्याण हो जाएगा क्योंकि वह मोदी की गारंटी होगी। बैठक में पूर्व एमएलसी संजय कुमार मिश्र शाहजहांपुर, अखिल भारतीय वित्त विहीन विद्यालय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिभुवन नारायण शर्मा, योगेंद्र शर्मा अलीगढ़, विद्यालय संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पंकज तिवारी प्रयागराज, सुश्री रेनू मिश्रा, शिव शरण प्रसाद लखनऊ, श्रीमती सरला चौधरी मेरठ, पवन शर्मा अलीगढ़ ,रामपाल सिंह जांगड़ा शामली, वीरभान सिंह, केशव सिंह भदौरिया कानपुर देहात, गौरव शुक्ला उन्नाव, शरद तिवारी, राकेश मिश्र कानपुर नगर, संयुक्त शिक्षक संघ से प्रदेश अध्यक्ष राकेश तिवारी, शिवकरन तिवारी, शिव नारायण राजपूत हमीरपुर, बादाम सिंह यादव, झब्बूलाल हरदोई, कुलवंत सिंह चीमा लखीमपुर-खीरी, दिनेश प्रधान गाजीपुर, सुनील यादव, तिरमल यादव, पवन भारद्वाज, मुकेश पटेल, विक्रम दुबे, विष्णु मिश्र, गांधी पाण्डेय, कमलेश पटेल, नरेन्द्र तिवारी, गुड्डू राम, अंतिम कुमार, परमवीर सिंह, डा. नरेश कुमार, देवेन्द्र राणा, पुष्पेन्द्र वशिष्ठ, कुलदीप तोमर, भूपेन्द्र सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में शिक्षक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# कांग्रेस के डूबते जहाज में मची है नेताओं की भगदड़


**कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता एक तरफ तो पार्टी छोड़ चुके हैं। वहीं, दूसरी तरफ कई बड़े नेताओं के पार्टी छोड़ने की अटकलें लगाई जा रही हैं। महाराष्ट्र में तो कांग्रेस को एक के बाद एक प्रदेश के तीन दिग्गज नेताओं ने झटका दिया है। सबसे पहले पार्टी से एक महीने पहले मिलिंद देवड़ा ने इस्तीफा दिया। इसके बाद 8 फरवरी को बाबा सिद्दीकी ने पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया और अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भी कांग्रेस की नाव से उतर चुके हैं। कांग्रेस के अंदर की अंतर्कलह आज से जारी नहीं है।**

*भाजपा के बढ़ते प्रभाव और कांग्रेस की कमजोर पड़ती सत्ता से कांग्रेसियों में भगदड़ मची हुई है। दरअसल कांग्रेस के डूबते राजनीतिक जहाज में सवार नेताओं को अपना भविष्य डूबने का खतरा सता रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस की हालत आयाराम-गयाराम जैसी हो गई है। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़ने वाले नेताओं की लंबी फेहरिस्त सामने आ चुकी है। यह सिलसिला लोकसभा चुनाव तक जारी रहने की उम्मीद है। कांग्रेस में बदहवासी का आलम यह है कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार गिरते-गिरते बची है। राज्यसभा के निर्वाचन में हुई क्रास वोटिंग का सर्वाधिक खामियाजा कांग्रेस ने भुगता है। क्रास वोटिंग करने वाले नेताओं को इस बात का अंदाजा लग गया कि इस राजनीतिक पार्टी में भविष्य सुरक्षित नहीं है। यही वजह रही कि बहती गंगा में हाथ धोने से कांग्रेस के नेता बाज नहीं आए। आश्चर्य की बात यह है कि एक तरफ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहले देश में एकता यात्रा और उसके बाद अब न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता कांग्रेस में व्याप्त हताशा को रोकने के लिए कोई मजबूत उपाय नहीं कर सके। पार्टी से एक के बाद एक वरिष्ठ नेता कांग्रेस का दामन छोड़ने में लगे हुए हैं। कांग्रेस की बात करें तो पांच बड़े नेताओं ने पिछले एक महीने के अंदर पार्टी छोड़ी है। कमलनाथ इस सूची में छठा नाम हो सकते हैं। चुनाव की तारीख का ऐलान होने में एक महीने से भी कम समय बचा है। ऐसे में कांग्रेस के लिए नई रणनीति बनाना और जीत हासिल करना बेहद मुश्किल होगा। बड़े नेताओं के दल बदलने से सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस को हुआ है, लेकिन बीजेपी भी इससे नहीं बच पाई है। सत्ताधारी पार्टी के तीन बड़े नेता पाला बदल चुके हैं। खास बात यह है कि तीनों नेता कांग्रेस में शामिल हुए हैं। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के अशोक तंवर भी बीजपी का हिस्सा बन चुके हैं। हालांकि, बीजेपी का साथ छोड़कर कांग्रेस में जाने वाले आखिरी बड़े नेता जी विवेक थे, जिन्होंने नवंबर 2023 में ऐसा किया था। इसके बाद से पार्टी अपने नेताओं को बांधकर रखने में सफल रही है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पार्टी के हाई कमान से नाराज हैं और बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। अगर कमलनाथ कांग्रेस छोड़ते हैं तो वह ऐसा करने वाले कांग्रेस के पहले पूर्व मुख्यमंत्री नहीं होंगे। उनसे पहले 12 नेता ऐसा कर चुके हैं। खास बात यह है कि कमल नाथ की वजह से कांग्रेस छोड़ने वाले ज्योतिरादित्य सिंधिया पहले ही बीजेपी का हिस्सा हैं। कुछ नेताओं ने अपनी पार्टी बनाई तो वहीं कुछ नेता दूसरी पार्टी में शामिल हो गए। इस सूची में सबसे ज्यादा तीन पूर्व मुख्यमंत्री गोवा के हैं। गोवा के दिगंबर कामत, रवि नाइक और लुइजिन्हो फलेरियो ऐसे नेता हैं, जो कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री रहे, लेकिन बाद में पार्टी छोड़ दी। इनमें से दिगंबर और रवि ने तो अंत में बीजेपी का दामन थामा, लेकिन फलेरियो पहले टीएमसी में रहे फिर इस पार्टी से भी अलग हो गए। अगले कुछ महीनों में लोकसभा के चुनाव हैं। इससे ठीक पहले जिस तरह कांग्रेस से दिग्गज नेता अलग हो रहे वो चौंकाने वाला है। कांग्रेस को झटके पर झटका उनकी पार्टी के नेता ही दे रहे हैं। चुनाव से ठीक पहले ही कांग्रेस के नेता पार्टी को छोड़ना शुरू कर देते हैं। कांग्रेस के कई पूर्व सीएम जैसे कि कैप्टन अमरिंदर सिंह, गुलाम नबी आजाद, एन. बिरेन सिंह, नारायण राणे, एसएम कृष्णा, शंकर सिंह वाघेला, पेमा खांडू और अशोक चव्हाण जैसे नेताओं का भी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से भरोसा समाप्त होता नजर आया।*

## एक्सप्रेस आलेख

शरीर और प्राण का संयोग जीवन है, दोनो का वियोग मृत्यु है। वाग्भट्ट ने ठीक कहा है वह विश्वकर्मा, विश्वात्मा, विश्वरूप प्रजापति है। वह सृष्टा, धाता, विभु, विष्णु और संहारक मृत्यु है। चरक संहिता में कहते हैं वह भगवान (परम ऐश्वर्यशाली) स्वयं अव्यय हैं, प्राणियों की उत्पत्ति व विनाश के कारण हैं, सुख और दुख के भी कारण हैं, सभी छोटे बड़े पदार्थो को लांघने वाले हैं, सर्वत्र उपस्थित हैं। यहां शरीर के भिन्न अंगों में प्रवाहित 5 वायु का वर्णन है। फिर इनसे जुड़े रोगों का विस्तार से विवेचन है। वायु का प्रदूषण हजारों रोगों की जड़ है। प्राणवायु के लिए ही लोग सुबह–सुबह टहलने निकलते हैं, जहां वायु सघन है, वहां के जीवन में नृत्य है। जंगलों में वायु सघन है। इसीलिए वन उपवन मधुवन हैं।

# वायु प्रदूषण का मूल कारण आधुनिक जीवनशैली



**हृदयनारायण दीक्षित**

**भारत का अधिकांश प्राचीन ज्ञान वनों में ही पैदा हुआ था। वैदिक मंत्रों में प्राणवायु की सघनता है। हम सब वैदिक संस्कृति के उत्तराधिकारी हैं, बावजूद इसके हम वायु को प्रदूषित करते हैं। प्रकृति को आहत करते हैं, स्वयं अपने ही जीवन जगत को क्षति पहुंचाते हैं। वायु प्रदूषण रोकने में ही हमारे जीवन की गति है।**

वायु से आयु है। स्वच्छ वायु आयुवर्धक है। प्रदूषित वायु प्राणलेवा है। ये सब जानते हुए भी वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले तमाम अपकृत्य जारी हैं। 'द लेसैंट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल के अध्ययन में चौकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। वायु प्रदूषण के कारण 2000 से 2019 तक प्रतिवर्ष 10 लाख लोगों की जान गई है। सांस सम्बंधी बीमारियां बढ़ी हैं और बीमारियों के कारण लाखों लोगों की मौत हुई है। ऑस्ट्रेलिया की एक यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने दुनिया के लगभग 13000 नगरों में प्रदूषण का विश्लेषण किया है। इस अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार एशिया में मृत्युदर का आंकड़ा काफी चिन्ताजनक है। बताया गया है कि प्रदूषण के कारण मौतों के आंकड़ों में चीन पहले स्थान पर है। भारत में भी वायु प्रदूषण की स्थिति भयावह है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हर साल वायु प्रदूषण के कारण धूल भरा कोहरा दिखाई पड़ता है। वायु प्रदूषण का मूल कारण आधुनिक जीवनशैली है। भारत की परम्परा में वायु को देवता कहा गया है। संस्कृति आधारित जीवन मूल्यों से विचलन वायु प्रदूषण बढ़ाता है। वायु प्राण हैं। प्राण नहीं तो जीवन नहीं। वैदिक परम्परा में वायु अमर देव हैं। वैदिक ऋषि वायु की प्रीति में सराबोर हैं। वे प्राणशक्ति के संचालक हैं लेकिन दिखाई नहीं पड़ते। वायु का रूप नहीं होता। वायु की तीव्र गति आंधी है। आंधी का शोर सुनाई पड़ता है लेकिन वायु का रूप नहीं। कहते हैं, तीव्र गति अनुभव में आती है लेकिन रूप नहीं। ऋषि वायु का रूप देखने के अभिलाषी हैं। वायु का मानवीकरण रम्य है। ऋषि उन्हें सोम पीने का निमंत्रण देते हैं वायवा याहि दर्शतेमे सोमा अरंकृता-दर्शनीय वायु! आओ सोम रस सजाकर रखा गया है। (ऋग्वेद 1.2.1) प्राण जीवन है। प्राण से प्राणी है। वायु हरेक प्राणी का प्राण हैं लेकिन देवों का प्राण भी वायु ही है आत्मा देवानां। (10.10.168.4) बड़ी बात है देवों को भी मनुष्य जैसा बताना। वायु देवों के भी प्राण हैं इसलिए वही विश्व के राजा हैं। (10.168.2) लेकिन हम पटाखा फोड़कर वायु को प्राणलेवा बनाते हैं। सृष्टि में पांच महाभूत हैं। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। इनमें वायु प्रत्यक्ष देव हैं और प्रत्यक्ष ब्रह्म भी। ऋग्वेद (1.90.9) में स्तुति है नमस्ते वायो, त्वमेव प्रत्यक्ष ब्रहमासि, त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि। तन्मामवतु-वायु को नमस्कार है, आप प्रत्यक्ष ब्रह्म है, मैं तुमको ही प्रत्यक्ष ब्रह्म कहूंगा। आप हमारी



**वायु नमस्कारों के योग्य हैं। भारतीय दृष्टि में वायु प्रकृति की शक्ति है। उनका अध्ययन जरूरी है लेकिन दिव्य शक्ति की तरह उनको प्रणाम भी किया जाना चाहिए। चरक संहिता आयुर्विज्ञान का महाग्रन्थ है। इसके 28वें अध्याय (श्लोक 3) में बताया है वायुरायुर्बलं वायुर्वायु र्धाता शरीरिणाम–वायु ही आयु है।**

रक्षा करें। यही मन्त्र यजुर्वेद (36.9) अथर्ववेद (19.9.6) व तैत्तिरीय उपनिषद् (1) में भी जस का तस आया है। ब्रह्म सम्पूर्णता है। आधुनिक ब्रह्माण्ड विज्ञानी भी ब्रह्म में उत्सुक हैं। भारतीय अनुभूति का ब्रह्म अनुभूत है। प्रयोग सिद्ध है। कहते हैं, वायु ही सभी भुवनों में प्रवेश करता हुआ हरेक रूप रूप में प्रतिरूप होता है। सभी जीवों में प्राण की सत्ता है, प्राण नहीं तो जीवन नहीं। ऋषि सूर्य आदित्य को देखते हैं। वे भी प्रत्यक्ष देव हैं। प्रश्नोपनिषद में कहते हैं आदित्य ह वै प्राणौ-जो आदित्य है, सूर्य है, वही प्राण है। वैदिक पूर्वज वायु को बहुवचन मरूद्गण कहते हैं। वे सम्पूर्ण विश्व के प्रति मधु दृष्टि रखते है। ऋग्वेद के एक मंत्र में वे वायु को भी मधुरस से भरा पूरा पाना चाहते हैं-मधुवाता ऋतायते। वृहदारण्यक उपनिषद् के सुन्दर मंत्र में पृथ्वी और अग्नि के प्रति मधुदृष्टि बताने के बाद वायु के लिए कहते हैं अयं वायुः सर्वेषां भूतानां मध्वस्य-यह वायु सभी भूतों का मधु (सभी भूतों के पुष्पों से प्राप्त रस) है और सभी भूत इस वायु के मधु है-वायोः सर्वाणि भूतानि मधु। सृष्टि निर्माण के सभी घटक एक दूसरे से अन्तर्सम्बंधित है। वे एक दूसरे के मधु हैं। वे वायु हैं, प्राण हैं, मरूत् भी हैं। मरूद्गण धनी, दरिद्र सबको एक समान संरक्षण देते हैं। वैदिक सूक्तों में इन्हें अति प्राचीन भी बताया गया है हे मरूतो आपने हमारे पूर्वजों पर भी बड़ी कृपा थी ऋग्वेद के एक और ऋषि अगस्त्य मैत्रवरूणि अतिरिक्त जिज्ञासु है। पूछतें हैं मरूद्गण किस शुभ तत्व से सिंचन करते हैं? कहां से आते हैं? किस बुद्धि से प्रेरित हैं? किसकी स्तुतियां स्वीकार करते हैं? (1.165.1-2) फिर मरूतों का स्वभाव बताते हैं वे वर्षणशील मेघों के भीतर गर्जनशील हैं। (1.166.1) वे पर्वतों को भी अपनी शब्द ध्वनि से गुंजित करते हैं, तेज आंधी और पानी का ऐसा काव्य चित्रण अनूठा है। कहते हैं, वे गतिशील मरूद्गण भूमि पर दूर-दूर तक जल बरसाते हैं। वे सबके मित्र हैं। (1.167.4) यहां मरूद्गण वर्षा के भी देवता हैं। ऋग्वेद में मरूतों की स्तुतियां हैं। कहते हैं आपके आगमन पर हम हर्षित होते हैं, स्तुतियां करते हैं। (5.53.5) लेकिन कभी-कभी वायु नहीं चलती, उमस हो जाती है। प्रार्थना है हे मरूतो आप दूरस्थ क्षेत्रो में न रुकें, द्युलोक अंतरिक्ष लोक से यहां आयें। (5.53.8) ऋषि कहते हैं रसा, अनितमा कुभा सिंध आदि नदियां वायु वेग को न रोकें। (वही 10) वे नदी के साथ पर्वतों से भी यही अपेक्षा करते हैं। (5.55.7) वायु प्रवाह का थमना ऋषियों को अच्छा नहीं लगता। हम सबको भी वायु का प्रवाह अच्छा लगता है। वायु रुकी तो उमस बढ़ती है। कहते हैं हे मरूतो आप रात दिन लगातार चलें, सभी क्षेत्रों में भ्रमण करें। (5.54.4) वायु जगत् का स्पंदन है। वे देवता हैं इसीलिए वायु का प्रदूषण नहीं करना चाहिए। वे जीवन हैं, जीवनदाता भी हैं। वाुय से वर्षा है, वायु से वाणी है। गीत-संगीत गंध-सुगंध और मानुष गंध के संचरण का उपकरण भी वायु देव हैं। वायु नमस्कारों के योग्य हैं। भारतीय दृष्टि में वायु प्रकृति की शक्ति है। उनका अध्ययन जरूरी है लेकिन दिव्य शक्ति की तरह उनको प्रणाम भी किया जाना चाहिए। चरक संहिता आयुर्विज्ञान का महाग्रन्थ है। इसके 28वें अध्याय (श्लोक 3) में बताया है वायुरायुर्बलं वायुर्वायु र्धाता शरीरिणाम-वायु ही आयु है। वायु ही बल है, शरीर को धारण करने वाले भी वायु ही हैं। कहते हैं यह संसार वायु है, उसे सबका नियन्ता गाते है-वायुर्विश्वमिदं सर्वं प्रभुवायुश्च कीर्तितः। वायु को सर्वशक्तिमान गाने की परम्परा पुरानी है।

## एक्सप्रेस कविता

*हाँ मेरा शहर उजालों का शहर है,*
*मस्जिदों और शिवालों का शहर है ।*
*नाजुक मिजाज,आशिक मिजाज भी,*
*दिल से दिल को चाहने वालों का शहर है।*
*हम सब के लिए जन्नत से कम नहीं ,*
*रजत की थाली,स्वर्ण के प्यालों का शहर है।*

*कुछ की चाहत हथियारों की फसलें बोना मगर,*
*ये आज भी अमन के मतवालों का शहर है।*
*बेलोस मोहब्बत यहाँ हर एक गली में,*
*मोहब्बत की बेजोड़ मिसालों का शहर है ।*
*यहाँ हर आँख में मेहनत की धनक है संजीव,*
*अख्लाक की चमकती मशालों का शहर है।*

*-संजीव ठाकुर*

## एक्सप्रेस ज्ञान

*आपके और आपके लक्ष्य के बीच एकमात्र चीज वह कहानी है जो आप खुद को बताते रहते हैं कि आप इसे हासिल क्यों नहीं कर सकते*




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | प्रतिपदा 10:47 तक |
| नक्षत्रः | उत्तरभाद्रपदा 22:57 |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | सोमवार |
| योगः | शुभा, 11:52 |
| सूर्योदयः | 06:38 |
| सूर्यास्तः | 18:23 |
| चंद्रमाः | मीन राशि में |
| राहुकालः | 08:07-09:35 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:07-12:54 |

## जन एक्सप्रेस

### नहीं है आता नाम !

*लिस्ट हो रही जारी ।*
*नहीं है आता नाम ।।*
*लगातार हैं चर्चा में ।*
*चल रहा अभी काम ।।*
*है बनता है हक़ ।*
*हो रही पर देर ।।*
*अंदर से आवाज़ उठी ।*
*क्यों इतनी अंधेर ।।*
*हास्यास्पद है स्थिति ।*
*बिगड़ी ना पर बात ।।*
*थी छोटी सी इच्छा ।*
*ना हो वज्रपात ।।*
*आएगी खुशखबरी ।*
*है पर इंतज़ार ।।*
*किधर से भी हो सकता ।*
*जल्द चमत्कार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# हाई यूरिक एसिड कम करने के लिए खाएं चिया सीड्स, मिलेंगे जबरदस्त फायदे



शरीर में यूरिक एसिड एक अपशिष्ट पदार्थ है जो बढ़ जाने पर शरीर में किडनी के फंक्शन को प्रभावित करता है। जब हमारे शरीर में यूरिक एसिड बढ़ जाता है तो यह जोड़ों और ऊतकों में जमा हो जाता है जिसकी वजह से कई समस्याएं हो सकती हैं। शरीर में यूरिक एसिड बढ़ने पर हाई ब्लड प्रेशर, जोड़ों में दर्द, चलने-फिरने में दिक्कत और सूजन की समस्याएं हो सकती हैं। दरअसल यूरिक एसिड शरीर में मौजूद कार्बनिक पदार्थ है जो किडनी द्वारा फिल्टर कर शरीर से बाहर निकल जाता है। हाई यूरिक एसिड को कम करने में चिया सीड्स का सेवन बहुत फायदेमंद होता है।

**हाई यूरिक एसिड में चिया सीड्स के फायदे:** हाई यूरिक एसिड में चिया सीड्स का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। आरोग्यं हेल्थ सेंटर के क्लीनिकल डाइटिशियन डॉ वीडी त्रिपाठी कहते हैं, ÷चिया सीड्स में अमीनो एसिड, ओमेगा 3 फैटी एसिड समेत कई ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो यूरिक एसिड को कम करने मे मदद करते हैं। इसका नियमित रूप से सेवन शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में भी मदद करता है। चिया सीड्स में एंटी-ऑक्सीडेंट, फाइबर समेत मौजूद अन्य पोषक तत्व वजन कम करने में भी मदद करते हैं।

**हाई यूरिक एसिड में कैसे करें चिया सीड्स का सेवन?:** चिया सीड्स को रातभर पानी में भिगोने के बाद सुबह इसका सेवन करने से आपको कोलेस्ट्रॉल कम करने में बहुत फायदा मिलता है। चिया सीड्स को पानी में भिगोकर खाना बहुत फायदेमंद होता है। लेकिन ध्यान रहे इसकी संतुलित मात्रा ही सेहत के लिए फायदेमंद होती है। शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ने पर आपको खानपान और जीवनशैली में सुधार जरूर करना चाहिए। शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ने पर प्यूरीन से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन नहीं करना चाहिए। ऐसे फूड्स जिनमें प्यूरीन की मात्रा अधिक होती है उसका सेवन बहुत कम मात्रा में करना चाहिए। गठिया या जोड़ों से जुड़ी समस्या में मरीज को खानपान के साथ एंटी-इंफ्लेमेटरी ड्रग्स और स्टेरॉयड आदि के सेवन की सलाह दी जाती है।

## एक्सप्रेस विशेष

# राइट टू एम्प्लॉयमेन्ट क्यों नहीं?



**डॉ0 ओपी मिश्र**

**सत्ता प्रतिष्ठान और विपक्ष दोनों का यह परम कर्तव्य है कि देश के 30 प्रतिशत नवजवान वोटर को वह कोई गारंटी तो दे। जो केवल राजनीतिक जुमला नहीं बल्कि उनकी आशाओं और विश्वास का प्रतीक हो।**

**सरकारों को यह समझना होगा कि 1.85 करोड़ जो नये वोटर हैं तथा 96.88 करोड़ जो 20 से 29 वर्ष का आयु का वोटर है वह सबसे अधिक आक्रोशित है इसमें उत्तर प्रदेश का शेयर 21 प्रतिशत, राजस्थान का 27 प्रतिशत, तमिलनाडु का 17 प्रतिशत, कर्नाटक का 20 प्रतिशत, झारखंड का 27 प्रतिशत यदि सरकारी नौकरी के लिए या भ्रष्ट सिस्टम पर नकेल कसने के लिए सड़क पर उत्तर पड़ा तो सरकारों की नींव हिल जाएगी।**

**आज** बेरोजगार नौजवानों के अंदर तीव्र असंतोष व्याप्त है। यह असंतोष इतना गंभीर और व्यापक है की डिग्री धारक बेरोजगार आत्महत्या तक का रास्ता चुनने को बाध्य है। यह नवजवान दम लगाकर गम मिटाना चाहता है क्योंकि उन्हें उनका भविष्य धुंधला दिखाई पड़ रहा है। जानते चले कि पूरे देश में करीब 11 करोड़ ग्रेजुएट या डिप्लोमा धाराक है। जो नौकरी की तलाश में भटक रहे है। आज वे यह कहने के लिए बाध्य है कि वह किस पर विश्वास करें, किसकी गारंटी माने क्योंकि कहा तो प्रधानमंत्री मोदी ने भी था कि अगर वे सत्ता में आए तो दो करोड़ नौकरियां देंगे प्रधानमंत्री मोदी 10 वर्ष से सत्ता में है और अगले टर्म में पुनः आने की तैयारी कर रहे हैं लेकिन उन्होंने दो करोड़ में से कितने लोगों को नौकरी दी कोई बताने वाला नहीं। नवजवानों का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी तमाम गारंटीयों को लेकर चल रहे हैं लेकिन इसमें नौकरी की कोई गारंटी नहीं। इन डिग्री तथा डिप्लोमा धारक नवजवानों को सरकारी नौकरी मिलेगी भी या नहीं मिलेगी? यह बताने वाला कोई नहीं। नवजवानों ने इन पंक्तियों के लेखक को बताया कि पूरा का पूरा सिस्टम भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। जिन पर परीक्षा करवाने की जिम्मेदारी है वही पेपर लीक करवा रहे हैं बाद में जांच का स्वाग रच रहे हैं। इन लोगों का कहना था कि जब संवैधानिक संस्थाएं (राज्य लोक सेवा आयोग ) भ्रष्टाचार में लिफ्त रहेगी तो छात्रों का भविष्य क्या होगा? कहां नहीं जा सकता। इन लोगों का कहना था कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि उसे नौकरी देनी है या नहीं? अगर नहीं देना है तो छात्र नौकरी की लालसा में अपनी जवानी क्यों बर्बाद करें? यहां यह जानते चले कि पेपर लीक का मामला कोई नया नहीं है आए दिन विभिन्न राज्यों में भी पेपर लीक होते हैं या जानबूझ कर लीक कराए जाते हैं? लेकिन इस समय उत्तर प्रदेश ने इसमें बाजी मार ली है। क्योंकि पिछले 6 महीनो में उसके तमाम पेपर लीक हो चुके हैं और आगे लीक न होंगे इसकी भी गारंटी नहीं। यह बात हम सब जानते हैं कि सरकारी नौकरी की संख्या सीमित है सरकार चाह कर भी सबको नौकरी नहीं दे सकती। लेकिन उनको तो दे ही सकती है जो डिजर्व करते हैं। क्या सरकार ने कभी यह सोचा कि पेपर लीक होने से उन छात्रों का क्या मनोदशा होती है जो अपने घरों से दूर बड़े शहरों में आकर एक जून की रोटी खाकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, दिन-रात एक करते हैं और इस उम्मीद के साथ परीक्षा देने जाते हैं कि प्रीतिम्स तो निकल ही लेंगे। लेकिन चंद लोगों की वजह से जब पेपर लीक होता है तो उनकी आशाओं और उनकी मेहनत पर पानी फिर जाता है। प्रयागराज, लखनऊ समेत दिल्ली आदि में परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का कहना था कि सरकार राइट टू एम्प्लाइमेन्ट का जिक्र क्यों नहीं करती? क्यों वह नहीं चाहती कि मेहनतकश नवजवानों को सरकारी नौकरी मिले। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों का कहना था कि अब समय आ गया है हमें भावनात्मक मुद्दों की तपिश में झुलसने के बजाय बेरोजगारी और सरकारी नौकरी को चुनावी मुद्दा बनाना होगा । इन छात्रों का कहना था की सरकारों ने हमें सदैव जाति, धर्म , वर्ग , भाषा, संप्रदाय तथा मंदिर- मस्जिद और मंडल- कमंडल के बीच में बांटने का काम किया है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे इन नवजवानों का कहना था कि अब हमें अपने- अपने भविष्य के बारे में सोचना होगा तथा भ्रष्ट सिस्टम को संरक्षण देने वाली सरकार को हटाना होगा? तमाम नवजवानों ने तो एक स्वर में कहा कि हमें मुफ्त खाद्यान्न देकर हमें अपाहिज बनाया जा रहा है। हमारी प्रज्ञा को नष्ट किया जा रहा है और हमें सिर्फ वोट बैंक बनाकर रख दिया गया है। जानते चले की यदि देश की 30 प्रतिशत वोटर जो 18 से 30 वर्ष की आयु का है यदि आक्रोशित हो गया और सिस्टम के खिलाफ उसका आक्रोश बढ़ गया तो फिर कोई गारंटी काम नहीं करेगी। क्योंकि तब जाति , धर्म , पिछड़ा, दलित, आदिवासी तथा अल्पसंख्यक सारी बेरिकेटिंग टूट जाएगी। सरकारों को यह समझना होगा कि 1.85 करोड़ जो नये वोटर हैं तथा 96.88 करोड़ जो 20 से 29 वर्ष का आयु का वोटर है वह सबसे अधिक आक्रोशित है इसमें उत्तर प्रदेश का शेयर 21 प्रतिशत, राजस्थान का 27 प्रतिशत, तमिलनाडु का 17 प्रतिशत, कर्नाटक का 20 प्रतिशत, झारखंड का 27 प्रतिशत यदि सरकारी नौकरी के लिए या भ्रष्ट सिस्टम पर नकेल कसने के लिए सड़क पर उत्तर पड़ा तो सरकारों की नींव हिल जाएगी। अब समय आ गया है कि राज्य सरकारों और केंद्र सरकार दोनों को सरकारी नौकरी की बाबत अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करना होगा और बताना होगा कि देश का 11 करोड़ डिग्री, डिप्लोमा धारक सरकारी नौकरी के लिए अपना प्रयास जारी रखें या फिर प्राइवेट सेक्टर की ओर अपने भविष्य को लेकर देखे।

# ट्रक ने मारी एसयूवी को टक्कर, तीन की मौत, ड्राइवर की तलाश में जुटी पुलिस

* दुर्घटना में एसयूवी में सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए
* आरोपी ट्रक ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी गई

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



लखीमपुर खीरी। मैलानी इलाके में रविवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। गांव नौवाखेड़ा के नजदीक गोला-खुटार हाईवे पर तेज रफ्तार कार ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई,जबकि दो लोग घायल हो गए। ये सभी रामलला के दर्शन करने अयोध्या जा रहे थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में एक अन्य कार भी आई है, जिससे उसमें सवार पांच लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। मृतकों में 30 वर्षीय अचल सिंह , 35 वर्षीय कुंदन सिंह और प्रतीक शर्मा पिथौरागढ़ के निवासी थे। इनके साथी नरेंद्र सिंह और अनिकेत गंभीर घायल हैं। दूसरी कार में दिलीप सिंह,उनकी पत्नी रंजना और बेटा अनुज व शिवम, उनकी पत्नी पूजा सवार थे।ये लोग भी घायल हुए हैं। चौकी प्रभारी संसारपुर-थाना मैलानी। मोहित पुंडीर, ने बताया सुबह करीब 5:20 बजे एक्सीडेंट की सूचना मिली। मौके पहुंचकर बचाव कार्यकर गंभीर रूप से घायलों को इलाज के लिए सीएचसी गोला भेजा गया। दोनों कारों में सवार सभी 10 लोग घायल हैं, जिसमें तीन की मौत और सात लोग घायल हैं। ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है।

## प्रधान क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ बीडीसी महापंचायत का आयोजन किया गया

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी



क्षेत्र के रामलीला मैदान में प्रधान क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ के जिला अध्यक्ष सरोज गुप्ता के नेतृत्व में हजारों की संख्या में क्षेत्र पंचायत सदस्य पहुंचे। जहां इस संघ के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनीत शुक्ला,विशिष्ट अतिथि कृष्ण चंद्र राष्ट्रीय संरक्षक संस्थापक को आए हुए क्षेत्र पंचायत सदस्य नें बड़ा माला पहना कर स्वागत अभिनंदन किया। वह राष्ट्रीय अध्यक्ष ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि कहीं भी क्षेत्र पंचायत सदस्य को अगर काम नहीं मिल रहा हैं।तो हमारा संगठन पूरे जोर के साथ उनको हर हालत में सरकार के आदेश अनुसार कार्य दिलाने का काम किया जाएगा। जहां महापंचायत में विजय दादा प्रदेश अध्यक्ष, देवी प्रसाद पांडेय,राजन सैनी,गुड्डी रानी पटेल मनीष कौशल प्रदेश संरक्षक जयप्रकाश शर्मा विनय बाजपेई अशोक मित्रा अंकुर राजपूत दीपक गौतम यूनुस अली दीपू चौधरी सूरज गौतम वीरपाल धनंजय गिरी सोबरन सिंह शिवम सैनी हरिओम कनौजिया आरिफ अली बाबू राम वेदपाल मितौली ब्लॉक संरक्षक राजेंद्र प्रसाद हरिओम गुप्ता रवि प्रकाश विनोद कनौजिया अब्दुल अहमद सत्रोहन लाल मलकीत सिंह संतोष वर्मा मोहम्मद फहीम इसलोक राजीव मिश्रा रामू अब्बास अली ओमकार गिरी महिला मोर्चा संतोषी देवी अनीता देवी मंजू देवी गुड़िया देवी नीलम देवी व समस्त प्रदेश व मंडल के पदाधिकारी गंज जिले से आए हुए पांच हजार की संख्या में क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### महमूदाबाद कोतवाली के जवानों के आवास निर्माण के लिए 2 करोड़ रुपये हुए स्वीकृत

जन एक्सप्रेस/सीतापुर। कोतवाली में तैनात पुलिस जवानों के आवास व अन्य भवनों के निर्माण के लिए गृह विभाग ने करीब दो करोड़ रुपए स्वीकृत कर दिए। दशकों पूर्व कोतवाली में बने भवन काफी जर्जर हो गए थे, जिनसे अब पुलिसकर्मियों को निजात मिलेगी। महमूदाबाद कोतवाली भवन व स्टाफ आवास आदि का निर्माण करीब चार दशक पूर्व किया गया था। कोतवाली परिसर में बने आरक्षी, एसआई बैरक समेत अन्य भवन काफी जर्जर हो गए हैं। मजबूरन यहां तैनात करीब दो दर्जन से अधिक महिला व पुरुष आरक्षी नगर के विभिन्न मोहल्लों में किराए पर कमरा लेकर रह रहे हैं। कई बार जर्जर आरक्षी बैरक समेत अन्य भवनों के निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया किंतु समस्या का समाधान नहीं हो सका। इस बार गृह विभाग द्वारा आरक्षी बैरक समेत अन्य आवश्यक आवास बनवाए जाने के लिए दो करोड़ रुपए जारी कर दिए गए हैं। आवास बनाए जाने के लिए पैसे जारी होने पर क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्या, पूर्व कार्यवाहक मुख्य मंत्री डाक्टर अम्मार रिजवी आर कै वाजपेयी, राजेश सिंह , मोहन बारी वर्मा, राम कुमार वर्मा, मोहन प्रसाद बारी, सीपी तिवारी आदि ने कोतवाली भवनके लिए धन आवंटन करने को लेकर सरकार को बधाई दी है।

### चुनाव संचालन समिति की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस/निघासन खीरी। निघासन की संचालन समिति की बैठक ब्लॉक सभागार निघासन में संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व जिला उपाध्यक्ष विधानसभा प्रभारी निघासन अरविन्द गुप्ता जी मिशन 2024 को लेकर कार्यकर्ताओं को कमर कसने को कहा और बताया कि इस बार रिकार्ड मतों से निघासन विधानसभा जाता कर भाजपा लोकसभा प्रत्याशी व केन्द्रीय गृहराज्यमंत्री मा0 अजय मिश्र टेनी जी को जिताना है। तथा बूथ कैसे जीते इस बिन्दु को लेकर मंडल संगठन को दिशा निर्देश भी दिए ।और काफी टिप्स दिए पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा विधानसभा संयोजक निघासन दयाशंकर मौर्य ने भी सभा को संबोधित किया पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा श्री कनक पाल राना मंडल अध्यक्ष भाजपा श्री देवेंद्र कुमार जी, मंडल महामंत्री भाजपा सुनील मौर्य, मंडल उपाध्यक्ष शिवकुमार पाल मंडल मंत्री श्री संदीप अवस्थी जी सोशल मीडिया भाजपा विधानसभा संयोजक मुकेश मिश्र, सह संयोजक कल्याण राजपूत व सभी सम्मानित शक्ति केंद्र संयोजक/प्रभारी वा अपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारियों सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने युवक को दौड़ाकर पीटा

जन एक्सप्रेस/ लखीमपुर खीरी। दबंगों ने एक युवक को दौड़ाकर पीट दिया। मामला जनपद लखीमपुर खीरी के थाना क्षेत्र पढ़ुआ के गांव अभयपुर का है। जहां पुरानी रंजिश के चलते नीलम के पुत्र आदर्श को लाठी डंडों वा लात घूसों से पीटा गया। शोर शराबा सुनकर आस पास के लोग एकत्र हो गए। तब जाकर दबंग आरोपी मौके से फरार हो गए। मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। मामले की जानकारी देते हुए नीलम जायसवाल ने बताया है कि घटना बीते शनिवार की है। पीड़िता का बेटा आदर्श गांव स्थिति परचून की दुकान पर कुछ सामान लेने गया था। वापस आते समय रास्ते में पुरानी रंजिश के चलते राजेश, सुनील, श्याम लाल, विनोद, पीड़िता के पुत्र को गाली देने लगे। जब आदर्श ने गाली देने से मना किया तो सभी ने युवक को लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। एक युवक ने मारपीट की घटना को कैमरे में कैद कर लिया। मामले में पीड़िता नीलम जायसवाल ने पढ़ुआ थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।



### युवक से मुद्रा लोन का झांसा देकर ठगे 61800 रुपये

जन एक्सप्रेस/ लखीमपुर खीरी। थाना खीरी के गांव पचपेड़ा बुजुर्ग निवासी एक युवक से मुद्रा लोन दिलाने का झांसा देकर 61800 रुपये ठग लेने का मामला प्रकाश में आया है। थाना खीरी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव पचपेड़ा बुजुर्ग निवासी अखिलेश सिंह ने बताया कि उनकी जान पहचान नितिन शुक्ला निवासी अमृतागंज थाना खीरी से हुई। वह अपने आप को मुद्रा योजना में फील्ड का काम करने वाला बताता है। आरोप है कि नितिन शुक्ला ने मुद्रा लोन दिलाने का झांसा दिया। उसे रुपये की जरूरत थी, इसलिए वह आरोपी के झांसे में आ गया। आरोपी ने उससे 61,800 रुपये ले लिए और एक महीने के भीतर लोन दिलाने का वादा किया, लेकिन जब लोन नहीं हुआ तो वह नितिन शुक्ला के पास गया तो उसने यह कहते हुए मिलने से ही इंकार कर दिया कि वह कुछ दिनों के लिए बाहर जा रहा है। अब वह कॉल भी नहीं रिसीव कर रहा है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ थाना खीरी पुलिस को तहरीर दी है। एसओ अजीत कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आबकारी इंस्पेक्टर हृदय नारायण पांडे व समस्त पुलिस टीम की छापेमारी से अवैध शराब माफिया में मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस/मोहम्मदी खीरी। पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने कच्ची शराब के ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान 60 लीटर कच्ची बरामद हुई तथा दो धंधेबाज पकड़े गए ।प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर व आबकारी निरीक्षक हृदय नारायण पांडे के नेतृत्व में हुई छापामारी में दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर मौके से पकड़े गए। पुलिस का कहना है कि बड़े पैमाने पर यहां कच्ची शराब बेची जाती है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। यह भी पता किया जा रहा है कि निर्मित कच्ची की बिक्री कहां और किसके जरिये होती है। छापेमारी टीम में मुख्य रूप से कस्बा प्रभारी बाबूराम, मुख्य आरक्षी अजय कुमार, मनोज शर्मा, सत्येंद्र कुमार सहित समस्त कस्बा पुलिस ने सफलता हासिल की।



### गर्म शीरे के टैंक में गिरा ठेका मजदूर, हुई मौत

जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी। रविवार को धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के ढखेरवा हाईवे किनारे लालजीपुरवा स्थित एक क्रशर में ठेका मजदूर की शीरा भरे टैंक में गिरने से मौत हो गई। मजदूर बदायूं का रहने वाला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। धौरहरा के निघासन सिसैया हाईवे के किनारे गांव लालजीपुरवा में लगे शिव पार्वती शुगर इंडस्ट्रीज नाम के क्रशर पर ठेका मजदूर हसीब काम करता था। वह गांव मुस्कारा थाना कादर चौक जनपद बदायूं का रहने वाला था।

## तेज रफ्तार का कहर : अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत

जन एक्सप्रेस । हरदोई

अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों के मौके पर ही मौत हो गई सीएचसी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी में पहली दुर्घटना रात तकरीबन 12~20 पर हुई। जनपद शाहजहांपुर के सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के ग्राम नौसारा निवासी धर्मेंद्र 30 वर्ष पुत्र राम प्रसाद रोजा मिल में मजदूरी करता है। वह रात्रि तकरीबन 12:20 पर अपने ननिहाल चठिया जा रहा था। गढी के पास किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन से टक्कर होने पर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक धर्मेंद्र विवाहित था उसकी पत्नी कल्पना सहित 15 वर्ष और 2 वर्ष के दो बच्चे है। दूसरी घटना ग्राम लोनी के पास की है। यहां रविवार की सुबह बजे एक अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार के टक्कर मारी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। बाइक सवार अरविंद 28 वर्ष पुत्र राम बहादुर शाहपुर बिनौरा माजरा गुलरिया थाना हरियाणा का रहने वाला था परसों बा शाहजहांपुर के गांव दिलावलपुर में अपनी बहन को छोड़ने गया था रविवार को सुबह 7~00 बजे वह दिलावरपुर से अपने घर के लिए निकला लोन मिल के पास सड़क हादसे का शिकार हो गया। घायल अवस्था में अरविंद को कस ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अरविंद अविवाहित था। दोनों मृतकों की सूचना सीएचसी द्वारा पुलिस को दी गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## अवैध मिट्टी खनन में पकड़ी गई ट्रैक्टर ट्रॉली सीज

जन एक्सप्रेस । हरदोई

* खनिज अधिकारी की कार्रवाई से मिट्टी माफियाओं में खलबली
* ट्रैक्टर ट्रॉली को कोतवाली लाया गया और पुलिस के सुपुर्द कर सीज करने की कार्रवाई की गई

शाहाबाद ब्लॉक क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रहा मिट्टी का खनन खनिज विभाग के लिए मुसीबत बना हुआ है। मिट्टी माफिया किसानों के इंतखाब खतौनी पर फावड़े से मिट्टी खनन का परमिशन लेकर बड़े पैमाने पर मिट्टी का खनन कर रहे हैं। शिकायत मिलने पर खनिज अधिकारी ने एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़े जाने के बाद सीज कर दिया। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत नरहाई और फिरोजपुर खुर्द तथा कुतुबनगर की सीमा में पिछले काफी दिनों से फावड़ा से मिट्टी खनन का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा था। खनन माफियाओं ने ग्राम पंचायत नरहाई को तालाब में तब्दील कर दिया। उसके बाद चक पिहानी जो कुतुब नगर हिरौली ग्राम पंचायत में आता है यहां पर मिट्टी का खनन किया गया। खनन माफिया ने फिरोजपुर खुर्द में खनन का कार्य शुरू किया था। यह खनन माफिया किसानों के इंतखाब खतौनी पर पांच ट्राली या दस ट्राली का ऑनलाइन परमिशन लेकर सैकड़ों ट्रालियों की संख्या में मिट्टी का खनन कर डालते हैं। इसकी शिकायतें लगातार खनिज अधिकारी अजीत सिंह तक पहुंच रहे थी। मुखबिर की सूचना पर खनिज अधिकारी ने पाली बाईपास स्थित फिरोजपुर खुर्द मार्ग पर मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली को रोका तो चालक ट्रैक्टर ट्राली को छोड़कर फरार हो गया। खनिज अधिकारी द्वारा ट्रैक्टर ट्राली को कोतवाली लाया गया और पुलिस के सुपुर्द कर सीज करने की कार्रवाई की गई। फिलहाल खनिज विभाग की इस बड़ी कार्रवाई के बाद मिट्टी खनन माफियाओं में दहशत व्याप्त हो गई है।

## अवैध मदिरा के खिलाफ आबकारी विभाग की कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । हरदोई

जिला आबकारी अधिकारी केपी सिंह ने बताया है कि जनपद में अवैध मद्य निष्कर्षण एवं बिक्री के विरूद्ध जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के आदेशानुसार प्रशासन, पुलिस एवं आबकारी विभाग की गठित संयुक्त टीमों द्वारा लगातार चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत औचक रूप से आबकारी दुकानों की चेकिंग, राष्ट्रीय/राज्य राजमार्गों पर स्थित संदिग्ध ढाबों वाहनों एवं एल्कोहल व एथेनॉल तथा मिथाइल के टैंकरों की सघन चेकिंग की जा रही है। अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए अवैध मद्य निष्कर्षण की प्राप्त सूचना के आधार पर आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा थाना कोतवाली देहात के ग्राम ओमपुरवा, गौसगंज नटपुरवा एवं थाना सवायजपुर के ग्राम सवायजपुर कंजड़पुरवा, सहित औचक दबिश में 35 छापेमारी की कार्यवाही करते हुए लगभग 435 ली0 अवैध कच्ची शराब जब्त कर तथा लगभग 650 कि0ग्रा0 लहन को मौके पर ही नष्ट कर 10 अभियुक्तों के विरूद्ध 09 गिरफ्तारी करते हुए जेल भेजते हुए आबकारी अधिनियम एवं भा0दं0सं0 की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।

## पाली पुलिस ने ओवरलोड पांच ट्रैक्टर ट्रॉली किये सीज

जन एक्सप्रेस । हरदोई



शाहजहांपुर से ईंट भरकर सवायजपुर जा रही पांच ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रालियों को पाली पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ लिया। जांच में पांचों वाहन बगैर नम्बर के थे और सभी के चालक ट्रैक्टर-ट्रालियों के कागजात भी नही दिखा सके। पुलिस ने पांचों ट्रैक्टर-ट्रालियों को सीज कर दिया है। अतिरिक्त इंस्पेक्टर वहीद अहमद ने बताया है कि प्रभारी निरीक्षक एके राय के निर्देशानुसार शनिवार की रात कस्बा के रामलीला चौराहे पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। रात करीब 2 बजे पांच ट्रैक्टर-ट्रालियां ओवरलोड ईंट भरकर रामलीला चौराहे से गुजरी। ईंटो के ऊपर 5-6 लोग सोते हुए भी मिले। पूछताछ में चालकों ने अपना नाम जनपद शाहजहांपुर के निगोही निवासी अमित, नोमान, कटरा निवासी सुनील, निगोही के मधवामई गावं निवासी सौरभ, निगोही के ही बबेली निवासी कुनाल बताया। सभी चालकों ने बताया कि वह शाहजहांपुर से ईंट लेकर सवायजपुर जा रहे थे। जांच में सभी ट्रैक्टर-ट्राली बगैर नम्बर के मिली। पुलिस को सभी चालक ट्रैक्टर-ट्रालियों के कागजात भी नही दिखा पाए। प्रभारी निरीक्षक एके राय ने बताया पांचों वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज किया गया है।

## 'मतदान हमारा लोकतान्त्रिक अधिकार व उत्तरदायित्व'

जन एक्सप्रेस /हरदोई। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत आज आर्य कन्या पाठशाला में मतदाता सूची का वाचन किया गया। कॉलेज में उपजिलाधिकारी सदर सुशील कुमार मिश्रा द्वारा मतदाताओं को आगामी चुनावों में शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलायी गयी। इसके अतिरिक्त उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में तहसील कर्मियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। उपजिलाधिकारी ने कहा कि हमारा वोट सच्चे लोकतंत्र का आधार है। मतदान हमारा लोकतान्त्रिक अधिकार व उत्तरदायित्व है।

## 53वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह भव्य तरीके से संपन्न

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी



बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला में 53वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह भव्य तरीके से संपन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेन्द्र कुमार शिंदे (अग्निशमन अधिकारी) गोला थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सुरक्षा अधिकारी शोभन औदीच्य द्वारा सुरक्षा शपथ दिलाई गई।सुरक्षा सप्ताह के दौरान की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि सुरक्षा प्रतिदिन अभ्यास करने का विषय है। जे एस जादौन (यूनिट हेड) ने उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हर क्षेत्र में तकनीकी परिवर्तन हो रहे हैं और इन तकनीकों का उपयोग सुरक्षा के क्षेत्र में किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर ही कार्य क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।उन्होंने संदेश दिया कि हमें सभी राष्ट्रीय सुरक्षा नियमों का निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गोला यूनिट में सभी की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और सुरक्षा के लिए उन्होंने हर व्यक्ति को कारखाने के विकास में अग्रणी और भागीदार बताया। ई.एच.एस. विभाग ने इस अवसर पर राष्ट्रीय सुरक्षा पर बच्चों की कला प्रतियोगिता, श्रमिक स्लोगन, क्विज, पोस्टर आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। फैक्ट्री प्रबंधक आर.के.मिश्रा ने सुरक्षा के क्षेत्र में सदैव सचेत रहने की बात दोहराई। ए. के. पांडे (लीगल हेड) ने समय-समय पर सुरक्षा से संबंधित कार्यशाला आयोजित करने का सुझाव दिया। 4 मार्च से चल रहे सुरक्षा सप्ताह आयोजित में विभिन्न सुरक्षा प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया गया। कार्यक्रम में सभी विभागाध्यक्ष, बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम की कुछ झलकियां आपके सामने प्रस्तुत हैं।

## भाजपा सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है हमने अपने वादे पूरे किए: आशा मौर्य, विधायक

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



भाजपा सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। हमने संकल्प लिया था कि कमल खिलते ही महमूदाबाद का विकसित क्षेत्र बनाने का काम करेंगे। दो साल के अल्प कार्यकाल में ही बड़े विकास कार्यों को अमली जामा पहनाया जा रहा है, कराते जा रहे विकास कार्यों से महमूदाबाद की दिशा और दशा दोनो बदल रही है। यह बात क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्या ने अपने व सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर उन्होंने अपने आवास पर पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होने कहा कि तीस वर्षों तक महमूदाबाद उपेक्षित रहा। सभी मुख्य मार्ग जर्जर थे। सड़कों की हालत खस्ता थी। हमने संकल्प लिया था ।और विधायक पद की शपथ ग्रहण होते ही महमूदाबाद में विकास कार्य होने लगेगा। महमूदाबाद विधानसभा क्षेत्र में 128 सड़कों का नवनिर्माण व उच्चीकरण किया गया। जाम की समस्या को देखते हुए सिधौली-महमूदाबाद मार्ग की सिधौली रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण, महमूदाबाद-फतेहपुर मार्ग पर बाईपास का निर्माण, शारदा सहायक नहर के नूरपुर सकरे पुल के स्थान पर 40 करोड़ की लागत से चौड़े पुल की स्वीकृति के साथ ही सीएचसी पहला में 20 बेड स्वीकृति, महमूदाबाद व पहला सीएचसी पर नई डिजिटल एक्सरे मशीन स्थापना, ऐतिहासिक मां संकटा देवी धाम के सौंदर्य करण के लिये 2.5 करोड़ रूपये की स्वीकृति, कस्तूरबा आवासीय विद्यालयों में हॉस्टल निर्माण, करीब एक दर्जन स्वागत द्वारों की स्थापना की गई है, जिसमें अधिकांश कार्य शुरू हो गये है और कुछ कार्य शीघ्र शुरू हो जाएंगे। हमारी योजना है कि महमूदाबाद रामकुण्ड चौराहा, सरैंया, गोड़ैचा चौराहों के सौन्दर्यीकरण के साथ क्षेत्र में एक अच्छा पार्क, बारात मण्डप, प्रेस क्लब की स्थापना, जसमड़ा हुसैनपुर जर्जर पुल का नवनिर्माण, छठ पूजा के शेष स्थलों का सौन्दर्यीकरण, विधायक निधि से सात जगह अतिथिगृहों का निर्माण आदि कार्य किया जाएगे। क्षेत्र में विकास कार्यों के अतिरिक्त गरीबों को गंभीर बीमारी से निजात दिलाने के लिये मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से 48 लोगो को सहायता दिलाई गई। उन्होने क्षेत्रीय लोगो से विकास कार्यों के लिये सुझाव देने की बात कही है।

## जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार-III की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। अपर जिला जज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिषेक उपाध्याय द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के समापन के उपरान्त यह जानकारी दी गयी कि श्रीमान अपर जिला जज, स्पेशल एस.सी./एस.टी. एक्ट, रामबिलास सिंह द्वारा कुल-01 वाद का, अपर जिला जज, स्पेशल ई.सी. एक्ट, शैलेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा कुल 162 वाद का, अपर जिला जज, कोर्ट संख्या-08, श्री नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा कुल-03 वादों का, अपर जिला जज कोर्ट संख्या-14, अनुराग कुरील द्वारा-01 वाद का, अपर जिला जज कोर्ट संख्या-15. श्रीमती निशां झा द्वारा कुल-05 वाद का, निस्तारण किया गया। इस प्रकार समस्त अपर जिला जज द्वारा कुल-174 वादों का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा न्याधिकरण सीतापुर के सम्मानित अध्यक्ष, शकील उर रहमान खान द्वारा सुलह समझौते आधार पर कुल 65 मामलों का निस्तारण कर मु0-28279000/- का एवार्ड किया गया। परिवार न्यायालय सीतापुर के प्रधान न्यायाधीश राम नगीना यादव द्वारा कुल-39 लम्बित वादों का समझौता सफलता पूर्वक किया गया। अपर प्रधान न्यायाधीश कोर्ट संख्या-01, राममणि पाठक द्वारा 85 लम्बित वादों का सफल निस्तारण किया गया। अपर प्रधान न्यायाधीश कोर्ट संख्या-02, सुबोध भारती द्वारा 60 लम्बित वादों का सफल निस्तारण किया गया। लघुवाद न्यायाधीश, राजेन्द्र कुमार सिंह, द्वारा कुल-04 वादों का, श्रीमान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सीतापुर श्रीमती सुदेश कुमारी द्वारा कुल 1148 वादों का, सिविल जज (सी.डि.) श्रीमती अंशू शुक्ला द्वारा कुल 12 वादों का, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रीमती प्रदीप्ति सिंह द्वारा कुल-411 वादों का, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, द्वितीय श्रीमती स्वरांगी शुक्ला द्वारा कुल-567 वादों का सिविल जज (सी.डि.) कोर्ट संख्या-4, अभिनव श्रीवास्तव द्वारा कुल-517 वादों का, सिविल जज (सी.डि.) कोर्ट संख्या-03 श्रीमती आशालिका पाण्डेय द्वारा कुल-644 वादों का, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय, श्रीमती नेहा रंजन द्वारा कुल 279 वादों का, सिविल जज (जू.डि.), सुश्री सिवाँगी चौधरी द्वारा कुल-09 वादों का, सिविल जज (जू.डि.) कोर्ट संख्या-01, शिवशक्ति हर्षवर्धन, द्वारा कुल 71 वादों का, सिविल जज (जू.डि.) कोर्ट संख्या-2, आदित्य रंजन द्वारा कुल 734 वादों का, सिविल जज (सी.डि.) एफ.टी.सी, श्रीमती अनामिका सिंह द्वारा कुल 312 वादों का, स्पेशल मजिस्ट्रेट, आलोक मिश्रा द्वारा कुल-729 दादों का, इस प्रकार समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्टो द्वारा-5467 निस्तारित किये गये। ग्राम न्यायाधिकारी न्यायालय लहरपुर कुनाल कुलभाष्कर, द्वारा कुल-135 वादों को, ग्राम न्यायाधिकारी न्यायालय सिधौली सुश्री जैयती चन्द्रा द्वारा कुल 382 वादों का, अपर सिविल जज महमूदाबाद सुश्री अक्षिता सिंह द्वारा कुल-562 वादों का, अपर सिविल जज बिसवाँ सुभाष, द्वारा कुल-211 वादों का निस्तारण किया गया। इस प्रकार समस्त बाह्य न्यायालयों द्वारा कुल-1290 (एक हजार दो सौ नब्बे) लम्बित वादों का सफलता पूर्वक निस्तारण किया। जिला उपभोक्ता फोरम सीतापुर के अध्यक्ष, अभिमन्यु लाल श्रीवास्तव, के द्वारा कुल-08 दादों का निस्तारण कर समझौता राशि मु0-601430.00 रूपये का एवार्ड किया गया। इस प्रकार जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय सीतापुर में राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल-99847 वादों का निस्तारण सफलता पूर्वक किया गया।

# माहवारी स्वच्छता जागरूकता शिविर का सांसद ने किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस | गोरखपुर**

इंडियन आयल कॉरपोरेशन लिमिटेड की सी एस आर फंड के सहयोग से नवश्रृष्टि संस्था के तत्वावधान में रविवार को आयोजित माहवारी स्वच्छता जागरूकता शिविर का शुभारंभ राज्यसभा सांसद संगीता यादव ने किया है। बताते चलें कि पूरे साल चलने वाले इस कार्यक्रम के पहले दिन ही हजारों छात्राओं को लाभन्वित किया चुका है। छात्राओं को जिला विद्यालय निरीक्षक ने उच्चशिक्षा के बारे में विस्तार रूप से बताते हुए कहा कि छात्रों को इस बात पर ध्यान देने की

**✽ राज्यसभा सांसद संगीता यादव ने इंडियन ऑयल का जताया आभार**

जरूरत है की कैसे स्वस्थ रहते हुए अपने देश , समाज व परिवार के लिए अच्छा कार्य किया जाये।
विशिष्ट अतिथि सुचेंद्र वीर सिंह ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पहले हम स्वास्थ क्षेत्र में सहयोग कर रहे है और जरूरत पड़ने पर अन्य सहयोग अध्यापकों से संवाद करके दिया जाएगा।
मुख्य अतिथि संगीता यादव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की





वर्तमान समय में सरकारी नौकरी का प्रतिशत कम है ऐसे में स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए शिक्षा और स्किल बढ़ाने का यही सही समय है। उन्होंने इंडियन ऑयल को इस मुहिम में सहयोग के लिए आभार जताया है। उन्होंने कहा कि 80 हजार छात्राओं के साथ साथ गांव में स्वयं सहायता समूह में कार्यरत महिलाओं को हर महीने दूसरे व तीसरे सप्ताह के बीच नैपकिन का वितरण किया जाएगा। सांसद ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की कुशल महिला चिकित्सकों की टीम छात्रों को विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य परक जानकारियां देने के साथ साथ गाइनो जांच व सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन के तहत जानकारी व टीकाकरण के बारे में जानकारी देंगी। सिविल सोसायटी से जुड़े अधिकारीयों छात्राओं को भविष्य में कैरियर बनाने में महिला उत्थान के बारे में विस्तृत जानकारी देंगें, उन्होंने कहा कि यह पहल हमारी माहवारी स्वच्छता को बढ़ावा देने और गांवों में युवा लड़कियों, महिलाओं को सशक्त करने के हमारे प्रतिबद्धता को दर्शाती है व उनसे जोड़ती है। विभिन्न हितधारकों के साथ सहयोग करके, स्थायी परिवर्तन और स्वास्थ्य और मर्यादा के संस्कार को बढ़ावा देने का प्रयास है।

# बासगांव से लोकसभा क्षेत्र में खिलता रहेगा कमल: डॉक्टर कौशिक



**जन एक्सप्रेस | चौरीचौरा-गोरखपुर**

भारतीय जनता पार्टी बांसगांव लोकसभा 67 क्षेत्र अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र चौरी चौरा में केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर चुनाव प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री विधनसभा प्रभारी डॉक्टर विभ्राट कौशिक व विधानसभा संयोजक ओमप्रकाश धर दिवेदी रहे। डाक्टर कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव में हम सभी कार्यकर्ताओं को चौरी चौरा से एक बार फिर सर्वाधिक मतों से कमल खिलाकर बांसगांव से सांसद प्रत्याशी कमलेश पासवान को भारी मतों से चुनाव जीतना है ताकि अबकी बार 400 पार का जो नारा हमारे पार्टी नेतृत्व करें दिया है उसे सत प्रतिसत सही सिद्ध करना है। उसके लिए हम सभी को अपने दायित्व के प्रति बहुत बखूबी से निर्वहन करना होगा एवं बूथ बूथ जाकर लोगों को भारतीय जनता पार्टी एवम मोदी योगी जी के विकास कार्यों के प्रति घर घर जाकर जागरूक करना होगा ताकि चौथी बार बांसगांव लोकसभा क्षेत्र से कमल खिलाकर भाजपा प्रत्याशी को दिल्ली के संसद भवन में पहुंचाया जाए एवं मोदी के विकास कार्यों के प्रति उनके हाथों को और भी मजबूत किया जाए। पूर्व प्रमुख व सांसद प्रतिनिधि सुनील पासवान, ब्लाक प्रमुख सुमन यादव, प्रमुख प्रतिनिधि मानवेंद्र यादव,प्रमुख प्रतिनिधि हरेंद्र यादव, जिला पंचायत सदस्य रामप्रीत यादव, भाजपा नेता राकेश तिवारी, अवधनारायण जायसवाल, संदीप विश्वकर्मा, संदीप मिश्रा, अजीत तिवारी, चन्दन मिश्रा, विनोद शर्मा, योगेन्द्र जायसवाल, सुग्रीव तिवारी, राजन पाण्डेय, अनिल जायसवाल, धर्मेंद्र जायसवाल, आदित्य मिश्रा, गणेश वर्मा, सुलोचना शर्मा, मंटू यादव सहित तमाम कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

# देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानों की हुई चेकिंग

**जन एक्सप्रेस | कालपी**

वित्तीय वर्ष के अंतिम महीने मार्च व होली के पर्व को दृष्टिगत रखते हुए उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल के नेतृत्व में पुलिस व आबकारी विभाग के अधिकारियों के द्वारा आधा दर्जन से अधिक देशी, अंग्रेजी शराब की दुकानों में अभियान चलाया गया। टीम के द्वारा दुकानों की चेकिंग कर लाइसेंस धारकों व संचालकों को प्रभावी निर्देश दिए गए।
उप जिलाधिकारी के साथ क्षेत्राधिकारी डॉक्टर देवेंद्र कुमार पचौरी, कोतवाली क्राइम इंस्पेक्टर मोहम्मद अशरफ, आबकारी अधिकारी मुकेश प्रताप सिंह की संयुक्त टीम में शामिल पुलिस कर्मियों तथा आबकारी कर्मचारियों ने कालपी नगर के मोहल्ला बाईपास, सब्जी मंडी, टरनंनगंज टॉकीज रोड, खोवा मंडी के अलावा जोल्हूपुर मोड़ आदि स्थानों में स्थित देसी तथा अंग्रेजी शराब की दुकानों में चेकिंग अभियान चलाया। दुकानों में शराब के स्टॉक का निरीक्षण तथा गणना करके रजिस्टर तथा अभिलेखों से मिलान किया।
इस दौरान बोतलों तथा पैकेटों की सील की चैकिंग तथा टेस्ट किया गया। संयुक्त टीम में शामिल एसडीएम ने दुकानों तथा परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए सख्त निर्देश दिए। वहीं आबकारी अधिकारी मुकेश प्रताप सिंह ने लाइसेंस धारकों को हिदायत दी कि लाइसेंस की शर्तो तथा विभागीय नियमों के तहत शराब का वितरण करें।

# सीएम योगी ने 679 करोड़ की लागत की 673 परियोजना का किया लोकार्पण व शिलान्यास


**✽ नये व विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने का किया जा रहा है कार्य: सीएम**




**जन एक्सप्रेस | देवरिया**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को देवरिया के चीनी मिल ग्राउंड में आयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह के अन्तर्गत 679 करोड़ की 673 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास बटन दबाकर किया। साथ ही विभिन्न योजना यथा प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना, स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण योजना के तहत स्मार्ट फोन एवं टेबलेट, ओडीओपी एवं आयुष्मान आदि योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया एवं विभिन्न विभागो की लगायी गयी प्रदर्शनी व स्टालो का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज देवरिया जनपद के विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास देवरहा बाबा के पावन धरती पर किया जा रहा है। देवरिया मेरे लिये नया नही है। यहां 30 वर्षो से लगातार आ रहा हूं। यहां हमलोग जिस आवश्यकताओं /समस्याओं आदि के मुद्दे को लेकर संघर्ष कर रहे थे, उसे प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में धरातल पर उतारने का कार्य किया गया। मेडिकल कालेज का निर्माण किया गया। न्यायालय से मामले के निस्तारण होने के तुरन्त बाद ही सुगर कॉम्प्लेक्स का भी शिलान्यास किया जायेगा, जिसमें चीनी मिल, डिस्टिलरी, इथेनॉल, इलेक्ट्रिसिटी आदि उस कॉम्प्लेक्स में सम्मिलित रहेगा। इसके लिये धनराशि भी सुरक्षित रखी गयी है। कुशीनगर में कृषि विश्वविद्यालय का शिलान्यास होने जा रहा है। देवरिया में भी एक कृषि कालेज बनाया जायेगा। देवरिया अब पिछड़ा नही रहेगा।कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने भी उपलब्धियों को गिनाया।
ग्राम्य विकास राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, सदर सांसद डा रमापति राम त्रिपाठी, सांसद सलेमपुर रविन्दर कुशवाहा, सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, रामपुर कारखाना विधायक सुरेन्द्र चौरसिया, भाटपाररानी विधायक सभाकुँवर, एमएलसी रतनपाल सिंह आदि ने भी सभा को सम्बोधित किया एवं अब तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। परिवहन राज्यमंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह, जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह एवं अन्य अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर मुख्यमंत्री जी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष पं0 गिरीश चन्द्र तिवारी, रुद्रपुर विधायक जय प्रकाश निषाद, बरहज विधायक दीपक मिश्रा, किसान मोर्चा के कामेश्वर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, देवरिया नपा अध्यक्ष अलका सिंह, गौरा बरहज नपा अध्यक्ष श्वेता जायसवाल, जितेन्द्र प्रताप राव, पूर्व विधायक डा. सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, नित्यानंद पाण्डेय सहित भारी संख्या में प्रबुद्वजन व जन समूह उपस्थित रहे।

# एसडीएम व सीओ ने किया शराब व बीयर की दुकानों का निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस | उरई/जालौन**

होली के पर्व को देखते हुए एसडीएम अतुल कुमार व सीओ रामसिंह ने नगर में स्थित शराब व बीयर की दुकानों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। एसडीएम अतुल कुमार व सीओ रामसिंह ने नगर में देवनगर चौराहे के पास स्थित देशी शराब की दुकान, अंग्रेजी शराब की दुकान और बीयर की दुकान का निरीक्षण किया। निरीक्षण में दुकानों पर सफाई व्यवस्था दुरूस्त न मिलने पर फटकार लगाई और सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। स्टॉक के मिलान में स्टॉक रजिस्टर के अनुसार दुकानों पर माल का मिलान ठीक मिला। उन्होंने दुकान के संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नाबालिगों को कतई शराब न बेची जाए। दुकानों पर निर्धारित मूल्य से अधिक दामों पर शराब या बीयर न बेची जाए। जो निर्धारित मूल्य है उसी दर पर शराब की बिक्री की जाए। दुकान पर किसी भी व्यक्ति को शराब न पिलाई जाए। दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे चालू रखें, लाइट जलाकर रखें ताकि सीसीटीवी कैमरे में छवि मिलती रहे। यदि कोई व्यक्ति उत्पात करता है अथवा कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस दें। कहा कि निर्देश का पालन न करने अथवा शिकायत मिलने कार्रवाई होना निश्चित है।

# छात्र-छात्राओं ने मनाई मॉ सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि

**जन एक्सप्रेस | चरखारी/महोबा**

डॉ.भीमराव अम्बेडकर पाठशाला एवं लाइब्रेरी खंदिया में मां सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि मनाई गयी। पाठशाला के समस्त छात्र छात्राओं ने मां सावित्री बाई फुले जी के चित्र पर,पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी कोटि कोटि नमन किया। इस मौके पर संचालक इन्द्र कुमार कुशवाहा एबीवीपी पूर्व प्रांत कार्यकारिणी सदस्य ने बताया कि देश की प्रथम महिला शिक्षिका जिन्होंने महिलाओं की शिक्षा और सशक्तीकरण के लिए जीवनपर्यंत प्रतिबद्ध रहने वाली महान समाज सेविका सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया और कहा कि सामाजिक चेतना हेतु उनका संघर्ष हमें निरंतर प्रेरित करता रहेगा। मां सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को हुआ था और मां सावित्रीबाई आज ही के दिन 10 मार्च सन 1897 को पंचतत्व में विलीन हो गई थी। मां सावित्रीबाई फुले के पिता का नाम खंदोजी नैवेसे और माता का नाम लक्ष्मीबाई था।
सावित्रीबाई फुले का विवाह 1841 में 9 वर्ष की उम्र में ज्योतिराव फुले से विवाह हो गया था। सावित्रीबाई फुले भारत की पहले बालिका विद्यालय की पहली प्रिंसिपल और पहले किसान स्कूल की संस्थापक थीं। हरिचरन ने बताया कि सावित्रीबाई ने अपने जीवन को एक मिशन की तरह से जिया जिसका उद्देश्य था।

# दुकानदारों का ध्यान भटकाकर चोरी करने वाली दो शातिर महिलाएं गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | उरई**

एट में दुकानदार का ध्यान भटकाकर दुकानों से सामान चोरी करने वाले गिरोह की दो महिलाओं को दुकान से सामान चोरी करते गिरफ्तार किया गया है। कस्बा एट स्थित बर्तन की दुकान में रविवार को दुकानदार का ध्यान भटका कर दुकान से सामान चोरी करते हुये दो महिलाओं को रंगे हाथों लोगों के सहयोग से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा उनकी तलाशी करायी गयी तो उनके पास से चोरी के 9 कटोरे, 7 कटोरी, 2 बड़े चमचा व 11 थाली और 1 शंकर जी की छोटी पीपल की मूर्ति बरामद हुई। पूछंताछ में पकड़ी गयी महिलाओं ने अपना नाम रीना पत्नी जगमोहन निवासी ग्राम कलमड़ा थाना व जनपद बांरा



राजस्थान दूसरी न अपना नाम इन्दुडीवाई पत्नी विलेन्द्र निवासी ग्राम कुजेड़ा थाना अटरू जनपद बांरा राजस्थान बताया। पुलिस ने दोनों महिलाओं के खिलाफ सम्बन्धित कारवाई कर उनका चालान कर दिया।

### लेनदेन को लेकर सेल्समैन व ग्राहक के बीच हुआ झगड़ा

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** पेट्रोल पंप पर रुपयों के लेन देन को लेकर सेल्समेन व ग्राहक के बीच झगड़ा हुआ। जिसमें सेल्समेन ने ग्राहक के साथ गाली, गलौज व मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उरगांव निवासी रमाकांत ने पुलिस को बताया कि वह गूढ़ा न्यामतपुर के पास स्थित एक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल लेने के लिए गया था। पेट्रोल भरवाने के बाद जब उसने सेल्समेन अभिषेक को रुपये दिए तो वह रुपयों को बदलने की बात कहने लगा।

# फाल्गुन अमावस्या पर लगाई गोरखगिरि पर्वत की परिक्रमा

**जन एक्सप्रेस | महोबा**

फाल्गुन अमावस्या पर भक्तों ने आज सुबह गुरू गोरखनाथ की तपोभूमि गोरखगिरि पर्वत की परिक्रमा लगाई एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रस्तावित गुरू गोरखनाथ की 51 फिट ऊंची मूर्ति, रोपवे व कांच के पुल का निर्माण जल्दी शुरू कराने की मांग की। साथ ही शिवतांडव महादेव से सबके बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की। परिक्रमा की समाप्ति के बाद बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने कहा कि गोरखगिरि पर्वत के ऊपर रोपवे निर्माण के लिए मुख्यमंत्री महोबा आकर दो बार कह चुके हैं। पूर्व जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह के कार्यकाल में पर्वत के ऊपर गुरू गोरखनाथ की 51 फिट ऊंची कांसे की मूर्ति व 30 मीटर लंबे कांच के पुल (ग्लास ब्रिज) का प्रस्ताव भी पास हुआ लेकिन प्रशासनिक सुस्ती की वजह से योजना आगे नहीं बढ़ पायी। उन्होंने बताया कि गोरखगिरि परिक्रमा शिवतांडव मंदिर से सुबह 6 बजे शुरू हुई और महावीरन, पठवा के बाल हनुमान, केदारेश्वर महादेव, कबीर आश्रम, सकरे सन्या, काली माता, खो खो माता, छोटी चंडिका, शनिदेव, नागौरिया, बालाजी हनुमान, सुनरा सुनरिया, काल भैरव होते हुए एक घंटे बाद वापस शिवतांडव में समाप्त हुई। परिक्रमा में जीआईसी के पूर्व प्रधानाचार्य प्रेमचंद अनुरागी, भुजबल, राम नारायण, अवधेश गुप्ता, प्रेम, प्रवीन चैरसिया, उपेन्द्र सुल्लेरे, गया प्रसाद, सिद्धे, राम किशन सेन, विवेक तिवारी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने मातहतों की बैठक ले दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**जन एक्सप्रेस | महोबा**

अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन अवस्थित सभागार, महोबा में पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन, ऑपरेशन त्रिनेत्र के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस के समस्त क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों, अभियोजन अधिकारी न्यायालय व कोर्ट मुहर्रिर, पैरोकारों सहित सम्बन्धित शाखा प्रभारियों के साथ गोष्ठी आयोजित कर किये गये कार्यों की समीक्षा करते हुये सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।
इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा ने निर्देशित किया कि उ0प्र0 शासन की अपराधियों पर जीरों टॉलरेन्स की नीति के अन्तर्गत महिला सम्बन्धी अपराध एवं पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अपराधों को चिन्हित करते हुये प्रचलित मुकदमों में प्रभावी पैरवी कर सजा कराने और न्यायिक कार्यों को समयबद्ध एवं विधि अनुसार सम्पन्न कराने सम्बन्धित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।
इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद के प्रत्येक थाना क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले मतदान केन्द्रों पर नियुक्त आईसीपीसी कर्मियों के साथ गोष्ठी कर निर्वाचन से सम्बन्धित 20 बिन्दु का रजिस्टर, आई0सी0 पी0सी0 रजिस्टर का अवलोकन कर दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश।

# पुलिस ने पकड़ी असलहा फैक्ट्री, सीओ ने किया मामले का खुलासा

**✽ डकोर पुलिस ने भांडा फोड़ कर तमचे व तमचे बनाने के उपकरण किए बरामद**

**जन एक्सप्रेस | उरई**



डकोर कोतवाली पुलिस ने अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ करने में बड़ी सफलता हासिल की है। जिसमे पुलिस ने तमंचे कारतूस के अलावा तमंचे बनाने के उपकरण बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। मामले का खुलासा क्षेत्राधिकार ने किया। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पिछले कुछ दिनों से जनपद की पुलिस अवैध असलहों व अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाने में लगी हुई है। जिसके चलते डकोर पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर रविवार दोपहर को क्षेत्र के ग्राम जैसारी खुर्द में दबिश डाल दी। जहां पर खेत में बनी झोपड़ी में संचालित हो रही अवैध असलहा फैक्ट्री की घेराबंदी कर दी और मौके से अवैध असलहा बनाने वाला अभियुक्त नंदकिशोर निवासी ग्राम जैसारी खुर्द को दबोच लिया। जबकि पुलिस ने मौके से पांच तमंचे, कारतूस के अलावा असलहे बनाने के उपकरण बरामद किए। मामले का खुलासा करते हुए सीओ सिटी गिरजाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि अवैध असलहा बनाते हुए पकड़ा गया अभियुक्त पहले भी असलहा फैक्ट्री चलाते हुए पकड़ा जा चुका है, और वह जेल भी जा चुका है। पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध आधा दर्जन मुकदमे दर्ज है। इन अवैध असलहों को तैयार कर वह ग्रामीण क्षेत्रों में बेचा करता है। फिलहाल आरोपी के विरुद्ध सम्बन्धित कारवाई कर चालान किया जा रहा है।

# पशुओं से भरा खराब ट्रक छोड़ भागे तस्कर

**जन एक्सप्रेस | लार देवरिया**

लार में ट्रक पर सवार पशुओं को नीचे उतारा जा रहा था। इसी बीच पुलिस के आने की सूचना मिल गई। तस्कर पशुओं से भरी गाड़ी छोड़कर मौके से भाग निकले। तस्करी कर रामजानकी मार्ग के रास्ते पशुओं को बंगाल ले जा रहे तस्करों की ट्रक रविवार की सुबह छह बजे लार के सुकठ मोड़ पर अचानक खराब हो गई। इसके बाद तस्कर ट्रक छोड़ फरार हो गए। ट्रक के अंदर ग्रामीणों ने देखा तो क्रूरता पूर्वक गोवंश लदे थे। इसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ट्रक को ट्रैक्टर से टोचन कर थाने लेकर पहुंची। जहां पशुओं को उतारा जा रहा है। पुलिस के मुताबिक 20 से अधिक पशु हो सकते हैं। इसके अलावा पुलिस ट्रक के नंबर से तस्करों को ट्रेस करने में जुट गई है। उधर ग्रामीण पुलिस पर गोवंश तस्करी कराने का आरोप लगा रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक कपिल देव चौधरी ने बताया कि गोवंश लदे ट्रक को कब्जे में लेकर पशुओ को उतरवाया जा रहा है। पशु कितने हैं इसके बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

# प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी एवं विकासपरक तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस | महोबा**

सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा मुख्यालय स्थित डाक बंगला मैदान में लगायी गयी प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं पर आधारित तीन दिवसीय 10 से 12 मार्च 2024 विकास प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा अवधेश गुप्ता ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा अवधेश गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह ने प्रदर्शनी में योजनाओं से सम्बन्धित लगाये गये किटों, स्लाइड्स का अवलोकन करते हुये उपस्थित लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने एवं उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। जिलाध्यक्ष भाजपा अवधेश गुप्ता ने इस तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी का शुभारम्भ करते हुए कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार अपनी योजनाओं, नीतियों, कार्यक्रमों के माध्यम से विकास के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी विकास की मुख्य धारा में लाने का कार्य कर रही है। कहा कि सरकार गरीब किसान मजदूर मां बहन बेटियों के हितों में कार्य कर रही है तथा सभी वर्गों का समान रूप से उत्थान कर रही है। कहा कि सरकार की विकासपरक नीतियों, उपलब्धियों में कोई भी क्षेत्र छूटा नहीं है इसमें सभी कुछ समाहित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर आम जनमानस जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएंगे। इस प्रदर्शनी में केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार तथा लोगों को इन योजनाओं का लाभ लेने हेतु जागरूक किया जा रहा है।

# मुआवजे की मांग को लेकर किसानों के ट्रेन रोकने के प्रदर्शन को पुलिस ने किया नाकाम

**जन एक्सप्रेस | महोबा**


जनपद में प्राकृतिक आपदा से बर्बाद हुए किसानों ने फसलों के मुआवजा को लेकर आज प्रदर्शन किया। बुंदेलखंड किसान यूनियन इस दौरान रेल रोकने की भरपूर कोशिश करता रहा लेकिन पुलिस की कड़ी सुरक्षा के चलते किसान ट्रेन रोकने में सफल नहीं हो सके। इसके बाद किसान रेलवे ट्रैक की पटरी पर बैठकर प्रदर्शन करते रहे। किसानों ने सीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपते हुए ओलावृष्टि से तहस-नहस हुई फसलों के जल्द मुआवजा दिए जाने की मांग की है।
आपको बता दें कि दैवीय आपदा से बर्बाद हुई किसानों की फसलों का अभी तक राहत राशि न मिलने से



किसानों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। जिसको लेकर रविवार को बुंदेलखंड किसान यूनियन ने रेल रोकने की भरपूर कोशिश की, लेकिन पुलिस की कड़ी सुरक्षा के चलते किसान रेल रोकने में सफल नहीं हो सके। ओलावृष्टि व बेमौसम बारिश के कारण किसानों की फसलें बर्बाद हो चुकी थी, जिसको लेकर किसानों में बेचैनी बढ़ी हुई है और अभी तक प्रशासन द्वारा राहत न मिलने से उनका गुस्सा बढ़ता जा रहा है। यही कारण है कि बुन्देलखण्ड किसान यूनियन ने रेलवे स्टेशन कुलपहाड़ पहुंच कर रेल रोकने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की सख्ती से सभी किसान सतारी रेलवे फाटक नंबर 409/सी पर पहुंच कर पटरी पर बैठ गए। सूचना मिलते ही सीओ, एसडीएम, आरपीएफ दरोगा मय पुलिस फोर्स ने रेल रोकने का सपना विफल कर दिया, जबकि सभी किसान धरना पर बैठ गए। एसडीएम अनुराग प्रसाद का कहना है कि सर्वे कराकर किसानों को राहत पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। यही नहीं बुन्देलखण्ड किसान यूनियन ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को देते हुए क्षेत्र के किसानों को ओलावृष्टि से नष्ट हुई 90 प्रतिशत फसलों का बीमा भुगतान कराए जाने की गुहार लगाई है। बुन्देलखण्ड किसान यूनियन द्वारा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को सम्बोधित उपजिलाधिकारी अनुराग प्रसाद को ज्ञापन देते हुए कहा है कि बुन्देलखण्ड के जनपद महोबा का किसान पिछले कई वर्षों से दैवीय आपदा ओलावृष्टि अतिवृष्टि के कारण परेशान हैं, पिछले दिनों बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि के कारण किसानों की 90 प्रतिशत फसलें बर्बाद हो गई हैं।

# भाजपा ने विकसित भारत निर्माण का संकल्प पूरा किया: सांसद लल्लू सिंह

जन एक्सप्रेस। पूरा बाजार-अयोध्या




ग्राम भगवाभीट में प्राइमरी स्कूल में नवनिर्मित बाउंड्री वॉल एवं ओपन जिम का लोकार्पण तथा लाभार्थी नाजरीन पत्नी शाहनवाज को प्रधानमंत्री आवास की चाभी भी सौंपा।

इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि भाजपा ने विकसित भारत निर्माण का जो संकल्प लिया था उसे पूरा कर दिखाया उन्होंने किसानों एवं महिलाओं के हित में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह योजनाएं फली भूत भी हो रही हैं।

सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि किसानों के हित में सिंचाई पंप की विद्युत बिल माफ कर प्रदेश सरकार ने किसानों के साथ किए गए वादे को पूरा किया है उन्होंने इसे मोदी की गारंटी की गारंटी बताया उन्होंने कहा की गैस सिलेंडर का दाम रू.100 कम करके सरकार ने महिलाओं के किचन को लाभ पहुंचाया है उन्होंने कहा कि हम सबके आराध्य भगवान राम का भव्य मंदिर अयोध्या में बनकर तैयार हो रहा है मंदिर में दर्शन के साथ-साथ हमें उनके जीवन चरित्र को धारण कर समाज का कल्याण करना होगा। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह व्यापारी नेता मनोज जायसवाल ओम प्रकाश यादव बालक राम यादव रामगोपाल माझी शारदा यादव विजय प्रताप सिंह नीरज सिंह अजय सिंह रमेश सिंह ने डॉ श्रीनाथ कनौजिया ने भी अपने विचार व्यक्त किया कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीण व महिलाएं तथा क्षेत्रीय गणमान्य लोग मौजूद थे कार्यक्रम के संयोजक बालक राम यादव ने कार्यक्रम की सफलता के लिए अतिथियों व क्षेत्रीय गणमान्य लोगों तथा ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस/अम्बेडकर नगर।** जनपद के सम्मनपुर थाना क्षेत्र में दुष्कर्म एवं पाक्सो एक्ट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सम्मनपुर पुलिस ने हसुवाडोल कोतवाली क्षेत्र के उदयराज पूरवा गांव जनपद बलरामपुर के अजय पुत्र रामदयाल के विरुद्ध नाबालिक लड़की के अपहरण का मुकदमा दर्ज किया था। मामले में आरोपित लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने लड़की को बरामद कर कोर्ट में बयान कराया बयान में नाबालिक लड़की ने दुष्कर्म की बात कही। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर सम्मनपुर पुलिस ने दुष्कर्म एवं पाक्सो एक्ट के मामले में फरार चल रहे आरोपित अजय को रविवार सुबह सुल्तानपुर तुलसीपुर के पास स्थित पुलिया से गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सिंह ने कहा कि आरोपित अजय को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

# विद्यालय में वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर




जनपद बलरामपुर के विकासखंड सदर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विशुनापुर स्थित करुणा मेमोरियल इंटर कॉलेज में शनिवार की शाम वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मौजूद अतिथियों व अभिभावकों का मन मोह लिया।

जानकारी के अनुसार 9 मार्च की शाम करुणा मेमोरियल इण्टर कालेज विशुनापुर में वार्षिक उत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक शिव मोहन तिवारी और प्रधानाचार्य वीपी तिवारी ने बैच और स्मृति चिन्ह से अतिथियों को सम्मानित किया। विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमो में स्वागत गीत तथा सरस्वती वंदना से सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई। बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इसके साथ ही बच्चों ने एकांकी नाटक, कवि सम्मेलन, प्रहसन एवं भावपूर्ण नृत्य के माध्यम से सामाजिक जागरूकता लाने का प्रयास किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम मे अथर्व तिवारी, हर्षिता, गुड़िया, मायरा, नव्या, अलका, हर्षित मौर्य, अंकित कसौधन, आंचल, ममता रिक्की ने अपनी प्रस्तुति दिखाई जो बहुत ही शानदार रहा।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य तथा सभी अध्यापक तथा अध्यापिकाएं साधना शर्मा, फातिमा शेख, सुधा शुक्ला, नेहा, सुमन, सुशीला, रेनू श्रीवास्तव, तृषा टंडन, आराधना, रामू श्रीवास्तव व टी एन तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार शुक्ल तथा स्नेहल तिवारी ने किया। कार्यक्रम समन्वय श्रीकांत त्रिपाठी द्वारा किया गया।

विद्यालय के प्रबंधक ने सभी प्रोग्राम को देखकर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए और हमारे विद्यालय के लिए एक गौरवमयी पल है जिसके कारण हमारा विद्यालय प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

# दंगा नियंत्रण के लिए रिजर्व पुलिस लाइन में कराया गया ड्रिल व शस्त्र अभ्यास

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के रिजर्व पुलिस लाइन में रविवार को पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन में अराजकतत्वों से निपटने हेतु बलवा सनी पत्नी के लिए ड्रिल कराया गया तथा किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए शस्त्र अभ्यास कराया गया।

जानकारी के अनुसार 10 मार्च को पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी नम्रिता श्रीवास्तव व अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में जनपद के पुलिस बल को शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा विषम परिस्थितियों में अराजकतत्वों से निपटने के लिए शस्त्र प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होने विभिन्न प्रकार के शस्त्रों एवं दँगा नियंत्रक उपकरण, फर्स्ट एड बॉक्स व अन्य आवश्यक उपकरणों का निरीक्षण कर टोलीवार शस्त्र अभ्यास कराया। प्रशिक्षण में रिजर्व पुलिस लाइन के पुलिस बल के अलावा जनपद के थाना प्रभारियो ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर बृजनन्दन राय, क्षेत्राधिकारी उतरौला प्रमोद कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी ललिया ज्योती श्री, प्रतिसार निरीक्षक रि0पु0ला0 बिहारी सिंह यादव एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## रालोद कार्यकर्ताओं की बैठक कल

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं की बैठक 12 मार्च को प्रेस क्लब (निकट रोडवेज) अयोध्या में राष्ट्रीय लोकदल जिलाध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य बलराम यादव की अध्यक्षता आयोजित की गई है बैठक में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव व विशिष्ट अतिथि अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी देते हुए राष्ट्रीय लोकदल के जिला महासचिव संगठन रामशंकर वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोकदल एनडीए गठबंधन में शामिल होने के बाद रालोद कार्यकर्ताओं की पहली बैठक होने जा रही है जिसमें लोकसभा चुनाव पर विचार विमर्श किया जाएगा। राष्ट्रीय लोकदल के सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों को 11:00 बजे प्रेस क्लब पहुंचने के लिए कहा गया है।

# जनपद को मिलेगी एयरपोर्ट की सौगात, श्रावस्ती एयरपोर्ट का जनपद में किया जाएगा विस्तार, जल्द शुरू होगी बैनामा प्रक्रिया

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



डीएम ने विस्तार के लिए चिन्हित जमीनों का किया निरीक्षण, अधिग्रहण किए जाने वाले मकानों एवं पेड़ो का मूल्यांकन का लिए जाने का दिया निर्देश जल्द ही जनपद बलरामपुर को भी हवाई सेवा की सौगात मिलने वाली है।

पड़ोसी जनपद श्रावस्ती में बने एयरपोर्ट का विस्तार जनपद में किया जाएगा, जिसके लिए जमीन चिन्हित कर ली गई है। जल्द ही इन जमीनों और विस्तार क्षेत्र में पड़ने वाले मकानो की अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी। चिन्हित जमीनों का निरीक्षण करने के लिए जनपद के जिलाधिकारी अरविंद सिंह पहुंचे और उन्होंने जरूरी दिशा निर्देश दिए।

बताते चलें कि जनपद में श्रावस्ती एयरपोर्ट के विस्तार हेतु राजस्व ग्राम बगाही व उसी का पूर्व एलहवा में 40.5 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण 1070 खातेदारों से किया जाएगा। श्रावस्ती एयरपोर्ट का विस्तार जनपद में किए जाने हेतु भूमि अधिग्रहण को अंतिम रूप दिए जाने का डीएम द्वारा नियमित समीक्षा की जा रही है। इसी के क्रम में डीएम ने चिन्हित भूमि का निरीक्षण किया।

उन्होंने राजस्व ग्राम का नक्शा देखा एवं भूमि अधिग्रहित किए जाने को विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने भूमि अधिग्रहण में आने वाले सभी मकानों एवं पेड़ो का मूल्यांकन करते हुए खातेदारों से बैनामा कराए जाने की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ किए जाने का निर्देश दिया। पीडब्ल्यूडी के सड़क का भी मूल्यांकन का लिए जाने एवं सड़क के लिए जगह भी चिन्हित कर लिए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर एसपी केशव कुमार, एसडीएम सदर राजेंद्र बहादुर व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# कपड़ा व्यवसायी से लूट के आरोपी मुठभेड़ में हुए गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर



जनपद के अलीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते शुक्रवार की रात्रि में एक कपड़ा व्यवसाई से कुछ पल्सर बाइक सवार बदमाशो ने गन प्वाइंट पर बैग लूट कर सरे आम लूट की घटना को अंजाम दिया था अलीगंज पुलिस के लिए उक्त लूट की घटना चुनौती पूर्ण बनी थी।

इस घटना का खुलासा करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने चार टीमें लगाई गई थी। सीसीटीवी कैमरे के सहारे त्वरित ही घटना के संबंध में अहम सुराग हासिल कर लिया गया था। और पुलिस की पूरी टीम लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए लग गई थी उक्त मामले में पुलिस उपाधीक्षक शुभम कुमार के साथ जिले की सर्विलांस टीम ने लुटेरों की खोज तेज कर दिया था और अंततोगत्वा रविवार की प्रातः ही तीन लुटेरों को गिरफ़्तार किया गया उनकी निशानदेही पर पुलिस टीम को मुखबिर की सूचना के आधार पर बताए गय स्थान कलवारी पुल पर पहुंची ही थी की लुटेरों ने पुलिस टीम पर अंधाधुध फायरिंग झोंक दी इसी क्रम में पुलिस भी अपनी आत्म सुरक्षा के लिए जवाबी फायरिंग करना शुरु कर दी जिससे लुटेरों को पैर में गोली मार कर गिरफ्तार करने में सफलता मिली मुठभेड़ में घायल बदमाशो को उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज में पुलिस की अभिरक्षा में भेजा गया है।

और घटना का सफल खुलासा पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुंभ द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया गया। वहीं पुलिस अधीक्षक ने बताया कि लूट की घटना का मास्टर माइंड अजय यादव ऊर्फ गुड्डू सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## मानक विहीन सड़क निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध

**जन एक्सप्रेस/मवई-अयोध्या।** मवई ब्लाक के अशरफ नगर से हुबल्लीपुर माइनर पटरी पर लगभग एक किलोमीटर मार्ग का डामरीकरण निर्माण कार्य हो रहा है। जिसे लेकर निर्माण कार्य में गुणवत्ताविहीन करने का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने शनिवार को विरोध जताकर निर्माण कार्य रुकवा दिया है।

ग्रामीण शांति रमन यादव, नमन यादव, परशुराम, तुलसीराम गौतम, पुग्गी लाल गौतम आदि लोगों ने बताया कि मानक के अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा है, पुरानी सड़क पर मौजूद गड्ढों को बिना गिट्टी की पटाई के ही सड़क बनाई जा रही है। वहीं सड़क के किनारे तालाब में बही सड़क को न पाटकर माइनर के किनारे घटिया पटाई कर निर्माण कार्य कराया जा रहा था।जिसे संबंधित जेई व ठेकेदार को अवगत कराते हुए निर्माण कार्य को रोकवा दिया गया है। इस संबंध में लोकनिर्माण अवर अभियंता लालमणि पटेल ने बताया कि तालाब की पटरी बनाने में अभी दिक्कत आ रही तालाब का पानी सूखने के बाद जेसीबी मशीन द्वारा पटरी बना दी जाएगी।

# आजादी के सात दशक के बाद भी महिलाओं को नहीं मिल रहा उनका वास्तविक अधिकार: रुबी सोनी

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रामनगरी स्थित सिद्ध पीठ राम भक्तमाल मंदिर में विश्व संयुक्त नारी शक्ति सेना द्वारा नारी सम्मान सुरक्षा नारी शक्ति की पहचान हेतु लगभग 500 महिलाओं के बीच महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता नारी शक्ति सेना की अध्यक्षता गुड़िया त्रिपाठी एवं मुख्य अतिथि समाजसेविका व वरिष्ठ एडवोकेट अनीता त्रिपाठी रही। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार व अयोध्या मीडिया सेंटर के प्रबंध निदेशक रूबी सोनी ने किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विजय राम भक्त माल मंदिर के बयोवृद्ध महंत विजय रामदास रहे।

कार्यक्रम के संयोजक राजा अशोक सिंह ने नारी बंदन व नारी शक्ति पर अपने विचार रखते हुए कहा कि नई अपनी शक्ति को पहचाने उनकी तमाम समस्याएं का निदान स्वयं हो जाएगा। समाज सेविका काजल पाठक ने कहा कि एक महिला दूसरी महिला की निंदा करना छोड़ देगी उसी दिन से नारी शक्ति सेवा का मकसद पूरा हो जाएगा द्य महिला दिवस पर विश्व संयुक्त नारी शक्ति सेना बैनर तले कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विजय राम भक्त माल मंदिर के महंत विजय रामदास सैकड़ो महिलाओं कई समाज में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं।

महंत विजय रामदास ने सैकड़ो महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मच का संचालन कर रही वरिष्ठ पत्रकार व अयोध्या मीडिया सेंटर की प्रबंध निदेशक रूबी सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं की स्थिति आज भी गांव समाज में बहुत दयनीय है। आज भी महिलाओं को अपने अधिकारों से वंचित रखा जाता है शिक्षा के क्षेत्र में हो या सामाजिक राजनीतिक क्षेत्र में हो सहभागिता हो तो उन्हें तमाम समस्याओं से जूझना पड़ता है। उनके घर परिवार और समाज के लोग उनके साथ असमानता का व्यवहार करते हैं।

आज तमाम ऐसी योजनाएं सरकार बनाकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण, मिशन महिला स्वावलंबन, महिला शक्ति बंधन अधिनियम चता रही है। मगर अफसोस कि महिलाओं की स्थिति में बहुत सुधार नहीं हो सका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही समाज सेविका वरिष्ठ अधिवक्ता अनीता तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पहले महिलाएं जागरूक हो आज की महिला पुरुषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चल रही है अनुच्छेद 14 में महिलाओं को यह अधिकार देता है की कानून के तहत स्त्री और पुरुष को न्याय पाने में किसी भी प्रकार की भेदभाव का शिकार नहीं होना पड़ेगा अर्थात महिला को बिना किसी लिंग भेद के भेदभाव प्राप्त होगा महिलाओं की शिक्षा और विकास पर जोर देने की आवश्यकता है समाज में महिलाओं के प्रति पहले असमानता दूर करें उनके अधिकारों से वंचित न करें कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को आश्वस्त किया गया कि यदि कोई गरीब परेशान महिला है उसकी कोई समस्या है तो हम निशुल्क कैसे देखकर न्याय दिलाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षा गुड़िया त्रिपाठी ने कहा की महिलाओं के शिक्षा व विकास पर जोर देने की आवश्यकता है महिलाओं के शिक्षित होने से उनका परिवार शिक्षित होगा विकसित राष्ट्र बनेगा गुड़िया त्रिपाठी ने आगे कहा अभी तक महिलाओं का शोषण राजनीतिक पार्टियों करती चली आ रही हैं अधिकार की बात तो करती है परंतु आगे बढ़ने नहीं दिया जाता विश्व संयुक्त नारी शक्ति सेना के बैनर तले महिला दिवस में सैकड़ो महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से काजल पाठक अर्चना तिवारी माया पांडे दुर्गा पांडे आरती लक्ष्मी पांडे गायत्री शालू वर्मा रेनू प्रीति वर्मा आरती विमला पूजा राधा व्यास सरोज कलावती आदि सैकड़ो महिलाओं उपस्थित रहे।

# नवीन सब्जी मंडी रुदौली का विधायक ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



नवीन सब्जी मंडी रुदौली का विधायक रामचंद्र यादव ने रविवार को निरीक्षण किया। उन्होंने सब्जी मंडी की टूटी सड़कों, प्रकाश व्यवस्था सही कराने के लिए निर्देश दिए। विधायक निरीक्षण के दौरान मंडी टूटी सड़कों के मरमत के बाबत मंडी सचिव से जानकारी ली। मंडी की सफाई व्यवस्था से विधायक असंतुष्ट दिखे और सुधार के लिए निर्देश दिया। सब्जी मंडी के सभी मार्गो के नवनिर्माण, मंडी में हाई मास्ट लाइट की स्थापना के लिए निदेशक मंडी समिति से वार्ता की।विधायक ने व्यापारियों मो अंसार, रामदीन, कमलेश लोधी, मो आफाक, हाजी मुबीन को मार्ग निर्माण, प्रकाश व्यवस्था में सुधार का आश्वासन दिया। इस मौके पर मंडी सचिव शत्रुघ्न, अध्यक्ष मां कामख्या धाम नगर पंचायत शीतला प्रसाद शुक्ला, सभासद निर्मल शर्मा मौजूद रहे।

# विधायक ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

जन एक्सप्रेस। मवई-अयोध्या



भारतीय जनता पार्टी के रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने रुदौली स्थित लोकनिर्माण विभाग के अतिथि गृह पर चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उसका निराकरण कराया।

इस दौरान ग्राम चौपाल में भारी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। चौपाल के दौरान विधायक द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया तथा मौके पर मौजूद समस्या संबंधित विभाग के अधिकारियों को अतिशीघ्र समस्या के निदान के लिए कहा। इस दौरान उन्होंने सरकार की उपलब्धियों व कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया। उन्होंने कहा कि आज जरूरी है कि अपने अधिकारों को जानने के साथ साथ सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी आप सभी को हो। ताकि एक जागरूक नागरिक होने के नाते यदि आप किसी योजना के पात्र नहीं है। तब भी किसी दूसरे पात्र ग्रामवासी को इस योजना से अवगत कराते हुए उस योजना से लाभान्वित कर सकते हैं। जिससे उसे भी मुख्यधारा में लाया जा सके।इस मौके पर मां कामख्या धाम नगर पंचायत चेयरमैन शीतला प्रसाद शुक्ल, भाजपा नेता निर्मल शर्मा, सत्य प्रकाश यादव, प्रवेश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

# पुलिस व रैपिड एक्शन फोर्स की टीम ने बाजार में मार्च कर शांति का भरोसा दिलाया



जन एक्सप्रेस। पूरा बाजार -अयोध्या

स्थानीय बाजार में थाना अध्यक्ष महाराजगंज अमरजीत सिंह चौकी प्रभारी पूरा बाजार आलोक कुमार सिंह ने पुलिस टीम तथा रैपिड एक्शन की फोर्स के जवानों के साथ बाजार में मार्च कर स्थानीय लोगों को शांति का भरोसा दिलाया थाना अध्यक्ष ने कहा कि आगामी चुनाव व पर्व को देखते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था कार्य करने का दायित्व स्थानीय लोगों के साथ-साथ पुलिस टीम का भी है दोनों लोग एक दूसरे के सहयोग से समाज में शांति का माहौल कायम रखेंगे थाना थाना अध्यक्ष ने धर्म गुरुओं से भी आग्रह किया कि वे समाज में शांति व्यवस्था कायम रखने में उनका सहयोग करें उन्होंने कहा समाज में शांति व्यवस्था में खलल डालने वाले को बक्सा नहीं जाएगा वे चाहे जो भी हो उन्होंने कहा कि शराब अपराध की जड़ है अतः उनके क्षेत्र में नाजायज शराब बनाने की पूर्ण रूप से पाबंदी लगा दी गई है जिससे समाज में अमन चमन बना रहे।

# जौनपुर में बड़ा हादसा : हाईवे पर कार और ट्रक की टक्कर, एक ही परिवार के सात लोगों की मौत, दो गंभीर

* घायलों का इलाज ट्रामा सेंटर वाराणसी में चल रहा है हालत गंभीर बनी हुई है



जन एक्सप्रेस | जौनपुर

जौनपुर जिले में दर्दनाक हादसा हुआ है। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गौराबादशाहपुर थाना इलाके के जौनपुर- आजमगढ़ हाईवे पर प्रसाद केराकत तिराहे के पास शनिवार की रात लगभग ढाई बजे यह हादसा हुआ। घटना में बिहार के सीतामढ़ी से प्रयागराज झूंसी लड़की देखने के लिए एक परिवार के नौ सदस्य कार में सवार होकर जा रहे थे। जैसे ही कार जौनपुर से केराकत की तरफ जाने के लिए मुड़ी तो सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। घटना के बाद मौके पर मची चीख पुकार मच गई। मौके पर आसपास के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस के मुताबिक, बिहार के सीतामढ़ी के रहने वाले गजाधर शर्मा अपने परिवार के नौ सदस्यों के साथ सेवन सीटर कार से अपने पुत्र चंदन शर्मा की शादी के लिए लड़की देखने प्रयागराज के झूसी जा रहे थे। रात लगभग ढाई बजे जब उनकी कार केराकत प्रसाद तिराहे पर पहुंची तभी जौनपुर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार लगभग 10 मीटर तक घिसटती चली गई। सूचना पर पुलिस पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने छह को देखते ही मृत घोषित कर दिया। इसके कुछ घंटों बाद एक और की मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल दो लोगों का उपचार किया जा रहा है। घटना के बाद ट्रक चालक और खलासी मौके पर ट्रक छोड़कर फरार हो गए। पुलिस क्षतिग्रस्त कार और ट्रक को क्रेन और जेसीबी से निकलवाने में जुटी रही।

### घटना में मृतकों के नाम

- अनीश शर्मा (35) पुत्र गजाधर शर्मा
- गजाधर शर्मा (60) पुत्र लक्ष्मण शर्मा
- जवाहर शर्मा (57) पुत्र राम प्रताप
- गौतम शर्मा (17) पुत्र जवाहर शर्मा
- सोनम (34) पत्नी बजरंग शर्मा
- रिंकू (32) पत्नी पवन शर्मा
- युग शर्मा (7) पुत्र बजरंग

सभी निवासी स्टेशन रोड रीगा थाना रीगा, जिला सीतामढ़ी बिहार के। घायलों में कार चालक जीतू शर्मा (25) पुत्र अवधेश शर्मा, मीना देवी (50) पत्नी गजाधर निवासी ग्राम स्टेशन रोड रीगा, थाना रीगा जिला सीतामढ़ी बिहार के हैं।

# नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में सड़क निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहीत करने पर किसानों ने किया विरोध प्रदर्शन

* मुआवजा की धनराशि बढ़ाने और भूमि को श्रेणी एक दर्ज करने की मांग
* भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा सुरक्षा के लिहाज से हाईवे का निर्माण होना है जरूरी



### प्रभावित किसानों ने सहमति पत्र देने से किया इंकार

भारत नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भारतीय क्षेत्र में बनने वाली हाईवे सड़क के लिए सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज गांव के लगभग 213 किसानों की भूमि अधिग्रहित की जा रही है। जिसकी प्रशासन ने राजस्व विभाग के द्वारा सूची भी बनवा ली है ।इस सूची के आधार पर राजस्व लेखपाल के द्वारा प्रभावित किसानों से भूमि अधिग्रहित के संबंध में सहमति पत्र भरवाया जा रहा है। प्रभावित किसानों ने सहमति पत्र भरने से इनकार करते हुए उनकी मांग पूरी करने की मांग की है।

जन एक्सप्रेस | पीलीभीत

**हजारा (पूरनपुर)।** भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर भारतीय क्षेत्र में सुरक्षा एवं सुगमता के लिहाज से हाईवे सड़क का निर्माण कार्य विगत कई वर्षों से चल रहा है। मगर अभी निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। इसी क्रम में पीलीभीत जनपद के थाना हजारा के अंतर्गत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के गांव सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज के सैकड़ो किसानों की कृषि भूमि प्रशासन द्वारा अधिग्रहित करने की कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन के द्वारा जिन किसानों की भूमि अधिग्रहित की जा रही है। उसके बदले में उन्हें सरकार की ओर से मुआवजा भी देने की बात कही गई है। प्रभावित किसानों ने सरकार के द्वारा तय की गई मुआवजा धनराशि बहुत कम होना बताकर और जितनी भूमि अधिग्रहित की जा रही है केवल उसे भूमि को ही श्रेणी एक में कर रहे हैं। इस बात को लेकर प्रभावित किसानों ने प्रशासन से पूरे गाटे की भूमि को श्रेणी एक में करने की मांग करते हुए मुआवजा की राशि बढ़ाने की मांग किया है। सिंघाड़ा उर्फ टाटर गंज गांव के प्रभावित किसानों ने पूर्व में भी जिलाधिकारी को पत्र देकर अपनी मांग रखी थी। मगर कोई सुनवाई नहीं होने पर ग्रामीणों के अंदर रोष व्याप्त हो रहा है। साथ ही ग्रामीणों ने बैठक करते हुए तय किया है कि प्रशासन अगर हमारी मांग नहीं मानता है तो हाईवे निर्माण के लिए अपनी भूमि नहीं देगें।शनिवार को सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज गांव निवासी प्रभावित किसानों ने बैठक कर अपना विरोध व्यक्त किया है। इस दौरान बचन सिंह, बूटा सिंह, प्रीतम सिंह, भगवान सिंह, कक्का सिंह, दर्शन सिंह, गुरमीत सिंह, रुड सिंह, भजन सिंह, जसवंत सिंह, पूरन सिंह, कश्मीर कौर, विंदो कौर सहित अन्य दर्जनों लोग शामिल रहे।

# रफ्तार का कहर : कार की टक्कर से हवा में उछल दूर जाकर गिरे तीन बच्चे, हालत गंभीर



* हादसा देख महिला हुई बेहोश, अस्पताल में कराया भर्ती

जन एक्सप्रेस | पीलीभीत

जनपद के बरखेड़ा क्षेत्र में रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने तीन बच्चों को टक्कर मार दी, जिससे तीनों हवा में उछलकर काफी दूर जाकर गिरे। हादसा देखकर वहां से गुजर रही महिला बेहोश होकर सड़क पर गिर गई। उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीसलपुर मार्ग पर पतरासिया के पास रविवार को तेज रफ्तार कार ने तीन बच्चों को रौंद दिया। टक्कर के बाद कार भी सड़क किनारे पलट गई। हादसे में तीनों बच्चे गंभीर घायल हो गए हैं, जिन्हें सीएचसी बरखेड़ा लाया गया। यहां से मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव पतरासिया निवासी रघुवीर का सात वर्षीय पुत्र रोहित, लीलाधर का आठ वर्षीय पुत्र सुधीर व छह वर्षीय सुरजीत पुत्र हरपाल रविवार की सुबह करीब 10 बजे खेत की ओर जा रहे थे। पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने बच्चों को रौंद दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों बच्चे उछलकर काफी दूर जा गिरे। कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसे के ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। चालक मौके से भाग गया। घायल बच्चों को इलाज के लिए मेडिकल भेजा गया है।

### एक अन्य हादसे में युवक की मौत, दो घायल

टनकपुर हाईवे पर उत्तराखंड के पॉलीगंज के पास रविवार तड़के अज्ञात वाहन से टकराकर बाइक सवार न्यूरिया थाने के गांव बिथरा निवासी गंगा चरण पुत्र प्रियांशु (23) की मौत हो गई। हादसे में गांव के ही निवासी रामेश (38) व राकेश (28) गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। युवक की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

# जिले में 46.75 करोड की लागत से बनी 12 सड़कों का किया गया लोकार्पण



* प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुवल कार्यक्रम के तहत सड़कों का किया लोकर्पण
* प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत विभिन्न क्षेत्रों में सांसद वरुण गांधी की सिफारिश पर बनाई गई हैं सड़कें

जन एक्सप्रेस | पीलीभीत

सांसद वरुण गांधी के प्रयास से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जिल के विभिन्न क्षेत्रों में 12 सड़कों का निर्माण कराया गया जिसका जनता को इसका लाभ मिला। सड़कों का? निर्माण पूरा होने के बाद रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुवल लोकार्पण कर जनता को सौगात दी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 46.75 करोड़ की लागत से जिन 12 सड़कों का निर्माण किया गया उसमें अमरिया से सिरसा-तुमड़िया 6.67 किमी सड़क चार करोड़, मझोला-सितारंगज 8.50 किमी सड़क 4.43 करोड़, नवादा महेश से इटारा 7.35 किमी सड़क 4.05 करोड़, भीखमपुर से मुड़िया भगवंतपुर 13.60 किमी सड़क 6.26 करोड़ आदि शामिल हैं। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान संबंधित अधिकारियों के अलावा सांसद सचिव कमलकांत व कार्यालय प्रभारी दीपक पाण्डेय आदि भी शामिल रहे।

# नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में एसएसबी ने निशुल्क मेडिकल कैंप का किया आयोजन



### एसएसबी कमांडेंट ने लोक-सभा चुनाव को लेकर की बैठक

49वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल कमांडेंट शेर सिंह ने नगरिया कट सशस्त्र सीमा बल कैंप में लोकसभा चुनाव को लेकर एक बैठक की जिसमें लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के संबंध में ग्रामीणों के साथ वार्ता किया और भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर अवैध गतिविधियों की जानकारी सशस्त्र सीमा बल को देने की ग्रामीणों से अपील किया तो वहीं मादक पदार्थ एवं मानव तस्करी सहित अन्य तस्करी को रोकने पर भी चर्चा की है।

जन एक्सप्रेस | पीलीभीत

**हजारा(पूरनपुर)।** सशस्त्र सीमा बल की ओर से नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।पशुओं का परीक्षण करते हुए निशुल्क दवाईयों का वितरण किया। 49वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की शारदा पुरी कैंप के अंतर्गत गांव गोविंद नगर में बीसीए प्रोग्राम के तहत मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में डॉक्टर शालिनी परिहार द्वितीय कमान अधिकारी द्वारा 26 ग्रामीणों के 290 पशुओं का परीक्षण करने के उपरांत रोग से संबंधित निशुल्क दवाइयों का वितरण सशस्त्र सीमा बल के द्वारा किया गया। निशुल्क दवाई वितरण कार्यक्रम के दौरान शारदापुरी कैप के कमांडर निरीक्षक सुशील कुमार व सशस्त्र सीमा बल के अन्य कर्मी एवं दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।इसके अलावा मेडिकल कैंप में पशुओं के रखरखाव साफ सफाई आदि के बारे में भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पुलिस तथा गौ रक्षकों ने कन्टेनर पर लदा 30 पड़वा पकड़ा



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जफराबाद।** जलालपुर क्षेत्र के हौज टोलप्लाज़ा के पास शनिवार की रात को एक कन्टेनर पर लादकर ले जाये जा रहे 30 भैसा (पड़वा) को गोरक्षकों के सूचना पर पुलिस ने पकड़ लिया। विश्व हिंदू परिषद के जिला गोरक्षा प्रमुख पवन मिश्र को शनिवार की रात को सूचना मिली कि एक कन्टेनर पर कुछ पशुओं को काटने के लिए ले जाया जा रहा है। उन्होंने एसपी को सूचना देकर ऊक्त कन्टेनर को जौनपुर में रोकने का प्रयास किया। जब कन्टेनर लेकर चालक वाराणसी की तरफ भागने लगा तब उन्होंने सिरकोनी के ब्लॉक के गोरक्षा प्रमुख रतन सिंह परमार, अवधेश मौर्य, मिशेल सिंह जलालपुर पुलिस के साथ टोलप्लाज़ा के पास मौजूद रहे। पुलिस ने कन्टेनर को रोक कर उसमें देखा तो 30 पड़वा (भैसा) थे। थानाप्रभारी राजेश यादव ने बताया कि ऊक्त कन्टेनर में चालक सहित तीनों को व्यक्ति पकड़ लिए गए है। पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

### पूर्व छात्र नेता संजय सिंह को भ्रातृ शोक

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** खुटहन क्षेत्र के ताजुपुर मरहट गांव निवासी इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व महामंत्री संजय सिंह के ज्येष्ठ भ्राता इमामपुर के पूर्व ग्राम प्रधान विजय बहादुर सिंह का शनिवार की रात दस बजे वाराणसी के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान देहांत हो गया। वह 60 वर्ष के थे। वह अपने पीछे एक पुत्र व दो पुत्रियां छोड़ गए हैं। पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार रात में ही वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर किया गया। मुखाग्नि पुत्र शुभम सिंह ने दी। अंत्येष्टि के समय विनय सिंह, विनोद सिंह, विकास सिंह, पुलकित सिंह, जय प्रकाश सिंह, सुनील सिंह व उनके बहनोई अभिनव सिंह, आशुतोष सिंह आदि मौजूद रहे। मृत विजय बहादुर सिंह के घर कोहराम मचा हुआ है। संवेदना जताने के लिए नात-रिश्तेदारों का तांता लगा हुआ है।

### अभिषेक मिश्रा बने किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के धौरईल खलीलपुर के निवासी युवा किसान नेता अभिषेक मिश्रा को जौनपुर जिले का किसान कांग्रेस का नया जिला अध्यक्ष बनाया गया है। यह मनोनयन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के संस्तुति पर किया गया है। यूपी कांग्रेस कमेटी के भारतीय राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय के निर्देशन मे उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पूर्वी जोन के चेयरमैन सुयश मणि त्रिपाठी ने नियुक्ति पत्र जारी किया है। यह नियुक्ति अभिषेक मिश्रा द्वारा किसान समस्याओं को लेकर लगातार मुखर रहने के कारण किया गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के द्वारा जो भी लक्ष्य निर्धारित होंगे उसे निष्ठा और सक्रियता से निर्वहन करेंगे। इनके मनोनयन पर राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर प्रमोद मिश्रा, जिला अध्यक्ष फैसल हसन तबरेज, शहर अध्यक्ष विशाल सिंह हुकुम, किसान कांग्रेस के महामंत्री राकेश सिंह डब्बू और महेंद्र बेनबंसी, अरविन्द यादव समेत अन्य लोगों ने मिलकर बधाई दी है।

### 'बच्चों के नकारात्मक दिशा में जाने पर रोक-टोक जरूरी'

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर। शाहगंज।** सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल पट्टी नरेंद्रपुर में रविवार को कक्षा 6 से 9 तक के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ प्रधानाचार्य सी.के.सिंह ने किया। कार्यशाला में बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास और उनकी तरफ से आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करने के टिप्स बताए गए। प्रधानाचार्य ने शिक्षकों से बच्चों के उज्जवल और बेहतर भविष्य के लिए ईमानदारी,समर्पण और पुत्रवत स्नेह करते हुए किताबी ज्ञान के साथ-साथ नैतिकता के ज्ञान पर बोल दिया। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों से बच्चों में संस्कार, शिष्टाचार और सदाचार की भावनाओं के समावेश और विकास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के गलत और नकारात्मक दिशा में जाने पर रोक-टोक करते हुए उनकी गतिविधियों पर निगरानी रखें। उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित न करें।

# व्यापारी के सम्मान के लिए हम आंदोलन के लिए तैयार : लोकेश अग्रवाल

जन एक्सप्रेस | पीलीभीत

उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने कहा है कि नये लायसेंस व्यापारी सहन नहीं करेगा। एक और दोहरे कानून से व्यापारी परेशान है। इसको लेकर उद्योग व्यापारी प्रतिनिधि मंडल आंदोलन की रणनीति तैयार करेंगा। लोकेश अग्रवाल रविवार को स्थानीय सिटी पैलेस में प्रांतीय व्यापारी सम्मेलन एवं व्यापारी शिरोमणि सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व आज पूर्वान्ह स्थानीय टाईगर तिराहे पर जिला उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी, चैयरमैन अनिल महेंद्र,जिला महामंत्री पंकज अग्रवाल, संरक्षक प्रकाशवीर, जिला कोषाध्यक्ष संजय पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष युवा कपिल अग्रवाल, जिलाध्यक्ष युवा शैली अग्रवाल ने उनका स्वागत किया। यहां से रोड शो निकाला गया। यह रोड शो ईदगाह तिराहा, नौगवां चौराहा, छतरी चौराहा, स्टेशन रोड होता हुआ जेपी रोड, चौक बाजार, कमल्ले चौराहा, वेलो वाला चौराहा होते हुए वाले मियां की मजार होता हुआ सिटी पैलेस तक पहुंचा। इस रोड शो को ऐतिहासिक बनाने का प्रयास स्थानीय व्यापार मंडल ने किया था। इसके लिए एक छोर चौक बाजार में तो दूसरा छोर सुनगढी थाने पर था। ऐतिहासिक रोड शो ने साबित कर दिया कि उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने ही हमेशा व्यापारियों की लड़ाई लड़ी और व्यापारी हित की बात की यही वजह रही आज जलि के हर कोने कोने से व्यापारियों ने बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया और आज के इस जन सैलाब ने साबित कर दिया यह बात आम जनता के बीच गूंजती रही। सम्मेलन में प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा कि व्यापारी का उत्पीडन सहन नहीं किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश स्तर पर आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। व्यापारी का सम्मान और सुरक्षा हमारे व्यापार मंडल की प्राथमिकता है। हम इसके लिए सरकार से भिडने के लिए भी तैयार है। इससे पूर्व सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि प्रदेश सरकार व्यापारियों की ऋणी है। क्योंकि कोरोना जैसे वैश्विक महामारी से लडने में व्यापारियों का योगदान अहम रहा है। उन्होंने कहाकि व्यापारियों की समस्या के समाधान के लिए वे सदा व्यापारियों के साथ खडे है। विशिष्ट अतिथि उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त बलराज पासी ने कहा कि व्यापारी समाज की रीढ होते है। यह समाज को न केवल दिशा देते हैं बल्कि उनको सही मार्ग दिखलाते है। उन्होंने पीलीभीत के व्यापारियों को व्यापारियों के लिए संघर्ष करने के लिए व्यापारी शिरोमणि सम्मान मझोला के राम औतार अग्रवाल, अमृत लाल, प्रकाशवीर, अनिल महेंद्रू, पंकज अग्रवाल, ओमप्रकाश कोहली, अशोक अग्रवाल को व्यापारी शिरोमणि सम्मान से अलंकृत किया। इसके अलावा उन्होंने महिला इकाई, नगर इकाई, मोटर पार्टस इकाई, सहित विभिन्न इकाईयों को भी सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष अफरोज जीलानी ने सम्मेलन में आये सभी अतिथियों तथा व्यापारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी व्यापारियों का आभार जताया। प्रदेश अध्यक्ष युवा कपिल अग्रवाल ने भी सभी का आभार प्रकट किया इस सम्मेलन में पीलीभीत, बीसलपुर, पूरनपुर, जमुनिया, मझोला, नेपाल सीमावर्ती बाजार, जहानाबाद, ललौरीखेडा, शेरपुर कलां, बरखेडा, गजरौला सहित सभी क्षेत्रों से व्यापारी जुटे थे।



# 4.46 करोड़ से शाहगंज नगर में होगा बुनियादी सुविधाओं का विकास

* सुइथाकलां स्थित बासौली धाम व गैरवांह स्थित बाबा गंगादास कुटी की भी बदलेगी सूरत

जन एक्सप्रेस | जौनपुर



**शाहगंज।** प्रदेश सरकार द्वारा विधायक रमेश सिंह के प्रस्ताव पर वंदन तथा पं दीनदयाल उपाध्याय योजनांतर्गत धन की स्वीकृति दे दी है। नगर में चार करोड़ छियालिस लाख की लागत से बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जाएगा। विधायक रमेश सिंह के प्रस्ताव पर प्रदेश सरकार ने वंदन तथा पं दीनदयाल उपाध्याय योजनांतर्गत धन की स्वीकृति दे दी है। नगरवासियों की मांग पर विधायक श्री सिंह ने वंदन योजनांतर्गत प्रदेश सरकार को पक्का पोखरा स्थित राम जानकी मंदिर पर सुंदरीकरण तथा बुनियादी सुविधाओं के विकास के साथ ही नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत सभी मार्गो पर प्रकाश की व्यवस्था हेतु पत्र लिखा था। जिसके क्रम में शासन से प्रकाश व्यवस्था, बेंच, इंटरलॉकिंग, सीसी रोड व छादक आदि के लिए 181.48 लाख तथा पं दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजनांतर्गत जेसीज चौक से निकलने वाले चारों मार्गों क्रमशः आजमगढ़, अयोध्या, सुल्तानपुर व जौनपुर मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था हेतु एलईडी लाइट की व्यवस्था हेतु 50 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। इसी योजना में 186.95 लाख की लागत से आधा दर्जन मोहल्लों में पक्की नाली, सीसी रोड व इंटरलॉकिंग सड़कों का निर्माण भी कराया जाएगा। शाहगंज नगर के साथ ही सुइथाकलां विकासखंड में प्रसिद्ध बसौली माता धाम व गैरवांह स्थित बाबा गंगादास कुटी पर भी वंदन योजनांतर्गत एक करोड़ अड़तालिस लाख की लागत से सुंदरीकरण, बेंच, प्रकाश व्यवस्था तथा रास्तों आदि का निर्माण कराया जाएगा।

> "उपरोक्त सभी कार्यों के लिए गत वर्ष अक्टूबर माह में शासन को पत्र लिखा गया था। जिसके क्रम में शासन द्वारा धन स्वीकृत किया गया है। अभी भी क्षेत्र में दर्जनों पौराणिक महत्व के मंदिर, पर्यटन स्थल हैं जिनके विकास के लिए प्रयास किया जा रहा है।
> -रमेश सिंह
> विधायक शाहगंज

# अपनी मांगों को लेकर मुखर हुई एएनएम कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

* समान कार्य समान वेतन की किया मांग

जन एक्सप्रेस | जौनपुर



खेतासराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी पर तैनात संविदा एएनएम सहायक नर्स मिडवाईफ़ ने रविवार को पीएचसी सोंधी के निकट अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुखर हो गई। धरना प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार से अपनी मांग को पूरा करने के लिए ध्यान आकृष्ट कराया है। जानकारी के अनुसार पीएचसी सोंधी पर कार्यरत संविदा कर्मचारी एएनएम ने धरना प्रदर्शन करते हुए कहा कि सरकार समान कार्य के समान वेतन दें, संविदा से स्थाई किया जाएं एवं गृह जनपद में तैनाती दी जाएं हमको हमारा अधिकार मिलना चाहिए, सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों का अभी तक 2019 के अप्रैल माह का वेतन भुगतान न होने पर वेतन की मांग किया है। संविदा कर्मचारी एएनएम पूनम राय ने कहा कि चुनाव से पहले संविदा पर तैनात स्वास्थ्य कर्मियों की मांगों को बहाल करने के लिए आवाज़ उठाया जा रहा है। एएनएम बहने कई सालों से भर्ती होकर नियमित रूप से बेदाग और कुशल रिकार्ड के प्रबंधन को पूरी संतुष्टि के साथ सेवाएं दे रहे हैं फिर भी हमे दक्षता परीक्षा जैसे प्रतिबंधों के दायरे में लाकर हमारी कुशलता को नकारने का सरकारी फरमान बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। एएनएम यमुना मिश्रा ने कहा कि हमारा काम नियमित और स्थायी प्रकृति का है इसी लिए हम सभी सामान्य भत्तों के साथ उचित वेतनमान में वेतन की हकदार है जबतक हमारी सेवाओं को ज्वाइनिंग तिथि से नियमित व समान काम के लिए समान वेतन भुगतान नही होगा हमारा संघर्ष जारी रहेगा कोरोना जैसी महामारी में एएनएम कर्मचारियों का योगदान सराहनीय रहा अपनी जान जोखिम में डाल कर एएनएम कर्मचारियों ने लोगों की जान बचाई है जिसको भुलाया नही जा सकता। सभी संविदा कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रही हैं संविदा एएनएम ने प्रदेश सरकार को चेताया है कि यदि उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो व्यापक स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान अर्चना प्रजापति, रोली यादव, यमुना मिश्रा, शकुंतला पासवान, मनीषा गुप्ता, पुष्पा यादव, दिव्या राय, मीरा भारती, प्रतिभा सिंह आदि उपस्थित रही।

# नहर में पड़ा मिला ठेकेदार का शव, हत्या की आशंका

- एक्सप्रेस-वे निर्माण में करता था मिट्टी सप्लाई का काम
- बीते दिनों निर्माण कंपनी के लोगों से हुआ था विवाद

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**





दही थाना क्षेत्र में शारदा नहर में रविवार सुबह शव देख लोगों में हड़कंप मच गया। शव निकलवाया गया तो उसकी शिनाख्त एक्स निर्माण ठेकेदार के रूप में हुई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कुछ दिन पूर्व मृतक का एक बड़े समूह के लोगों से विवाद भी हुआ था जिसमें दही थाने में मुकदमा भी दर्ज किया गया था। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

दही थाना क्षेत्र के गौरा गांव में शारदा नहर में युवक का शव उतराता देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बाहर निकलवाया। काफी प्रयासों के बाद उसकी शिनाख्त मिलन सिंह (47) स्व. रामराज सिंह निवासी कृष्णलोक कालोनी फेज टू सरोजनी नगर लखनऊ के रूप में हुई। मृतक एक्सप्रेस वे के निर्माण में मिट्टी का ठेकेदार था। बताया जा रहा है कि मृतक का निर्माण कंपनी के लोगों से कुछ दिन पूर्व विवाद हुआ था। जिसमें तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने उसके मुकदमें में एफआर भी लगा दी थी। मृतक की कार कानपुर में बरामद हुई है। जिससे उसकी हत्या किए जाने की बात कही जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रिपोर्ट और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई करने की बात पुलिस ने कही है। सीओ सिटी सोनम सिंह ने कहा कि मृतक के शरीर पर कोई जाहिरा चोट नहीं मिली है। पोस्टमार्टम के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी कि आखिर मौत कैसे हुई।

# डंपर ने बाइक सवार को रौंदा, दाहिना पैर हुआ क्षतिग्रस्त

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

अचलगंज थाना क्षेत्र में आहूजा भट्ठे के पीएनसी के डंपर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में उसका दाहिना पांव डंपर के पहिए तले आने से धड़ से अलग हो गया। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के हालत गंभीर देख कानपुर हैलट रेफर कर दिया गया।

अचलगंज थाना क्षेत्र के भैंसई नौबस्ता निवासी अवधेश (35) पुत्र राम कुमार शुक्ला लोहचा मोड़ के पास रजाई गद्दा की दुकान चलाता था। रविवार दोपहर दुकान से वह घर जा रहा था। आहूजा भट्ठा के पास पीएनसी के डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह सड़क पर जा गिरा। इसी दौरान डंपर उसे रौंदता हुआ निकल गया। हादसे में अवधेश का दाहिना पैर डंपर के पहिए तले आने से धड़ से अलग हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को आनन फानन जिला अस्पताल पहुंचाया। इमरजेंसी वार्ड में डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के उसकी हालत गंभीर देख कानपुर रेफर कर दिया।

# गाय को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग

- विश्व हिंदू महासंघ के गौ रक्षा प्रकोष्ठ ने किया सांकेतिक भारत बंद
- जिला इकाई ने मांग का ज्ञापन राष्ट्रपति को भेजा

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**




गाय माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग में विश्व हिंदू महासंघ के गौ रक्षा प्रकोष्ठ ने रविवार को 10 मिनट के लिए सांकेतिक भारत बंद किया। जिसमें संगठन की जिला इकाई भी सामिल रही। संगठन के पदाधिकारी पैदल मार्च कर कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां इस जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया। विश्व हिंदू महासंघ के गौ रक्षा प्रकोष्ठ ने 10 मार्च रविवार को गाय को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग में सांकेतिक रूप से भारत बंद का ऐलान किया। जिले संगठन की जिला इकाई जिला अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा की अगुआई में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। तकरीबन एक दर्जन लोगों कलेक्ट्रेट पहुंच कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी की नामौजूदगी में एडीएम को सौंपा। इस ज्ञापन में कहा गया कि चारों पीठों के शंकराचार्यों की अगुआई में गोमाता राष्ट्र माता प्रतिष्ठा आंदोलन चलाया जा रहा है। जिसमें गोमाता को राष्ट्र माता घोषित कर उन्हें पशु की सूची से हटाने की मांग की गई है। तर्क दिया गया कि वेदों में भी गाय को पशु मानने का निषेध किया गया है। मांग की गई कि गो हत्या को दंडनीय अपराध माना जाए। इस संबंध में संसद में विधेयक पारित कराते हुए भारत सरकार शासनादेश जारी करें। संगठन के लोग पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एडीएम नरेंद्र सिंह को सौंपा। ज्ञापन देने वालों में आशुतोष मिश्रा, बृजेश चंद्र शुक्ला, सत्यम, अतुल, रोहित जायसवाल, नितिन, अमित श्रीवास्तव, आरुष, समीर, रमाकांत सुरेश व निकुंज आदि शामिल रहे।

# सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव**



कस्बे के बाईपास पर बीती रात दो बाइकों की भिड़ंत हो गयी। जिससे बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। एम्बुलेंस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जिसे नाजुक हालत के चलते चिकित्सक ने लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

जानकारी अनुसार नवाबगंज कस्बे के बाईपास स्थित एसबीआई बैंक के समीप शनिवार रात दो बाइकों की भिड़ंत हो गयी। हादसे में कस्बा निवासी सुमित तिवारी पुत्र दिनेश तिवारी उम्र 35 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरा बाइक सवार मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायल को नवाबगंज स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सक ने उसे नाजुक हालत के चलते लखनऊ मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। जहां पूरे दिन इलाज के दौरान उसकी हालत चिंताजनक बनी रही। लेकिन रविवार शाम चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक युवक नवाबगंज व्यापार मंडल अध्यक्ष का भतीजा है। सुमित की मौत की जानकारी के बाद कस्बे का बाजार बंद हो गया।

# सांसद साक्षी जी महाराज ने किया 25 मार्गों का लोकार्पण

**जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव**



विकास खण्ड के अजगैन ग्रामसभा में आयोजित कार्यक्रम में रविवार को सांसद साक्षी जी महाराज ने पूजा अर्चना कर अजगैन बिरसिंहपुर मार्ग का उद्घाटन किया। उपस्थित जन समूह को सम्बोधित करते हुये कहाकि रोड विकास की धूरी होती है। जब गांव की रोड अच्छी होगी तो आवागमन सुगम होने के साथ गांव का विकास हो सकेगा। भाजपा सरकार ने सबसे ज्यादा ध्यान सड़कों पर ही दिया है। जिससे की गांव का हर आदमी सुरक्षित समय से अपने घर पहुंचे। जनपद में बीते 5 साल में देश में सबसे ज्यादा 551 किलोमीटर सड़क जनपद में बनी है जो की रिकार्ड है। उन्होंने कहाकि जब से भाजपा सरकार बनी है तब से गांव से लेकर शहर तक विकास की गंगा बह रही है। किसी भी क्षेत्र का विकास तभी संभव है जब वहां की सड़के अच्छी हो इसलिए गांव तक सभी सड़को को सही कराया गया और विश्व स्तरीय सड़कें बनाई जा रही है। इसके साथ ही क्षेत्रीय विधायक बृजेश रावत, सफीपुर विधायक बम्बालाल दिवाकर, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह, जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रवि सिंह ने सरकार की योजनाओं व कामों के बारे में बताया। उन्नाव सांसद के द्वारा जिले के विकास में सहयोग देने की सराहना करने के साथ अगले चुनाव में उन्हें जिताने की अपील की। इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोंदी ने आजमगढ़ से आनलाईन सम्बोधित किया और लोकार्पण भी किया। उसके बाद सांसद ने 157 करोड़ की लागत से स्वीकृत 25 मार्गो का लोकार्पण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी उन्नाव गौरांग राठी, मुख्यविकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा, प्रधान जंसार पवन शर्मा, रिशु तिवारी, राजू मिश्रा, संजीव जैन, जेएन सिंह, मिश्रीलाल समेत काफी लोग मौजूद रहे।

# फंदे से लटका मिला युवक का शव

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र में बीती देर शाम एक युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के भड़सर नौसहरा के मजरा हीराखेड़ा निवासी राकेश (25) शनिवार सुबह बिना बताए घर से निकला था। देर शाम ग्रामीणों को उसका शव गांव के बाहर कल्याणी नदी की पुलिया के निकट शीशम के पेड़ में रस्सी के फंदे से लटका मिला। इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव उतरवा कर परिजनों से पूछताछ की है। उसकी मौत पर पत्नी फूलकुमारी रो रोकर बेहाल है। राकेश की मौत से बेटे अंश और दो माह की बेटी के सिर से पिता का साया छीन गया।

# नारामऊ के नाराज ग्रामीणों ने दी मतदान बहिष्कार की धमकी

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**




वार्ड नंबर 20 नारामऊ में एनएच 91 हाईवे का निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें एनएचएआई व कंस्ट्रक्शन कंपनी पीएनसी की घोर लापरवाही सामने आयी है, निर्माण कंपनी पीएनसी द्वारा चार से पांच गाँवों में रहने वाले ग्रामीणों के लिए निकास की सुविधा नहीं दी गई है। जिसको लेकर बीते दिन रविवार की सुबह प्रभावित ग्राम नारामऊ, होरा बांगर, होरा कछार, रतनपुर, लोधर, नानकारी व दयालबाग जिसकी आबादी लगभग 50 हजार के करीब है। गांव में रहने वाले सैकड़ो ग्रामीण रोड पर उतर आए। उनका कहना है कि यदि एन एच 91 का निर्माण कर रही पीएनसी कंपनी उनकी मांगों को पूरा नहीं करती तो वह आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। आपको बताते चलें कि नारामऊ स्थित केंद्र सरकार से सम्बद्ध कंपनी एलिमको जिससे रोजाना सैंकड़ों दिव्यांग आते जाते हैं। जिनको बहुत ज्यादा असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं रोड क्रॉस करते वक्त ये दिव्यांग गिरकर चुटहिल हो जाते हैं। आला अधिकारी व जनप्रतिनिधियों को लगता है किसी बड़े हादसे के होने का इंतजार कर रहे हैं कई बार ग्रामीण द्वारा क्षेत्रीय विधायक, परियोजना निदेशक राष्ट्रीय राजमार्ग व जिलाधिकारी कानपुर नगर को भी ज्ञापन दिया गया परन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई जान झोखिम में डालकर स्कूली बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और दिव्यांग रोड क्रॉस करते है। ग्रामीण जनो की मुख्य मांग अंडर पास की और समस्या का निदान ना होने पर ग्रामीण जनो ने आम चुनाव के सम्पूर्ण बहिष्कार का निर्णय लिया जिसमे सभी का पूर्ण समर्थन भी मिल रहा है समस्या को अभी तक ना किसी जनप्रतिनिधि और ना ही किसी आला अधिकारी ने गंभीरता से लिया है बहिष्कार के समर्थन में रविवार को एकजुट होकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया।

# टप्पेबाज महिला ने ज्वैलर्स की दुकान से हार किया पार

**जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव**



कस्बा स्थित एक सर्राफ की दुकान का वीडियो सोशल मिडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि महिला टप्पेबाज ने दुकान से दो हार पार कर दिये। जिसके बाद महिला दुकान मालिक सकते में आ गयी और अपने करीबियों को सीसीटीवी फुटेज दिखाई, जोकि सोशल मिडिया में जमकर वायरल हो रहा है। पीड़ित महिला दुकानदार ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

कस्बा स्थित एक सराफे की दुकान का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया में रविवार देर शाम को वायरल हो रहा है। जिसका समाचार पत्र पुष्टि नहीं करता है। वायरल वीडियो में एक महिला दुकान पर कुछ आभूषण देखते हुये दिखाई दे रही है। बताते है कि जिसके बाद वह बिना कुछ लिए दुकान से चली गई। महिला दुकानदार ने शक होने पर उसने उसको रोक कर फुटेज देखने का प्रयास किया लेकिन महिला टप्पेबाज मौके से फरार हो गई। जिसके बाद फुटेज देखने पर पता चला कि उक्त टप्पेबाजी की जानकारी होने पर पीड़ित महिला दुकानदार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर घटना की जानकारी दी है। पीड़ित महिला दुकानदार कोमल गुप्ता ने बताया कि एक महिला दुकान पर सोने के हार लेने के लिए आई थी। जोकि कई हार देखने के बाद बिना कुछ लिये जाने लगी तो शक के आधार पर उसे रोका और वीडियो फुटेज देखने लगे तो वह महिला दुकान से गायब हो गई। वीडियो में हार गायब करते दिखाई दे रही है जिसकी सूचना पुलिस को दी है।

सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज का संज्ञान लेकर जांच शुरू की है। इस संबंध में नवाबगंज चौकी इंचार्ज धर्मेन्द्र नाथ मिश्रा ने बताया कि घटना की सूचना पर पहुंच कर सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच की जा रही है।

# नगर पंचायत अध्यक्ष पति सहित तीन पर मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर नगर पंचायत अध्यक्ष के पति सहित तीन पर धोखाधड़ी का मुकदमा कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ है, पीड़ित कानपुर शारदा नगर निवासी प्रदीप कुमार कटियार ने न्यायालय का सहारा लेकर बैंक कर्मचारी सहित तीन पर 419,420,120 बी का मुकदमा कर्नलगंज थाना में मामला दर्ज कराया है शिवराजपुर क्षेत्र के बैरी गांव निवासी नगर पंचायत अध्यक्ष पति कैलाश नारायण कटियार व अर्चना कटियार पत्नी राहुल कटियार समेत एक बैंक ऑफ इंडिया शाखा हर्षनगर के कर्मचारी पर धोखाधड़ी का मामला न्यायालय के आदेश पर दर्ज किया गया है । 117/क्यू/128 शारदा नगर थाना काकादेव निवासी प्रदीप कटियार ने न्यायालय का सहारा लिया है उन्होंने मामला दर्ज करते हुए कहा की सन 2017 में पीड़ित भाईयो के साथ मिलकर बैंक ऑफ इंडिया शाखा में लोन तहत पीड़ित के भूमि के फर्जी तरीके से कागज लगाकर लोन उठा लिया था पुलिस से शिकायत के बाद कोई कार्यवाई नही होने पर न्यायालय का सहारा लेकर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# विधायक ने श्रद्धा शिक्षा निकेतन कॉलेज पहुंचकर वार्षिकोत्सव में भाग लिया



**जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के श्रद्धा शिक्षा निकेतन कॉलेज, गबड़हा के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे बिल्हौर विधायक मोहित सोनकर उर्फ राहुल बच्चा इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए शिव तांडवस्तोत्र गणेश वंदना आदि प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर विधायक मोहित सोनकर राहुल बच्चा एवं विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी कानपुर ग्रामीण अश्वनी कुमार उर्फ गोपाल दीक्षित के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शालिनी कनौजिया एवं विद्यालय परिवार के द्वारा आए हुए अतिथियों का प्रतीक चिन्ह एवं शाल भेंट कर स्वागत किया गया इस अवसर पर गोपाल दीक्षित जिला पंचायत सदस्य जिला पंचायत सदस्य कार्तिकेय शुक्ला, विनय त्रिपाठी, अरुण कुमार सिंह, दीपक सिंह राठौर, शिवम, रोहित, सिद्धार्थ, देवकी, शिवानी, अर्चना आदि ग्राम प्रधान एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस ने युवक को गंजा सहित गिरफ्तार कर भेजा जेल




**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर कोतवाली पुलिस ने सूचना पर एक अभियुक्त को गांजे के साथ गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्यवाही शुरू की। कन्नौज जनपद में तिर्वा थाना के अंतर्गत भवनियापुर गांव निवासी अभियुक्त नरेंद्र यादव पुत्र बालकिशन एक किलो सौ ग्राम गांजा लेकर बिल्हौर थाना क्षेत्र के देवहा मोड़ मकनपुर के पास खड़ा था तभी पुलिस ने सूचना मिलने के बाद उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया और थाने लाकर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक राजपाल सिंह उप निरीक्षक अंकुर मलिक हेड कांस्टेबल राजवीर सिंह कांस्टेबल विवेक कुमार मौजूद रहे।

# सपा के पूर्व कैबिनेट मंत्री का जगह-जगह जोरदार स्वागत



**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर विधानसभा में भाजपा छोड़ फिर साइकिल पर सवार होकर आज बिल्हौर विधानसभा के प्रथम आगमन पर पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवकुमार बेरिया का कार्यकर्ताओं ने उतरी पुरा कस्बा स्थित पूर्व जिला सचिव समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता राकेश यादव के निजी प्रतिष्ठान पर पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवकुमार बेरिया का जोरदार स्वागत किया गया जिस मौके पर निहाल खां साथ में जिला महा सचिव जितेंद्र कटियार, सैलेंद्र यादव, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव सपा जिला सचिव रजत यादव के नेतृत्व में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। स्वागत से अभिभूत पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवकुमार बेरिया ने कहा किसी भी समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। और आने वाले लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ता चुनाव को लेकर सक्रिय रहे जिस मौके पर कार्तिकेय शुक्ला जिला पंचायत सदस्य व ओम प्रकाश पाल ग्राम प्रधान, अनिल पाल, जगमोहन यादव, विपिन यादव, शाहिल खान, धीर सिंह, तनिष्क यादव, अनुज, अंकित, गुलशन, बी पी सिंह, विवेक, कमल, समेत भारी संख्या में सपा कार्यकर्ता भ्रमण स्वागत यात्रा में मौजूद रहे।

# मूक बधिरों के क्रिकेट टी-10 का हुआ शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



डेफ क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ द कानपुर द्वारा रतनलाल शर्मा स्टेडियम किदवई नगर कानपुर में रविवार 10 मार्च को टी 10 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। बताते चले द टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश के सभी जिलों से पांच टीमें आई हैं जानकर हैरानी होगी कि यह सारे खिलाड़ी बोलने और सुनने में असमर्थ हैं। कानपुर डेफ क्रिकेट एसोसिएशन का यह प्रयास इस उद्देश्य के साथ किया गया कि ऐसे खिलाड़ियों को भी एक प्लेटफार्म मिले जो किसी न किसी प्रकार से प्राकृतिक रूप से बोल सुन नहीं सकते। प्रतियोगिता का उद्घाटन संस्था के अध्यक्ष आनंद शुक्ला और वाइस चेयरमैन सुनील चतुर्वेदी द्वारा खिलाड़ियों को वस्त्र वितरण करते हुए किया गया। इस दौरान टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पहली DCAK_A टीम ने जीत दर्ज की।

फाइनल मैच में टीम सी ने जीत दर्ज की खिलाड़ियों को ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। किदवई नगर विधान सभा विधायक महेश त्रिवेदी मेयर प्रमिला पांडे, डायरेक्टर विजय यादव, अधिवक्ता राजा अजय सिंह चंदेल आमंत्रित हैं। प्रतियोगिता में डेफ क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ द कानपुर के अध्यक्ष अभिषेक तिवारी, सचिव हिमांशु कुशवाहा, कोषाध्यक्ष अंकित सिंह, ओमित अवस्थी, अधिवक्ता कार्तिक सिंह आदि उपस्थित रहे।

## घर में घुस युवक ने अकेली महिला को बदनीयती से दबोचा

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो।** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के चंद्रपुरा गांव में शनिवार शाम एक युवक ने शराब के नशे में विवाहिता के घर घुसकर बदनीयती से दबोच कर उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया गया और विरोध करने पर मारपीट की गई. शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस को दी तहरीर में महिला ने बताया कि वह शनिवार को अपने जेठ के घर पर मौजूद थी। आरोप है कि देर शाम चंद्रपुरा गांव में एक युवक शराब के नशे में घुस आया और विवाहिता को अकेला पाकर उसके साथ अश्लीलता करते हुए दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। इस दौरान विवाहिता के कपड़े भी फाड़ दिए। शोर मचाने पर पहुंचे परिजनों को आते देख वह महिला को धक्का देकर मौके से भाग निकला। घटना के बाद मामले पर पर्दा डालने के लिए आरोपित व उसके भाईयों ने परिजनों के साथ मारपीट की और धमकी देकर पुलिस से शिकायत न करने का दबाव बनाया। घटना के बाद पीड़ित ने 112 नंबर डायल कर पुलिस को मामले की सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपित को पकड़ लिया। वहीं रविवार को विवाहिता ने एसीपी को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई।

## वसूली करने के आरोप में दो कथित पत्रकार गिरफ्तार, जेल

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार ने वार्ता के दौरान पत्रकारों को बताया कि अभियुक्त उमेश भार्गव और रूपम वर्मा पर कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जा रहा है।

## आज 29 शाबान/11 मार्च को माहे रमज़ान का चांद ज़रूर देखें

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** चांद देखने का एहतमाम करना हमारा दीनी कर्त्व्य है, क्योंकि इस पर हमारी बहुत सारी दीनी इबादतों का आधार है। आम तौर पर लोग चांद देखने का एहतमाम नहीं करते और जो लोग देखते हैं वह समय रहते शहादत नहीं देते जिसकी वजह से रोयत हिलाल के ऐलान में विलम्ब होता है। इन विचारों को पूर्व क़ाज़ी ए शहर हज़रत मौलाना मुहम्मद मतीनुल हक़ उसामा क़ासमी रह0 के उत्तराधिकारी व जमीअत उलमा उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष मौलाना अमीनुल हक़ अब्दुल्लाह क़ासमी ने करते हुए कहा कि रमज़ान मुबारक का महीना आने वाला है, इसलिये तमाम मुसलमानों से बतौर खास दरख्वास्त है कि वह आज दिनांक 29 शाबान मुताबिक़ 11 मार्च बरोज़ सोमवार को रमज़ान मुबारक का चांद देखने का एहतमाम करें चांद से संबन्धित जुमला शहादत व जानकारी मर्कज़ी रूयते हिलाल कमेटी कानपुर के कार्यालय पीली मस्जिद तोपखाना बाज़ार मेस्टन रोड में मुहकमा ए शरियह दारूल क़ज़ा कानपुर के अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुर्रशीद क़ासमी, क़ाज़ी ए शहर हाफिज़ मामूर अहमद जामई और मर्कज़ी रूयते हिलाल कमेटी के अध्यक्ष मुफ्ती इक़बाल अहमद क़ासमी के अलावा उन्हें भी दें। मौलाना अमीनुल हक़ अब्दुल्लाह क़ासमी ने बताया कि मग़रिब की नमाज़ के बाद चांद होने या ना होने की तस्दीक़ का बाक़ायदा ऐलान किया जाना है।

# केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने किया 15 करोड़ से अधिक की तीन परियोजनाओं का शिलान्यास

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। देहरादून



केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने रविवार को उत्तराखंड में 15 करोड़ से अधिक की तीन परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा, सरकार अल्पसंख्यकों के कल्याण एवं उनके जीवन स्तर में सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा, विकास योजनाओं से इन वर्गों के लोगों के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षिक उत्थान के लिए काम किया जा रहा है। समाज में व्याप्त सामाजिक एवं आर्थिक असमानता को दूर कर इन्हें भी समाज के सामान्य वर्ग की बराबरी के स्तर पर लाया जा रहा है। उनके विधानसभा क्षेत्र में बौद्ध समुदाय के अनेक संस्थान हैं। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव एल फैनई, निदेशक राजेंद्र कुमार, उप सचिव हीरा सिंह बसेड़ा, जिला समाज कल्याण अधिकारी जेएस रावत, सीपीएस रावत, डॉ. जितेंद्र सिंह बुटोइया, डॉ. अनिल कुमार, मनोहर लाल, देवेंद्र कुमार, कपिल कुमार, उमेश कुमार, बंटी कुमार, डीआर रवि, रेनू सिंह, भागेश्वरी देवी, गीता देवी, शिवलाल, रमेश चंद्र, आशा राम आदि मौजूद रहे।

### इन योजनाओं का किया शिलान्यास

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने उत्तराखंड में जिन तीन परियोजनाओं का शिलान्यास किया, उसमें डीएल रोड देहरादून में 3.4819 करोड़ की लागत से बहुउद्देशीय सभागार एवं पुस्तकालय का निर्माण, 6.5679 करोड़ की लागत से लखनवाला में बहुउद्देशीय सभागार का निर्माण एवं डीएल रोड देहरादून में 5.0864 करोड़ की लागत से शैक्षिक एवं खेल सभागार का निर्माण शामिल हैं।

## रूस–यूक्रेन: पीएम मोदी की दखल के बाद टला परमाणु युद्ध का खतरा, अमेरिकी रिपोर्ट में भारत और अन्य देशों पर दावा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

रूस और यूक्रेन का संघर्ष दो साल पुराना है। फरवरी, 2022 में शुरू हुए हिंसक संघर्ष और गहराते मानवीय संकट के बीच बीते 24 महीने से अधिक समय में इस युद्ध के परमाणु संघर्ष की तरफ बढ़ने की कई रिपोर्ट्स भी सामने आईं। दोनों देशों में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षित स्वदेश वापसी या उनकी सुरक्षा के लिए खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कमान संभाली थी। अब एक अमेरिकी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पीएम मोदी और कई वैश्विक नेताओं की सक्रियता के कारण परमाणु युद्ध को टाला जा सका। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन के प्रशासन में शामिल दो शीर्ष अधिकारियों के हवाले से आई सीएनएन की रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों का टकराव रोकने के लिए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की। दावा है कि पीएम मोदी और कई अन्य वैश्विक नेताओं की सक्रियता के कारण रूसी सेना और पुतिन को समझाने में कामयाबी मिली।

## सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज खानविलकर बने लोकपाल के अध्यक्ष, राष्ट्रपति मुर्मू ने दिलाई पद की शपथ

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अजय माणिकराव खानविलकर को लोकपाल के अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। भ्रष्टाचार रोधी संस्था के प्रमुख का पद बीते करीब दो साल से खाली था। शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में हुआ। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी मौजूद थे। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, राष्ट्रपति मुर्मू ने रविवार की शाम राष्ट्रपति भवन में न्यायमूर्ति खानविलकर को लोकपाल के अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) खानविलकर को फरवरी के अंतिम सप्ताह में लोकपाल अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

# टेस्ला के हिसाब से नहीं बनाएंगे नीतियां समान अवसर देने पर फोकस: पीयूष

* मोदी सरकार एक मजबूत ईवी पारिस्थितिकी तंत्र की जरूरत को समझती है

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अमेरिकी इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी टेस्ला के हिसाब से भारत अपनी नीतियों को नहीं बनाएगा। एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि देश के कानून और शुल्क संबंधी नियम सभी इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं को आकर्षित करने के लिए तैयार किए जाएंगे। पीयूष गोयल ने कहा कि मोदी सरकार एक मजबूत ईवी पारिस्थितिकी तंत्र की जरूरत को समझती है, क्योंकि बैटरी से चलने वाले वाहनों के अधिक उपयोग से कार्बन उत्सर्जन के साथ-साथ कच्चे तेल के आयात बिल में भी कटौती होगी। उन्होंने साथ ही कहा कि इसके लिए सरकार ऐसी नीतियां नहीं बनाएगी, जो किसी एक कंपनी के लिए फायदेमंद हों, बल्कि ऐसी नीतियां तैयार की जाएंगी, जो दुनिया के सभी इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं को भारत में आने के लिए प्रोत्साहित करें।

### कई हितधारकों से बातचीत जारी है: पीयूष गोयल

साक्षात्कार में पीयूष गोयल ने कहा कि कई पहल पर काम जारी है। हितधारकों के साथ बातचीत की जा रही है। उन्होंने कहा कि यूरोप, अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया और दुनियाभर के संभावित निवेशकों के साथ भी संवाद चल रहा है। भारत में मोटर वाहनों पर उच्च शुल्क लागू है, जिसका मकसद घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना है। विदेशी कार विनिर्माताओं के लिए यह एक बड़ा मुद्दा है।

### 100 प्रतिशत सीमा शुल्क की 'भरपाई' करने में मदद मिलेगी

गौरतलब है कि टेस्ला भारत में आने से पहले एक शुरुआती शुल्क रियायत मांग रही है। जिससे उसे 40,000 अमेरिकी डॉलर से कम कीमत वाली कारों के लिए 70 प्रतिशत सीमा शुल्क और अधिक मूल्य की कारों के लिए 100 प्रतिशत सीमा शुल्क की 'भरपाई' करने में मदद मिलेगी। पीयूष गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि हम किसी एक कंपनी या उसके हितों के लिए नीति नहीं बनाते हैं। सभी अपनी मांग रखने के लिए स्वतंत्र है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि सरकार उनकी मांग के आधार पर फैसला करेगी।




चुनाव आयुक्तों के रिक्त पदों को भरने की तैयारी

## प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में 15 मार्च को हो सकती है बैठक

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली




अनुप चंद्र पांडे की सेवानिवृत्ति और अरुण गोयल के इस्तीफे से बनी रिक्तियों को भरने के लिए 15 मार्च तक दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति होने की संभावना है। चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा करने की उम्मीद से कुछ दिन पहले अरुण गोयल ने शुक्रवार सुबह इस्तीफा दे दिया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया और कानून मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर इसकी घोषणा की। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के नेतृत्व में एक खोज समिति जिसमें गृह सचिव और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के सचिव शामिल होंगे, पहले दोनों पदों के लिए पांच-पांच नामों के दो अलग-अलग पैनल तैयार करेगी। बाद में, प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली एक चयन समिति, जिसमें एक केंद्रीय मंत्री और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी शामिल होंगे, चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्ति के लिए दो व्यक्तियों का नाम तय करेगी। सूत्रों ने कहा कि चयन समिति सदस्यों की सुविधा के आधार पर 13 या 14 मार्च को बैठक कर सकती है और नियुक्तियां 15 मार्च तक होने की संभावना है। हाल ही में सीईसी और ईसी की नियुक्ति पर एक नया कानून लागू होने से पहले, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाती थी और परंपरा के मुताबिक, सबसे वरिष्ठ को सीईसी के रूप में नियुक्त किया जाता था।

## देश में 2.5 करोड़ एमएसएमई बंद हो गए: मल्लिकार्जुन खरगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



लोकसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दलों में बयानबाजी का दौरा शुरू हो गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के 10 वर्षों में देश से 2.5 करोड़ एमएसएमई बंद हो गए, जबकि यूपीए सरकार के दौरान 1.3 करोड़ एमएसएमई की बढ़ोतरी हुई थी। सोशल मीडिया पोस्ट साझा करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि क्या यह मोदी सरकार द्वारा नोटबंदी, त्रुटिपूर्ण जीएसटी और गलत सोच वाले लॉकडाउन के जरिए से अर्थव्यवस्था पर बार-बार किए गए हमलों के कारण नहीं है। पिछले 10 वर्षों में एमएसएमई में कार्यरत व्यक्तियों की कुल संख्या बदली क्यों नहीं। मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि 2013-14 (कांग्रेस-यूपीए) में 11.14 करोड़ लोगों को एमएसएमई में रोजगार मिला, जबकि 2022-23 (मोदी सरकार) में 11.1 करोड़ लोगों को रोजगार मिला। जबकि 2020 को पीएम मोदी ने एमएसएमई के लिए 20 लाख करोड़ रुपये के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की।

### 'सिर्फ कांग्रेस ही एमएसएमई के साथ न्याय कर सकती है'

मोदी सरकार पर तीखा हमला करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि मोडिनॉमिक्स के कारण एमएसएमई क्षेत्र तबाह हो गया है। सिर्फ कांग्रेस ही है जो एमएसएमई के लिए न्याय की गारंटी देगी और विकास इंजन को फिर से शुरू करेगी, साथ ही युवाओं के लिए नौकरियां और राष्ट्र के लिए राजस्व पैदा होगा। नई परिभाषा के मुताबिक, सूक्ष्म उद्यम वह है, जहां संयंत्र और मशीनरी या उपकरण में निवेश एक करोड़ रुपये से अधिक नहीं है और कारोबार पांच करोड़ रुपये से अधिक नहीं है। एक छोटा उद्यम, जहां संयंत्र और मशीनरी, या उपकरण में निवेश दस करोड़ रुपये से अधिक नहीं है और कारोबार पचास करोड़ रुपये से अधिक नहीं है; एक मध्यम उद्यम, जहां संयंत्र और मशीनरी या उपकरण में निवेश पचास करोड़ रुपये से अधिक नहीं है और कारोबार दो सौ पचास करोड़ रुपये से अधिक नहीं है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)